सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 02 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 148, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। } 10

4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य किया हासिल

सरकार ने वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4 .4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। } 10

संक्षेप

उच्चतम न्यायालय को मिले पांच नये जज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और इसी के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। यह संख्या बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है। केंद्रीय विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा सोमवार सुबह जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

सहारनपुर पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनपद सहारनपुर भ्रमण के दौरान बाबा भूरा देव मंदिर एवं मां शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने मां शाकम्भरी देवी खोल में अचानक जलप्रवाह के कारण हुई दुर्घटना के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अचानक बाढ़ आने से हुई जनहानि एवं धनहानि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दुकानदारों के आर्थिक नुकसान का आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु यथासंभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि कोई भी श्रद्धालु दर्शन से वंचित न हो। मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने मुख्यमंत्री को पीपीटी के माध्यम से घटना की विस्तृत जानकारी दी। मुआवजे के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि जनहानि होने पर संबंधित परिजनों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

कार-ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत

आगरा। जिले के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक कार एक ट्रक से जा टकराई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, कार में आठ लोग सवार थे और वे बिहार से राजस्थान जा रहे थे। उसने बताया कि मृतकों की पहचान सुनील, उसके बड़े भाई शंकर और शंकर की पत्नी प्रीति के रूप में हुई है। घायलों में कार चालक सोहेब, प्रमिला, पूजा, राजू और अयांश शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त इमरान अहमद ने कहा कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- बेटा! तुम पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो (पृष्ठ-02)
- राष्ट्रजागरण का माध्यम बनेगा रंगमंच (पृष्ठ-02)
- रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ब्रिटेन के इस्पात, कार्बन करनियमों पर भारत करेगा चर्चा (पृष्ठ-10)
- औद्योगिक उत्पादन घटकर 4.9 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)

पुलिस पर गोली चली तो एनकाउंटर तय

जीरो टालरेंस नीति के तहत जारी रहेगी हमारी कार्रवाई : राजीव कृष्णा

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति के तहत हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। अगर अपराधी पुलिस पर गोली चलाएगा तो उसका एनकाउंटर निश्चित है। जरुरी है कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षा का एहसास हो। यह बात पूर्णकालिक डीजीपी बनने के बाद राजीव कृष्ण ने कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा और पुख्ता की जाएगी। सभी थानों में शक्ति केंद्रों की स्थापना के बाद पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिल रहा है और महिलाओं के प्रति अपराधों में 33 प्रतिशत की कमी आई है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि राज्य में साइबर अपराध के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए 62 हजार पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, पिछले कुछ समय में 400.66 करोड़ रुपये की राशि फ्रीज की गई है। पुलिस अब साइबर अपराधों पर रोक के लिए एआई की मदद लेगी। डीजीपी ने भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत-ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू

❍ कपड़ा, रत्न और आभूषण क्षेत्र को मिलेगी शुल्क मुक्त पहुंच ❍ और मजबूत होंगे रिश्ते

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया। इसके तहत वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न और आभूषण समेत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को ओमान के बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा और पेशेवरों को आवागमन की बेहतर सुविधा का लाभ होगा। दूसरी ओर, भारतीय उपभोक्ताओं को ओमान से सस्ते खजूर मिलेंगे क्योंकि समझौते के तहत कोटा-आधारित शुल्क रियायतें लागू होंगी। ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिकी-ईरान युद्ध के कारण भारतीय निर्यातकों को खाड़ी देशों में माल भेजने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छह खाड़ी देश ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत ने अपनी कुल 12,556 टैरिफ लाइन में से 77.79 प्रतिशत पर शुल्क रियायतें दी हैं। यह मूल्य के हिसाब से ओमान से भारत के आयात का 94.81 प्रतिशत है। ओमान के लिए निर्यात के लिहाज से महत्वपूर्ण और भारत के लिए संवेदनशील उत्पादों के लिए, प्रस्ताव मुख्य रूप से शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) आधारित शुल्क उदारीकरण है। इसमें खजूर, मार्बल और पेट्रोरसायन उत्पाद शामिल हैं। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता मूल्य के हिसाब से भारत के ओमान को होने वाले 99.38 प्रतिशत निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है, जिसमें ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइन शामिल हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों पक्षों द्वारा ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाय को पशु बोलने वालों की बुद्धि पशु जैसी

❍ गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है ❍ दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ/ बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गाजियाबाद की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए दो-टूक कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं है। जो अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा है, वह गलती कर रहा है। कुछ मौलवी-मौलाना बयान दे रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है। माता-पुत्र के बीच कुछ भी घोषित करने की आवश्यकता नहीं। किसी पुत्र को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि मां का सम्मान करो। हम मां और गाय. दोनों के प्रति एक जैसा सम्मान का भाव रखते हैं। पशुवत तुम्हारी बुद्धि व सोच है, जो हमारी गोमाता को पशु बोलते हो। यह तुम्हारा दोगलापन है, जो गोकशी को प्रश्रय देते हो। सीएम ने कड़ी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गोमाता का चित्र लगाकर बकरीद की बधाई देने ...शेष पृष्ठ 10 पर

अहिंसा व करुणा मानवता के भूषण, किंतु खर-दूषण के सामने शस्त्र उठाना होगा

सीएम ने कहा कि हमारी संवेदना सामान्य नागरिकों के प्रति है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों से बिना मत-मजहब देखे समान रूप से सभी को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। ऐसे में देश भी अपेक्षा करता है कि उनकी संवेदना दिखाई दे, लेकिन यह गायब है। अहिंसा और करुणा मानवता के भूषण हैं, किंतु शस्त्र उठाना होगा यदि सामने खर-दूषण हैं। सीएम ने भगवान श्रीकृष्ण व श्रीराम का स्मरण कराते हुए कहा कि हम सज्जनों के लिए ही सज्जन बनें, दुर्जनों के लिए नहीं। श्रीराम का भी यही लक्ष्य था कि धरती को राक्षस विहीन कर देंगे। नागरिकों, गरीबों, बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों से लड़ना होगा।

कोई आक्रांता हमें न बताए गाय व गंगा हमारी मां हैं

सीएम योगी ने कहा कि गोमाता राष्ट्रमाता हैं। इसी तरह हमारी मां गंगा के बारे में परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। हम सब गंगा मां की आरती व पूजा करते हैं। अपने को गंगा पुत्र मानकर सम्मानित महसूस करते हैं। हमारे तीर्थ गंगा तट पर हैं, हमारे सभी संस्कार मां गंगा के तट पर संपन्न होते हैं। कोई आक्रांता हमें न बताए, हमारे संस्कार हैं कि हमने गाय व गंगा को माता माना है।

पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देगी ब्रह्मोस

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा मारने बिजनौर आया हूं। हम अपने बंधु-बांधवों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, उन्हें शरण भी देंगे और यदि भारत की सीमा में दुस्साहस करेगा तो लखनऊ में बन रही ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। सीएम ने जनसमूह को आश्वस्त किया कि वह योजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण के लिए फिर आएंगे।

मजहबी निर्ममता के विरोध में नहीं निकलती किसी की आवाज

सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में मजहबी निर्ममता के शिकार बने विस्थापितों के बारे में मौलाना व मौलवी की कभी आवाज नहीं निकली। काश, वे बोलते कि इनकी संपत्ति को वहां कट्टरपंथियों ने हड़प लिया। वक्फ के नाम पर यहां हिंदुओं की जमीनों पर कब्जा है। ये लोग इन संपत्तियों को विस्थापितों को फ्री में देने की घोषणा करते तो हम मानते कि इनकी भी कुछ संवेदना है। मुंह में कुछ और पीछे कुछ, यही दोगला चरित्र होता है।

किसी मौलाना ने हिंदुओं के कत्लेआम पर मुंह नहीं खोला

सीएम योगी ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर एक भी मौलवी-मौलाना ने कुछ नहीं कहा। बांग्लादेश में हिंदू 22 फीसदी से घटकर 7 और पाकिस्तान में 14 से घटकर महज 2 प्रतिशत रह गया। मौलाना पाकिस्तान या बांग्लादेश की सरकारों की निंदा नहीं करते। ये मौलाना जुमे की नमाज में यही घोषणा कर देते कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन है और घटिया स्तर पर काम कर रहा है। भारत के बहादुर जवान दुश्मन के ठिकाने पर जाकर उन्हें सबक सिखाने का ठीक काम कर रहे हैं। लेकिन, किसी मौलवी-मौलाना ऐसा नहीं किया।

अमेरिका ने ईरान पर शुरू की बमबारी

❍ सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना ❍ कुवैत पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमले

एजेंसी

दुबई। ईरान द्वारा सप्ताहांत में एक अमेरिकी एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद अमेरिका ने ईरानी रडार और ड्रोन नियंत्रण स्थलों पर बमबारी की। अमेरिका की सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ईरान ने जवाबी हमला करने की बात स्वीकार की। इस बीच कुवैत ने कहा कि उस पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए गए जिन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचने से रोकने के लिए उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने कार्वाई शुरू कर दी। ये हमले ईरान युद्ध में कई सप्ताह से लागू युद्धविराम की नाजुक स्थिति को दर्शाते हैं। अमेरिकी और ईरानी अधिकारी इस युद्धविराम की अवधि को बढ़ाने के लिए समझौते पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हमले लगातार जारी हैं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ बनाए हुए है जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है। कभी फारस की खाड़ी के इस संकरे मुहाने से तेल और प्राकृतिक गैस के वैश्विक कारोबार का पांचवां हिस्सा गुजरता था। इस बीच, स्थिति लगातार और चिंताजनक हो रही है। इजराइल ने लेबनान में लितानी नदी से आगे भी कब्जा कर लिया है, जबकि उग्रवादी समूह ...शेष पृष्ठ 10 पर

वाणिज्यिक एलपीजी और छोटे सिलेंडर के दाम बढ़े

नयी दिल्ली। होटल, रेस्तरां एवं ढाबों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी के अलावा पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम सोमवार को बढ़ा दिए गए, जबकि घरेलू रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया।

उद्योग सूत्रों के मुताबिक, 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 42 रुपये बढ़कर दिल्ली में 3,113.50 रुपये हो गई, जबकि पहले इसकी कीमत 3,071.50 रुपये थी। इससे पहले एक मई को वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई थी। वहीं, पांच किलोग्राम वाले छोटे गैस सिलेंडर की कीमत भी 11 रुपये बढ़कर 821.50 रुपये हो गई है। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी ने चयनित अभ्यर्थियों को बांटा नियुक्ति पत्र

सरकारी पद जनता के विश्वास व अपेक्षाओं को पूरा करने का महत्वपूर्ण अवसर : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने विभिन्न विभागों में चयनित 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में नई जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकारी पद केवल नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और अपेक्षाओं को पूरा करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यसेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में नगर एवं ग्राम नियोजन, प्राविधिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास तथा वन विभाग में चयनित युवाओं को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए युवाओं ने लंबे समय तक कठिन परिश्रम किया है और अब उन्हें अपनी प्रतिभा एवं कार्यक्षमता को समाज और राज्य के विकास में लगाना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की ऊर्जा और नवीन सोच शासन तंत्र को और अधिक प्रभावी तथा उत्तरदायी बनाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों और नकल जैसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को बिना किसी भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि बीते वर्षों में हजारों युवाओं को पारदर्शी चयन प्रक्रिया के ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

वैभव भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, उन्होंने सिर्फ 13 साल की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग में किया था पदार्पण

हालात के हिसाब से खेल को बदलना सीखा : सूर्यवंशी

एजेंसी

अहमदाबाद। वैभव सूर्यवंशी ने अपनी रिकॉर्ड बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में धूम मचा दी, लेकिन 15 साल की इस बल्लेबाजी सनसनी का कहना है कि उन्होंने मैच की परिस्थितियों के हिसाब से अपनी बल्लेबाजी का तरीका अपनाया, दबाव में शांत रहना और चोट से बचने के लिए अपनी फिटनेस पर काम करना भी सीखा है। हालांकि उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स, क्वालिफायर दो में बाद में उप विजेता बनी गुजरात टाइटन्स से हारकर फाइनल में जगह नहीं बना सकी। लेकिन इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। सूर्यवंशी ने 16 पारियों में 48.50 के औसत और 237.30 के शानदार स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक भी बनाए हैं। रविवार को यहां फाइनल के बाद अपना पुरस्कार लेते हुए 15 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, इस सत्र में मैंने सीखा कि दबाव वाले मैच में कैसे खेलना है, अपने गेम को कैसे बनाना है। उन्होंने कहा, आप हर मैच एक ही तरीके से नहीं खेल सकते। आपको गेम की स्थिति को समझाएगा और टीम की जरूरतों के हिसाब से खेलना होगा। मुझे प्लेऑफ मैचों में भी यह बहुत कुछ सीखने को मिला। सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्कों (59) के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के लगाए। उन्होंने कहा मैं बस अपने गेम पर भरोसा करने की कोशिश करता हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं इस गेंद पर शॉट लगा सकता हूं, तो मैं पूरी ताकत लगा देता हूं और उसी तरह खेलने की कोशिश करता हूं। सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने से ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाक के लिए जासूसी करने वाला आतंकी आजमगढ़ से गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। एटीएस ने आजमगढ़ से आईएसआई के लिए काम करने वाले मोहम्मद शेख को गिरफ्तार किया है। उसे पाकिस्तानी हैंडलर ने एक महिला नेता की हत्या और राजनीतिक भवनों को उड़ाने का टारगेट दिया था। उसके कब्जे से .9 एमएम की पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए है।

❍ आईएसआई के लिए कर रहा था काम एटीएस ने दबोचा

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद शेख पुत्र रेहान अहमद, निवासी खुदादापुर, आजमगढ़ के रूप में हुई है। आरोपित के पास से व .9 एमएम की एक पिस्टल, चार कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बताते हैं कि आईएसआई समर्थक पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी ने आरोपित को दूसरे राज्य की एक महिला नेता की हत्या का लक्ष्य दिया था। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय से आईएसआई ने भारत में आतंक फैलाने के लिए इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इंटरनेट मीडिया के जरिए आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी भारतीय युवाओं के साथ इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब व अन्य माध्यमों से ...शेष पृष्ठ 10 पर

बीबीडी विश्वविद्यालय व सैटर्न अलाइनर्स के मध्य एलओयू हस्ताक्षर

- शैक्षणिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के अंतर्गत बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, लखनऊ के ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा सैटर्न अलाइनर्स के साथ लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षर समारोह एवं शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक शिक्षा, क्लिनिकल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग के हस्ताक्षर समारोह की सफलता में बीबीडीयू की चांसलर चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षा, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्री कृष्ण श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. विजय प्रकाश, डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीता पसरीचा तथा सैटर्न अलाइनर्स के प्रतिनिधि जे.पी. चमोला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अकादमिक सत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ. ध्रुव यादव एवं डॉ. दिव्यरूप राय ने आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक उपचार पद्धतियों, क्लियर अलाइनर टेक्नोलॉजी तथा नवीनतम क्लिनिकल प्रगति पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यानों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को आधुनिक दंत चिकित्सा के नवीन आयामों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। अलाइनर्स पारदर्शी प्लास्टिक से बने हटाने योग्य उपकरण हैं जो दांतों को धीरे-धीरे सीधा करते हैं। ये पारंपरिक ब्रेसेस की तुलना में अधिक सौंदर्यपूर्ण, आरामदायक और साफ करने में आसान होते हैं। प्राचार्या डॉ. नीता पसरीचा के सतत मार्गदर्शन एवं संरक्षण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह सम्पूर्ण आयोजन ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शांतनु खत्री के नेतृत्व तथा विभागीय टीम के समर्पित प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की शैक्षणिक सहभागिताएँ विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास को नई दिशा प्रदान करेंगी तथा दंत चिकित्सा शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण रोगी सेवा के क्षेत्र में संस्थान की उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेंगी।

बेटा! तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो

- हापुड़ से आई बच्ची से बोले मुख्यमंत्री, कहा बच्चों को स्कूल अवश्य भेजे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।

मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी : सीएम

यह सम्मान माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन व नकलमुक्त-पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी शॉर्टकट की नहीं, बल्कि ईमानदार मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। सफलता उन्हीं को मिलती है, जो कठिन परिश्रम से पीछे नहीं हटते और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न बोर्डों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नकलमुक्त, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य समारोह में 223 छात्र-छात्राओं को जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 की सूची में अपना स्थान बनाया है, सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही जनपद स्तर पर टॉप-10 में आने वाले 1459 छात्र-छात्राओं को सभी 75 जनपदों में आयोजित समारोहों के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है। ये वास्तव में इन छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आगे बढ़ने के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य फलदायी होता है और परिणाम सुखद होता है।सीएम योगी ने कहा कि आज जिन 223 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, उनमें छात्रों की संख्या 85 और छात्राओं की संख्या 138 है। अर्थात्छात्राओं ने मेरिट में अधिक स्थान प्राप्त किए हैं। यह संख्या स्पष्ट रूप से बताती है कि छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं और बेहतर अंक प्राप्त करने की क्षमता रखती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां ज्ञान की एक समृद्ध परंपरा रही है। हमने विद्या को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा। सा विद्या या विमुक्तये अर्थात वह विद्या जो जीवन के हर क्षेत्र में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा दे और समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाए। प्राचीन काल से देखें तो श्रीराम को गुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र व महर्षि वाल्मीकि ने मयार्दा पुरुषोत्तम बनाया। उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता महर्षि अगस्त्य जैसे गुरुओं के कारण संभव हुई।

अभिभावकों पर स्मार्टफोन के लिए अनावश्यक दबाव न डालें। स्मार्टफोन का उपयोग सही दिशा में कीजिए। हमने आपको टैबलेट उपलब्ध करवाए हैं, डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़िए, अपने पाठ्यक्रम से जुड़िए, समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन कीजिए। टेलीविजन पर न्यूज देखिए, अन्य व्यर्थ कार्यक्रम न देखें। सोशल मीडिया पर न्यूनतम समय व्यतीत कीजिए, अधिक से अधिक 10-15 मिनट या आधा घंटा। इसमें फंसते गए तो पूरा समय व्यर्थ हो जाएगा और परिणाम शून्य आएगा।

उन्होंने कहा कि आपका ज्ञान, आपका प्रेजेंटेशन और आपकी व्यावहारिक समझ ही आपके चयन का आधार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास जरूरी है, लेकिन यह भ्रम कभी न पालिए कि मैं ही सही हूं, बाकी सब गलत। व्यक्ति असफल कब होता है? जब वह अति आत्मविश्वास से भर जाता है और छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज कर देता है। ये छोटी बातें बाद में बड़ी बाधाएं बन जाती हैं। इसलिए पाठ्यक्रम हो या जीवन, हर छोटी बात पर ध्यान दीजिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के हाथों से विस्थापित व भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को मिला भूमिधरी अधिकार पत्र

- सीएम ने कॉमन सर्विस सेंटर व विदुर प्रेरणा कैफे का भी किया उद्घाटन

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आवंटन पत्र, चेक, मकान की चाबी व सम्मान पत्र प्रदान किया। सीएम योगी ने कॉमन सर्विस सेंटर एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का भी उद्घाटन किया। सीएम योगी के हाथों पांच विस्थापित व पांच भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र मिला। सीएम के हाथों पाकिस्तान से विस्थापित मोहन सिंह, मुख्तियार सिंह, अमरीक सिंह, मिल्खा सिंह, लखविंदर कौर को अधिकार पत्र मिला। भूतपूर्व सैनिक अनुपम कुमार, चांदी देवी के पुत्र जयदीप, जगमोहन सिंह, जयकृत सिंह, सुरेश कुमार को भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया।

इन्हें भी मिला केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

- ■सिद्धांत त्यागी- एकीकृत बागवानी योजना- 24 लाख अनुदान राशि का चेक
- ■निर्मला देवी- स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज- 184 करोड़ का चेक
- ■ज्योति- पीएम जनमन योजना- 2 लाख रुपये अनुदान राशि व चाबी
- ■पुष्पा प्रजापति- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 5 लाख

- ■ हरीश कुमार- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 5 लाख
- ■ शहाना - मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)-चाबी
- ■ संदीप कुमार- 4 लाख रुपये का अनुदान
- ■शबनम- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि- 50 हजार का चेक
- ■सृष्टि चौहान- हाईस्कूल में जनपद में सर्वाधिक अंक पाने वाली 21 हजार, टैबलेट व मेडल
- ■ प्रवेश कुमार- नंद बाबा दुग्ध मिशन- 21.87 लाख का ऋण के स्वीकृति पत्र का चेक।

प्रदेश में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की कमी नहीं

- तेल विपणन कंपनियों का आश्वासन आपूर्ति पूरी तरह से पर्याप्त
- अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अनावश्यक रूप से घबराकर ईंधन की खरीदारी न करें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। तेल विपणन कंपनियों - इंडियनऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की ओर से आश्वस्त किया गया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर स्थिति स्थानीय और अस्थायी है, जो कि मांग-आपूर्ति के असंतुलन और बिक्री के बदलते पैटर्न के कारण पैदा हुई है। वर्तमान में चल रहे फसलों की कटाई के सीजन के कारण डीजल की मांग में मौसमी बढ़ोतरी हुई है। कुछ निजी पेट्रोल पंपों पर कीमतें अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण, ग्राहक अस्थायी रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के अनुरूप इस समय थोक और संस्थागत आपूर्ति की दरें काफी अधिक हैं। इस वजह से संस्थागत और कमर्शियल खरीदार बड़ी मात्रा में सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 1 से 31 मई की अवधि के दौरान, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में ईंधन की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें पेट्रोल की बिक्री में 0.4% और डीजल की बिक्री में लगभग 1.5 % की वृद्धि हुई है। मांग में इस निरंतर और अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बावजूद, उपभोक्ताओं की जरूरतों को लगातार और सुचारू रूप से पूरा किया जा रहा है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि आपूर्ति में देरी के ऐसे मामले प्रदेश में हमारे विशाल नेटवर्क 12,331 में से केवल बहुत कम संख्या वाले पेट्रोल पंपों तक ही सीमित हैं। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्टॉक और आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य और पर्याप्त बनी हुई है। सभी तेल विपणन कंपनियाँ उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक और सप्लाई बनाए हुए हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। अनावश्यक रूप से घबराकर ईंधन की खरीदारी न करें।

प्रताप सिंह को माध्यमिक शिक्षा और अनिल भूषण को बेसिक शिक्षा की कमान

- शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निर्धारण, शासन ने जारी किए आदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शिक्षा विभाग में सोमवार को महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निर्धारण किया गया है। शासन ने अनुभवी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए विभागीय नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल की है।

जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पद पर कार्यरत प्रताप सिंह बघेल को प्रभारी शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज/लखनऊ का दायित्व सौंपा गया है। वहीं प्रभारी निदेशक, साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पद पर कार्यरत अनिल भूषण चतुर्वेदी को प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है।

शिक्षा विभाग में हुए इस महत्वपूर्ण दायित्व निर्धारण को प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी अनुश्रवण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रताप सिंह बघेल और अनिल भूषण चतुर्वेदी दोनों ही शिक्षा प्रशासन का व्यापक अनुभव रखते हैं। ऐसे में उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, प्रभावी समन्वय तथा अनुश्रवण में मिलने की उम्मीद है।

योगी सरकार लगातार शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार, प्रशासनिक पारदर्शिता और परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल शिक्षा और विद्यालयी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के बीच यह प्रशासनिक पुनर्विन्यास शिक्षा सुधारों को और अधिक गति देने वाला माना जा रहा है। शासन का विश्वास है कि अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपने से शिक्षा विभाग की कार्यक्षमता और जवाबदेही को नई मजबूती मिलेगी।

महंगाई अब एनाकोंडा बनता जा रहा है : सुनील

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों में प्रस्तावित फ्यूल चार्ज वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महंगाई का कोबरा अब धीरे-धीरे एनाकोंडा बनता जा रहा है, जो आम जनता, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की आय को निगलता जा रहा है।

सुनील सिंह ने कहा कि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों ने किसानों की खेती की लागत में भारी वृद्धि कर दी है। इसके बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज में 10 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला परेशानी और बढ़ाने वाला है।

राष्ट्रजागरण का माध्यम बनेगा रंगमंच

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रचेतना, इतिहास और साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार एक बड़ी सांस्कृतिक पहल शुरू होने जा रही है। भारतेंदु नाट्य अकादमी ने अखंड भारत के स्वातंत्र्य वीरों, ऐतिहासिक नायकों और महान साहित्यकारों की कृतियों पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुतियों की योजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों के विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक केंद्रों पर नाटकों का मंचन किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत आनंदमठ और महाराजा सुहेलदेव को प्रमुख फ्लैगशिप प्रस्तुतियों के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके अलावा स्वातंत्र्य संग्राम और भारतीय इतिहास के वीर नायकों पर आधारित बिजली पासी, झांसी की रानी, काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 की क्रांति और शिवाजी महाराज जैसे नाटकों का मंचन होगा। वहीं साहित्य और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर रश्मिरथी, अज्ञेय, अटल बिहारी वाजपेयी, मुंशी प्रेमचंद कृत बड़े भाई साहब, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, भारतेंदु हरिश्चंद्र और वीर सावरकर पर आधारित प्रस्तुतियां भी तैयार की जाएंगी। प्रत्येक नाटक की अवधि लगभग एक घंटा पचास मिनट से दो घंटे तक की होगी।

इन प्रस्तुतियों को तैयार करने के लिए जून 2026 से चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जाएगी। सबसे पहले ऐतिहासिक स्त्रोतों और साहित्यिक कृतियों का संकलन, विशेषज्ञों से परामर्श और शोध दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। इसके बाद अनुभवी नाटककारों द्वारा स्क्रिप्ट लेखन, संवाद, गीत और दृश्य संरचना विकसित की जाएगी। जून के दूसरे पखवाड़े में कलाकारों का चयन किया जाएगा और उन्हें अभिनय, वाचन, शारीरिक अभिव्यक्ति, भावाभिनय, संगीत तथा नृत्य का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पात्रों को अधिक प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया जा सके। 25 जून से 25 जुलाई तक रिहर्सल का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिदिन 6 से 8 घंटे अभ्यास कराया जाएगा।

भाजपा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए लगा रही इलेक्शन सरचार्ज

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिजली बिल अधिभार बढ़ोत्तरी को लेकर कसा तंज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि बिजली के बिल के नाम पर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए इलेक्शन सरचार्ज लगा रही है। जून से बिजली का बिल देखकर लोगों के आंखों के आगे अंधेरा छाएगा। दरअसल बिजली के बिल में भाजपा का कमीशन बढ़ा है।

भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा कर जनता की जेब काट रही है। भाजपा सरकार में पहले से ही मंहगाई चरम पर है उसके बाद भी वह लगातार मंहगाई बढ़ाती जा रही है। मंहगाई से जनता पहले से त्रस्त हैं, भाजपा की सरकार हर दिन मंहगाई बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दे रही है। आम जनता बेबस और परेशान है। भाजपा की कथनी करनी में बहुत अंतर है। उसने मंहगाई कम करने का वादा किया था लेकिन जबसे सरकार आयी है, रोज मंहगाई बढ़ाती जा रही है। भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त है।

भाजपा, पूंजीपतियों के लिए नीतियां बनाती है। उन्हीं के लिए काम करती है। गरीबों की जेब से पैसा निकाल कर पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाती है, फिर उनसे कमीशन और चंदे लेती है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर सपा सरकार बनाएगी तभी महंगाई से निजात मिलेगी।

विद्यालय पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान का सत्यापन करायेगी योगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित परिषदीय विद्यालयों के पुस्तकालयों के लिए क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का जिलावार सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए प्रारूप पर प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि विद्यालय पुस्तकालय विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और अध्ययन संस्कृति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि विद्यालयों के लिए स्वीकृत एवं क्रय की गई पुस्तकें समयबद्ध रूप से विद्यालयों तक पहुंचे तथा उनके भुगतान संबंधी सभी अभिलेख पूर्णतः पारदर्शी और सत्यापित हों। उन्होंने कहा कि पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का सत्यापन केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शिक्षा संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने का प्रयास है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और भविष्य में निगरानी व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। इसी क्रम में पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी अभिलेखों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप हो रहा है।

सूचना विभाग ने ललिता प्रसाद भट्ट को दी सम्मानपूर्ण विदाई

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड मुख्यालय में सहायक निदेशक ललिता प्रसाद भट्ट के सेवानिवृत्त होने पर एक भावनात्मक एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकार प्रतिनिधियों ने उनके चार दशक से अधिक लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की और भावभीनी शुभकामनाओं के साथ उन्हें विदाई दी।

समारोह में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भट्ट को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक केएस चौहान, संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक रवि विजारनिया, बद्री चंद सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भट्ट ने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, अनुशासन और कार्यकुशलता की मिसाल कायम की। उन्होंने विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया तथा अपने व्यवहार और अनुभव से सहकर्मियों को सदैव प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भट्ट की कार्यशैली और सकारात्मक सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी।

संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने उनके साथ लंबे समय तक कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड दोनों राज्यों में उन्होंने भट्ट के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके अनुभवी और कर्मठ कर्मचारी होते हैं और भट्ट का योगदान विभाग के इतिहास में सदैव सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने कहा कि भट्ट ने एक जिम्मेदार, संवेदनशील और कुशल अधिकारी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने उनके स्वस्थ, सक्रिय और आनंदमय जीवन की कामना की। उप निदेशक रवि विजारनिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए भट्ट के सहयोगी स्वभाव, कार्यनिष्ठा और सौम्य व्यक्तित्व की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा टीम भावना के साथ कार्य किया और अपने व्यवहार से सभी का सम्मान अर्जित किया।

ललिता प्रसाद भट्ट ने विभागीय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूचना विभाग में बिताए गए वर्ष उनके जीवन की अमूल्य पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि विभाग में मिला सहयोग, आत्मीयता और पारिवारिक वातावरण हमेशा उनकी स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने अपने सहकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और विभाग की निरंतर प्रगति की कामना की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर लघु समाचारपत्र एसोसिएशन की ओर से भी भट्ट को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उनके सरल, विनम्र और मृदुभाषी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, महिला इकाई की प्रमुख रचना गर्ग, दीपक कुमार एवं अनुज सेमवाल उपस्थित रहे। महामंत्री बिजेंद्र यादव ने भी उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार नरेश मिनोचा ने भी भट्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मध्यम व अल्प आय वर्ग को मिलेंगे फ्लैट

एलडीए 10 से 30 लाख कीमत के बनायेगा पांच हजार फ्लैट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एलडीए शहर में मध्यम और अल्प आय वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराएगा। 10 से 30 लाख कीमत तक के करीब पांच हजार फ्लैट बनाने की योजना है। इसके लिए जगह चिन्हित हो गई है। दीपावली तक पंजीकरण भी खोले जाने के लिए तैयारी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में मध्यम और अल्प आय वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने की दिशा में पांच जगहों पर आवासीय योजनाएं लांच की जाएंगी। इनको लेकर तैयारी हो गई है। जिन जगहों पर यह लाई जाएंगी उनमें सीतापुर रोड पर शिया पीजी कॉलेज के पास, शारदा नगर विस्तार, बसंतकुंज, अनंत नगर योजना और ऐशबाग योजना शामिल है।

इनमें एलआईजी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट बनाए जाएंगे। जिनका क्षेत्रफल लगभग 50 वर्गमीटर 38 वर्गमीटर तक होगा। इनमें आवंटियों की सुविधा के लिए पैसेंजर लिफ्ट, सर्विस लिफ्ट का प्रावधान किया जाएगा। वाहनों के लिए बेसमेंट व स्टिल्ट पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा पार्क एवं ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा। इनका पंजीकरण दीपावली या उससे पहले भी खोला जा सकता है।

ऐशबाग स्क्वायर व पार्क व्यू अपार्टमेंट के फ्लैटों के लिए पंजीकरण खुले

एलडीए ने अपने ऐशबाग स्क्वायर और पार्क व्यू अपार्टमेंट के फ्लैटों के लिए पुनः पंजीकरण खोल दिया है। इसमें ऐशबाग स्क्वायर के 276 व पार्क व्यू अपार्टमेंट के 118 फ्लैट प्रस्तुत किये गये हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर 01 जून से 30 जून तक पोर्टल लाइव रहेगा। पंजीकरण सिर्फ और सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ही कराया जा सकेगा। इसके लिए फ्लैट के अनुमानित मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी। फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ऐशबाग में मिल रोड पर बनने वाले ऐशबाग स्क्वायर में 03 बीएचके प्लस सर्वेंट श्रेणी के कुल 384 फ्लैट्स होंगे।

प्रत्येक फ्लैट लगभग 1900 वर्गफिट क्षेत्रफल का होगा, जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपए से शुरू होती है। इस अपार्टमेंट के 108 फ्लैटों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जा चुका है। शेष 276 फ्लैटों के लिए पंजीकरण खोला गया है। इसी तरह बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने बनने वाले पार्क व्यू अपार्टमेंट में कुल 364 फ्लैट्स होंगे। ये फ्लैट लगभग 154 एवं 195 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे, जिसमें 3 बीएचके फ्लैट की कीमत लगभग 75 लाख रुपये एवं 3 बीएचके प्लस स्टडी श्रेणी की कीमत लगभग 95 लाख रुपए से शुरू होती है। उन्होंने बताया कि पार्क व्यू के 246 फ्लैटों का लॉटरी से आवंटन किया जा चुका। शेष 118 फ्लैटों के लिए पंजीकरण खोला गया है।

शहर में तीन जगहों पर बनेंगी पार्किंग : एलडीए वीसी ने ने बताया शहर में तीन जगहों पर वाहन पार्किंगें भी बनाने का प्रस्ताव है। इनमें एक हजार से अधिक वाहन खड़े किए जा सकेंगे। जिन जगहों पर यह बनाई जानी हैं उनमें गोमती नगर में अंबेडकर के सामने मैकेनिकल पार्किंग, पत्रकारपुरम में पार्क में तीन मंजिला भूमिगत पार्किंग और विराम खंड गोमती नगर में भूमिगत पार्किंग बनाई जाएंगी।

अगले सत्र से कॉलेज के शिक्षक करायेंगे पार्ट टाइम पीएचडी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में लुआक्टा (लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ) के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक का उद्देश्य परीक्षा सुधारों, शिक्षक हितों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के अकादमिक विकास पर ठोस निर्णय लेना था।

बैठक में कुलपति प्रो. सैनी ने कहा कि शिक्षक किसी भी संस्था की आत्मा होते हैं। उनकी तुलना किसी अन्य कर्मचारी या अधिकारी से नहीं की जा सकती। शिक्षक समाज के लिए एक विशिष्ट सेवक हैं और उनका योगदान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को परिभाषित करता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन महाविद्यालय से जुड़े शिक्षकों के सुझावों और अनुभवों को नीति निर्माण में सर्वोच्च प्राथमिकता देगा।

बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिसमें कॉपी मूल्यांकन के बाद शिक्षकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से मूल्यांकन पूरा होते ही भुगतान स्वतः सुनिश्चित होगा। अगले सत्र से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को पार्ट-टाइम पीएचडी करने की अनुमति दी जाएगी। संबद्ध महाविद्यालयों को शोध केन्द्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके मानक निर्धारण के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, जिससे महाविद्यालय शैक्षणिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

अगले सत्र से डिजिटल मूल्यांकन तंत्र लागू करने की दिशा में विश्वविद्यालय प्रयासरत है इस दिशा प्रयास जारी हैं इससे कॉपियों और शिक्षकों की भौतिक आवाजाही पर रोक लगेगी तथा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और त्वरित होगी। साथ ही विवि शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स काउंसिल का गठन करेगा। इस परिषद का उद्देश्य खेल गतिविधियों को संस्थागत रूप देना, छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और विवि स्तर पर खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना होगा।

बिजली बिल में 10% अतिरिक्त वसूली पर नियामक आयोग ने मांगा जवाब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने जून के बिजली बिलों में प्रस्तावित 10 फीसदी अतिरिक्त वसूली को गैरकानूनी बताया है। नियामक आयोग ने इस मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर जवाब मांगा है। नियामक आयोग के अंतिम फैसले तक जून माह के बिजली बिलों में 10 फीसदी अधिभार की वसूली पर रोक लगा दिया गया। इससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली है।

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बुधवार सुबह ही नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के उस आदेश पर सवाल उठाए थे, जिसमें पुराने बकाया भुगतान को भी जोड़कर 10 फीसदी अतिरिक्त वसूली करने के निर्देश दिए गए थे। उपभोक्ता परिषद का तर्क दिया कि यह व्यवस्था नियामक प्रावधानों के अनुरूप नहीं है और इससे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। याचिका पर नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जब तक इस मामले में अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक जून के बिजली बिलों में 10 फीसदी अधिभार नहीं जोड़ा जाएगा। उपभोक्ता परिषद का कहना है कि यदि पुराने भुगतान को इस गणना से बाहर रखा जाता है तो उपभोक्ताओं को जून के बिजली बिल में करीब दो फीसदी तक की अतिरिक्त राहत मिल सकती है। उपभोक्ता परिषद ने इसे उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला बताया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के जवाब और नियामक आयोग के अंतिम निर्णय के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

पूरे को मिला 5एस प्रमाण पत्र का सम्मान

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय को कार्यस्थल प्रबंधन और संगठन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 5एस प्रमाणीकरण से सम्मानित किया गया है। यह कार्यस्थलों को व्यवस्थित, स्वच्छ और कुशल बनाने की एक जापानी पद्धति है, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्षमता बढ़ाना, समय बचाना और अनुपयोगी सामग्री को कम करना है। इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा की 5एस प्रणाली अपनाने से न केवल हमारी कार्यक्षमता और स्पष्टता में सुधार हुआ है, साथ ही हमारे रेलकर्मियों के लिए एक अधिक सकारात्मक व तनाव-मुक्त कार्य वातावरण तैयार हुआ है।

उत्तर रेलवे चिकित्सालय को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली स्वीकृति

लखनऊ। उत्तर रेलवे चिकित्सालय (एनआरएचडी) ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) से सीसीए (कान्सोलिडेटेड कान्सेंट एंड आथोर्राइजेशन) प्राप्त किया है, जो 31 जुलाई, 2030 तक वैध है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता ने बताया गया कि यह स्वीकृति अस्पताल द्वारा जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी निर्धारित मानकों के सफल अनुपालन को दर्शाती है। अस्पताल में 5 केएलडी (किलो लीटर्स पर डे) क्षमता का ईटीपी (इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट) एवं 80 केएलडी क्षमता का एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) संचालित है, जिससे अस्पताल में गंदे पानी को साफ कर दोबारा उपयोग करने की व्यवस्था की गई है, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। यह उपलब्धि मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता सागर के नेतृत्व में किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है।

मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रहेगा जोर: डा. विवेक गुप्ता

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में सोमवार को नवनियुक्त निदेशक डॉ. विवेक गुप्ता का स्वागत-सम्मान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. हिमांशु चतुर्वेदी, अधीक्षक डा. पीके श्रीवास्तव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. एपी सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय पांडेय ने निदेशक डॉ. विवेक गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. गुप्ता ने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा, इसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारी ने सहयोग करें। उन्होंने टीम भावना से कार्य करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही।

डा. जीपी गुप्ता को कर्मचारियों ने किया सम्मानित

लखनऊ। सिविल अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता सोमवार को अपना कार्यभार संभालने पहुंचे तो कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर चिकित्सालय के रेडियोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अनूप वाजपेयी, मुख्य औषधि भंडार के प्रभारी जीसी दूबे एवं डीपीआरए के मंत्री अजय कश्यप ने पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

लोहिया संस्थान में किडनी कैंसर का रोबोटिक सर्जरी से सफल उपचार

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया संस्थान के मूत्र रोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग ने एक 40 वर्षीय महिला में जटिल रोबोटिक कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है। गोरखपुर निवासी पूनम गौर की बाईं किडनी में बड़ा ट्यूमर (किडनी का कैंसर) तथा ट्यूमर थ्रॉम्बस की समस्या थी। इमेजिंग में महाधमनी-वाम वृक्क शिरा की उपस्थिति पाई गई, जो एक दुर्लभ जन्मजात रक्तवाहिनी असामान्यता है। लगभग 10% गुर्दे का कैंसर के मामलों में थ्रॉम्बस पाया जाता है, इनमें से लगभग 75% मामलों में दाहिनी किडनी प्रभावित होती है, जिसका मुख्य कारण दाहिनी वृक्क शिरा का अपेक्षाकृत छोटा मार्ग होना है। मरीज की सर्जरी 5 घंटे तक चली। आपरेटिंग टीम में प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. ईश्वर राम धायल, प्रो. संजीत सिंह, एनेस्थीसिया टीम डा. पूनम, प्रो. पीके दास, डा. ब्रह्मदत्त शर्मा, डा. दिग्विजय सिंह का संयुक्त प्रयास रहा। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने बताया कि किडनी का कैंसरके साथ ट्यूमर थ्रॉम्बस का यूरोलॉजी प्रबंधन की सबसे चुनौतीपूर्ण शल्यक्रियाओं में से एक है।

युवाओं के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लॉन्च

लखनऊ। आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस ने युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान 'एक्टिव युवा' लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार यह वेलनेस-फर्स्ट हेल्थ प्लान अस्पताल में भर्ती होने के खर्चों के साथ-साथ कई अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करेगा। कंपनी के सीईओ मयंक बाथवाल ने बताया कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले ग्राहकों को प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। पात्र ग्राहक अपने वार्षिक प्रीमियम का 100 प्रतिशत तक वापस प्राप्त कर सकते हैं।

शिक्षामित्रों की बैठक आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक अति आवश्यक और महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक 2 जून राजधानी लखनऊ में सुबह 10:00 बजे से आहूत की गई है। बैठक में प्रदेश के सभी प्रांतीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री मुख्य रूप से शामिल होंगे।

जेईई एडवांस में सर्वोदय विद्यालय के 11 छात्र सफल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस व एडवांस और बोर्ड परीक्षाओं में प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से खुला आईआईटी का रास्ता : समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे. राम ने बताया कि इस वर्ष कुल 11 विद्यार्थी जेईई मेंस में सफल रहे। इनमें मड़िहान की छात्राओं दामिनी पटेल, अंवाला वर्मा, सृष्टि, शिवानी और रागनी ने जेईई मेंस में सफलता प्राप्त की, जबकि प्रीति ने जेईई एडवांस के लिए भी क्वॉलीफाई किया। साथ ही प्रीति और दामिनी आईआईटी मंडी के बीबीए व एमबीए कार्यक्रम के लिए भी शॉर्टलिस्ट हुईं। वहीं मेहरौना (देवरिया) के विकास यादव और अंकित सिंह, तीरगांव (बाराबंकी) के अभिषेक मिश्रा, जोगियाटप्पा

सीएमएस के 47 छात्र चयनित

लखनऊ। सीएमएस के सर्वाधिक 47 मेधावी छात्रों ने जेईई एडवांस में चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। घोषित हुए जेईई एडवांस परीक्षाफल में छात्र साक्ष्य वंश, आशुतोष प्रताप सिंह, भानु प्रकाश वर्मा एवं नितान्त त्रिपाठी ने 5000 के अंदर ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व कर परचम लहराया है तो वहीं दूसरी ओर 28 छात्रों ने 10,000 के अंदर ऑल इण्डिया रैंक अर्जित की है, जिनमें 16 छात्र सामान्य वर्ग के जबकि 12 छात्र आरक्षित वर्ग के हैं। कुल मिलाकर, सीएमएस के सर्वाधिक 39 छात्रों ने 25,000 के अंदर ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर देश के टॉप इंजीनियरिंग कालेजों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी और स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भी सभी सफल छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

आकाश के 50 छात्रों ने सफलता हासिल की

लखनऊ। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के लखनऊ क्षेत्र के 50 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया है। संस्थान के अनुसार, राणा शत्रुजीत ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 782 प्राप्त कर लखनऊ क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा गौरिका माही ने एआईआर 1819, शौर्य जायसवाल ने एआईआर 2550, साक्ष्य वंश ने एआईआर 2916, प्रसिद्ध जैन ने एआईआर 4054, अक्षांश पटेल ने एआईआर 4100, रुद्र विश्वकर्मा ने एआईआर 4171, ऋषभ गुप्ता ने एआईआर 4481, अंशिका अग्रहरि ने एआईआर 4874 तथा नितांत त्रिपाठी ने एआईआर 4876 हासिल की।

किसानों का एलडीए मुख्यालय पर प्रदर्शन

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित एलडीए मुख्यालय पर सोमवार को किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे। एलडीए ने कई थानों की पुलिस और पीएसी बुला ली। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी अराजनैतिक के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

किसानों ने वर्ष 1984 में अधिगृहीत जमीन का बकाया मुआवजा दिए जाने की मांग की। किसान नेताओं का कहना है कि गोमतीनगर फेज-2 के विकास के लिए उजरियांव, भरवारा, तखवा समेत कई गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन किसानों से जुड़े कई मुद्दे अब भी लंबित हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अधिग्रहित भूमि के संबंध में लंबित दावों के निस्तारण, प्रभावित परिवारों को विकसित प्लॉट उपलब्ध कराने, पूर्व में किए गए प्रस्तावों को लागू करने तथा मुआवजे से संबंधित विवादों के समाधान की मांग उठाई। इसके साथ ही बारातघर, किसान भवन, पेयजल, बिजली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई।

15 को होगा लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल का चुनाव

लखनऊ। लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल की आम सभा में आगामी चुनाव की चर्चा हुई व साथ ही घोषणा हुई, चुनाव अधिकारी मास्टर शमशेर, डॉ माथुर, वेतन सिन्हा, कुलदीप रस्तोगी ने कमान संभाली और निर्णय लिया 10 जून को वोटर लिस्ट का प्रकाशन, 13 जून को नामांकन, 14 जून नाम वापसी और 15 जून को चुनाव संपन्न होगा। अध्यक्ष, वरिष्ठ महामंत्री, महामंत्री, उपाध्यक्ष, संयुत मंत्री, संगठन मंत्री, मंत्री व प्रचार मंत्री के पदो पर होना सुनिश्चित हुआ है।

करोड़ों के ड्रम हेराफेरी मामले में जेई को नोटिस

लखनऊ। एमडी मैम, करोड़ो का केबिल ड्रम नही पहुंचा स्टोर, दोषी कौन खबर के बाद एक्शन में स्टोर के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार गुप्ता आ गये

जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा, ड्रम के लिए उपकेन्द्र के जेई को नोटिस भेजा जा रहा है। ड्रम की गिनती कराई जा रही है

मनोज कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता स्टोर

इस पर हो जांच :

- बीते पांच वर्ष में कितने ड्रम आये
- किस जेई को कितने ड्रम मिले
- ठेकेदार ने ड्रम बेचा तो इसकी जांच हो
- करोड़ो के ड्रम गायब होने पर जिम्मेदारी तय हो।

है। उन्होंने लेसा के सभी पावर हाऊस पर तैनात जेई को नोटिस देकर अपने-अपने पावर हाऊस पर ड्रम को रखने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि चिनहट स्टोर में रखने पर किराया ज्यादा पड़ रहा है। इसलिए स्टोर में ड्रम नही लाया जायेगा। जो भी ड्रम उपकेन्द्र पर रहेगा वही उसपर नम्बर डालकर गिनती कर लिया जायेगा। ऐसे में जो जहां पड़ा है वह तो रिकवरी कर लिया जायेगा लेकिन जो ड्रम नही मिलेगा उसका क्या होगा इसपर अभी भी सस्पेश बना हुआ है।

संविदाकर्मियों को दुर्घटना से बचाने के लिए सभी उपाय हो रहे हैं: एमडी

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अपने उपभोक्ताओं को अवगत कराना चाहता है कि निगम संविदा कर्मियों की घटित घातक विद्युत दुर्घटना के प्रकरण को पूरी सजगता से लेता है एवं निगम का यह भी प्रयास रहता है कि संविदा कर्मियों के साथ ऐसे प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो जिसके लिए निगम की तरफ से लाइन पर कार्य करने के लिए सेफ्टी उपकरण प्रमुखता से संविदा कर्मियों को उपलब्ध कराए गए हैं तथा इनके उपयोग की ट्रेनिंग भी कराई गयी है। यदि कोई ऐसा प्रकरण संज्ञान में आता है कि संविदा कर्मी विद्युत पोल, परिवर्तकों पर बिना सेफ्टी किट के कार्य कर रहा है तो उन्हें इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाता है एवं संबंधित अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाती है। वर्तमान में समाचार पत्रों में प्रकाशित कतिपय समाचार के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से विद्युत दुर्घटना में मृतक संविदा कर्मी रिजवान अली, प्रवेश, उदयराज, अनुराग शुक्ला, दयाशंकर एवं निजाम जिनकी मृत्यु विद्युत घात से हुई है, उस पर विभाग की ओर से वांछित कार्यवाही सम्पादित करा दी गयी है, जो कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय के पोर्टल पर दर्ज भी है।

मेधावी विद्यार्थी ही विकसित भविष्य के निर्माता : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्र एवं राज्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका सदैव यह विश्वास रहा है कि मेधावी विद्यार्थी ही विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के भविष्य के निमार्ता हैं।

इसी सोच के साथ चार वर्ष पूर्व सरोजनीनगर में मेधावी सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य केवल पुरस्कार प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रतिभा को पहचान देना, उसका उत्साहवर्धन करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से संचालित गाँव की शान, मेधावियों का सम्मान अभियान के तहत सरोजनीनगर में विगत 169 सप्ताह से निरंतर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में गाँव के दो मेधावी बालक एवं दो मेधावी बालिकाओं सहित कुल चार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल तथा 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 2,000 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज के ये मेधावी विद्यार्थी ही कल के विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निमार्ता बनेंगे।

केजीएमयू में फर्जी मरीज डकार गये करोड़ों की दवा

- दवाएं कहां बेची या खपाई गईं, इसकी पड़ताल जारी
- तीन संविदा व एक नियमित फार्मासिस्ट के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। केजीएमयू में कैंसर से लेकर किडनी तक के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महंगी दवाएं असाध्य योजना से खरीदी। फिर उन दवाओं को बाजार में खपा दिया। हालांकि दवाएं कहां बेची या खपाई गईं, इसकी पड़ताल जारी है। जांच कमेटी ने असाध्य योजना में संधेमारी कर करोड़ों की दवा घोटाला करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की है। मंगलवार को तीन संविदा व एक नियमित फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

केजीएमयू यूरोलॉजी विभाग में पिछले साल हर महीने असाध्य योजना में पंजीकृत मरीज के लिए डाक्टर की सलाह पर करीब 10 लाख रुपये की दवाएं क्रय की जाती थीं। पिछले माह करीब 45 लाख की दवा क्रय की गई। अचानक महंगी दवाओं की खपत बढ़ने पर केजीएमयू प्रशासन का माथा ठनका। अधिकारियों ने जिन मरीजों के नाम पर दवाएं मंगाई गईं। उनके इलाज संबंधी दस्तावेज जुटाने शुरू किए। दस्तावेजों की शुरूआती पड़ताल में बड़े घोटाले की आशंका हुई। फिर अफसरों ने कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद को जानकारी दी।

कुलपति ने मामले की जांच के लिए डीन पैरामेडिकल डॉ. केके सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बना दी। कमेटी में न्यूरोलाजी विभाग की उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्वेता पांडेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. दुर्गेश और वित्त नियंत्रक संतोष शर्मा भी शामिल हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार कमेटी जांच पड़ताल के बाद यूरोलॉजी विभाग के एक नियमित फार्मासिस्ट व तीन संविदा कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की है। मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

संविदा कर्मियों की मौतों पर संघर्ष समिति ने जतायी चिंता, दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण और उत्पीड़न के नाम पर संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर की जा रही छंटनी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे शेष कर्मचारियों पर कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है और संविदा कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए हटाए गए सभी संविदा कर्मियों को तत्काल पुनः कार्य पर लिया जाए तथा बिजली कर्मियों के विरुद्ध चल रही समस्त उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को समाप्त किया जाए। सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने विगत एक माह के दौरान कार्य करते हुए जान गंवाने वाले संविदा कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संघर्ष समिति ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश की बिजली व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए संविदा कर्मी दिन-रात कार्य कर रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों की भारी कमी और अत्यधिक कार्यभार के कारण उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने बताया कि निजीकरण के नाम पर की जा रही तथाकथित डाउनसाइजिंग के तहत प्रत्येक उपकेंद्र पर संविदा कर्मियों की संख्या पहले 36 से घटाकर 18.5 कर दी गई थी। इसके बाद तथाकथित वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग लागू किए जाने के पश्चात कई स्थानों पर यह संख्या घटाकर मात्र 7.5 कर दी गई है। नए टेंडरों में भी संविदा कर्मियों की संख्या में 45 प्रतिशत से अधिक की कटौती कर दी गई है। लखनऊ सहित जिन क्षेत्रों में वर्टिकल व्यवस्था लागू की गई है, वहां स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है।

संघर्ष समिति ने कहा कि कर्मचारियों की भारी कमी के कारण कुशल संविदा कर्मियों के स्थान पर अकुशल कर्मियों से कार्य कराया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। अत्यंत अल्प वेतन पर कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को बढ़ते कार्यभार और असुरक्षित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

संघर्ष समिति के अनुसार 22 अप्रैल से 28 मई, 2026 के बीच 22 संविदा कर्मियों की कार्य के दौरान मृत्यु हुई है। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत मृतक अकुशल श्रेणी के कर्मचारी थे। संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे, अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर, हाइड्रो इलेक्ट्रिक इम्प्लाइज के प्रमोद कुमार दिक्षित एवं उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन शक्ति भवन लखनऊ के प्रबंध निदेशक के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, महाप्रबंधक (औ.सं) शक्ति भवन लखनऊ द्वारा पुष्प अर्पित किया गया, किन्तु पावर कॉरपोरेशन के निर्देश (का. प्र.एवं प्रशा.) जान मैथ्यू ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने से साफ मना कर दिया जो मानवीय संवेदनाओं को शर्मसार करने वाला व्यवहार को दर्शाता है।

एकेटीयू के दो कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन	1090
पुलिस	100
	2629999
पुलिस स्टेशन गंज	2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

नदी में नहाने के दौरान घायल आर्मी जवान की अस्पताल में मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों सई नदी में नहाने के दौरान घायल हुए आर्मी मध्य कमान सिगनल रेजीमेंट ट्रेड ईएफएस के नायक की सोमवार को कमांड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई।सोमवार दोपहर बाद सेना की गाड़ी से उनका शव गांव लाया गया। जहां सैन्य सम्मान के साथ ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।बंथरा के गोड़वा गांव निवासी रविंद्र कुमार रावत (40) आर्मी में मध्य कमान सिगनल रेजीमेंट की ट्रेड ईएफएस में नायक पद पर जबलपुर में तैनात थे।बीते दिनों उनका स्थानांतरण लखनऊ कर दिया गया था।जिसके लिए वह गत दिनों अपने गांव पहुंचे और 24 मई की सुबह गांव के पास ही अपने कुछ दोस्तों के साथ सई नदी में नहाने गए थे।जहां नदी में जंप लगाने के बाद वह किसी भारी वस्तु से टकरा गए और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। जिससे वह पानी के अंदर ही बेहोश हो गए। जब वह बाहर नहीं निकले तो साथ के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला।बाद में इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।इसके बाद उन्हें कमांड अस्पताल रेफर कर दिया गया।कमांड हॉस्पिटल में वह लगातार कोमा में चल रहे थे। लेकिन सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत होगई। इसके बाद लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट सहित सेना के अन्य जवानों द्वारा सेना की गाड़ी से तिरंगे में लपेटकर उनका शव गांव पहुंचाया गया।जहां शव देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाद में घर से करीब 1 किलोमीटर दूर गांव के बाहर उनकी पारिवारिक जमीन पर सेनानायक के शव का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेनानायक के पिता जगदीश रावत, भाई महेंद्र रावत और सेना नायक के दोनों बेटों के अलावा सांसद आरके चौधरी और लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट ने पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। साथ ही सेना के जवानों ने बैंड बाजे की धुन से सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। इसके बाद शव का दाह संस्कार कर दिया गया। मृतक के परिवार में पत्नी तारावती उन्नाव के औरास में प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका है। वहीं मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अक्षांत उर्फ चीकू 5 वर्ष और छोटा बेटा मीकू 3 वर्ष है। बताया जाता है कि रविंद्र कुमार को 25 मई को लखनऊ में ड्यूटी ज्वाइन करनी थी, लेकिन उससे पहले ही 24 मई को नहाने के दौरान यह घटना हो गई।

रेलवे लाइन पर मिला वेल्डर का शव: आशियाना स्थित रेलवे लाइन पर वेल्डिंग कारीगर का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, आशियाना स्थित औरंगाबाद निवासी मुकेश कुमार (28) वेल्डिंग कारीगर थे। बहनोई निखिल ने बताया उनका साला मुकेश रविवार रात काम के बाद घर वापस लौटा उसके बाद किसी का फोन आया। वह घर से बाहर चला गया और फिर नहीं लौटा। सोमवार सुबह घर पर थोड़ी दूर पर वह पड़ा मिला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिनाख्त करते हुए घरवालों को सूचना दी। इस पर मौके पर पहुंची मुकेश की मां मुन्नी देवी ने शव की पहचान बेटे के रूप में की। बहनाई ने बताया कि उसके शरीर पर चोट के निशान थे। करीब चार पहले उसकी शादी गुड़िया से हुई थी।

संदिग्ध हालत में फंदे से लटकी मिली विवाहिता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव। इस मौत के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे मृतका के पति को गिरफ्तार कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बिजनौर निवासी स्व. राकेश राजपूत की बेटी निशु राजपूत (25) की वर्ष 2019 में सरोजनी नगर के पिपरसण्ड निवासी मजदूर पवन राजपूत उर्फ गोलू से शादी हुई थी। शुक्रवार दोपहर गोलू घर के बाहर था। कुछ देर बाद अंदर गया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खटखटाने पर जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उसने खिड़की से झांक कर देखा। जहां उसकी पत्नी निशु पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे मृत लटकी मिली थी। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने निशु के पति पवन राजपूत सहित उसके परिजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था।घटना को लेकर मृतका की मां रूपा ने मृतका के ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के साथ उसकी हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इसकी जांच एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा को सौंप गई। इसके बादए सीपी ने सरोजनी नगर पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी करने के आदेश दिए। लेकिन घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।इसी बीच सोमवार को मुखबिर से पता चला कि मृतका का पति पवन सरोजनी नगर में ही गहरु अंडरपास के पास मौजूद है।इसके बाद पहुंची पुलिस ने उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पवन ने दहेज के लालच में उसे प्रताड़ित करने की बात कबूल की। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर नीशू ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने पवन लोधी उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संदिग्ध हालत में ओवरब्रिज पर पड़ा मिला कैब राइडर, मौत

लखनऊ। मानक नगर में ओवर ब्रिज पर मरणासन्न में कैब राइडर पड़ा मिला। लोगों ने उसे रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें केजीएमयू रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मोबाइल से उनकी शिनाख्त करते हुए घरवालों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक हरदोई स्थित मल्लावां निवासी रमाकांत वर्मा (30) बाजार खाला स्थित बुलाकी अड्डा में किराए के मकान में रहकर कैब बाइक चलाते थे। भाई नीलकांत ने बताया कि उनकी बुलाकी अड्डे में रह रही ममेरी बहन को रात लगभग 11:30 बजे राहगीर ने फोन करके बताया कि एक युवक मरणासन्न हालत में आरडीएसओ पुल पर पड़ा हुआ है। वही उसके बगल में बाइक खड़ी थी। जिस पर मोबाइल लगे से उसने सूचना दी। फोन आने के बाद उसकी बहन रेनू अपने पति के साथ मौके पर पहुंची तो अपने फुफेरे भाई को रोड पर मरणासन्न हालत में पड़ा देखकर देखकर फौरन इलाज के लिए रानी लक्ष्मीबाई ले गई वहां जांच में पता चला कि रमाकांत की गर्दन की हड्डी टूटी है। उसे फौरन ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। यहां रमाकांत की मौत हो गई। वहीं, रेनू ने भाई नीलकंठ को भी घटना के बारे में बताया। भाई ने बताया कि उसके चाचा से जमीन का वर्ष 2017 से मुकदमा चल रहा है। आए दिन बाहर दो भाइयों में से एक को मारने की धमकी देते थे। होली में उन्होंने रमाकांत को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने जांच की मांग की है। बताया है कि रमाकांत की पत्नी सोमवती की बीमारी से करीब छह माह पहले मौत हो गई थी।

सरकारी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बरतने के लिए बाध्य हैं : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड को बड़ी राहत देते हुए उत्तर पूर्व रेलवे (एनईआर) द्वारा उसकी तकनीकी बोली खारिज किए जाने की कार्रवाई पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि केवल स्टांप ड्यूटी की कमी जैसी दूर की जा सकने वाली तकनीकी खामी के आधार पर किसी बोलीदाता को टेंडर प्रक्रिया से बाहर करना उचित नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि सरकारी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बरतने के लिए बाध्य हैं। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अभधेश कुमार चैधरी की पीठ ने एनईआर की ओर से तैयार वित्तीय बोली की टेबुलेशन को निरस्त करते हुए सभी निविदाकारों की वित्तीय बोलियों पर नए सिरे से विचार करने का आदेश दिया है। साथ ही कोंकण रेलवे को तीन जून तक स्टांप ड्यूटी की कमी पूरी करने का निर्देश दिया है। मामला एनईआर द्वारा जारी एक रेलवे विद्युतीकरण परियोजना के टेंडर से जुड़ा है। कोंकण रेलवे ने आरोप लगाया था कि उसकी तकनीकी बोली को 19 मई 2026 को केवल यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती, जबकि कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। याची ने हाईकोर्ट ने पहले भी हाईकोर्ट की शरण ली थी जिस पर कोर्ट ने याची को कारण बताने का आदेश दिया था। इसके बाद जब याची ने हाई कोर्ट के आदेश का हवाला देकर टेंडर खारिज करने का कारण मांगा तो रेलवे प्रशासन ने कहा कि बैंक गारंटी के साथ प्रस्तुत स्टांप पेपर उत्तर प्रदेश स्टांप अधिनियम के अनुरूप नहीं था और स्टांप शुल्क कम था। याची की ओर से दलील दी गयी थी कि स्टांप ड्यूटी की कमी एक सुधार योग्य त्रुटि है और इसे आधार बनाकर बोली खारिज नहीं की जा सकती। याची ने यह भी तर्क दिया कि पूर्व में इसी प्रकार की बैंक गारंटी रेलवे द्वारा स्वीकार की जा चुकी है। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक अस्वीकृति पत्र में कारणों का उल्लेख नहीं था और बाद में हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद नए कारण जोड़ने का प्रयास किया गया, जो कानूनन स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने माना कि उपलब्ध तथ्यों से प्रथमदृष्टया यह प्रतीत होता है कि याची , जिसने सबसे कम वित्तीय बोली लगाई थी, उसे प्रक्रिया से बाहर करने का प्रयास किया गया। पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल एल-1 घोषित हो जाने से किसी बोलीदाता को ठेका पाने का अपरिहार्य अधिकार नहीं मिल जाता। सरकारी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बरतने के लिए बाध्य हैं तथा उनका निर्णय मनमाना नहीं होना चाहिए। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने वित्तीय बोलियों पर पुनर्विचार का निर्देश देते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया।

अवैध धन उगाही के लिए दी धमकी

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक और उसके साथियों पर अवैध धन उगाही और धमकी देने का मामला सामने आया है।इस मामले में बंथरा के कुरौनी स्थित भगवंत खेड़ा निवासी आकाश सिंह चौहान ने आशियाना क्षेत्र में रहने वाले कौस्तुभ तिवारी व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाश सिंह चौहान का कहना है कि वह किराए पर गाड़ियां चलवा कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि कौस्तुभ तिवारी उनसे प्रति वाहन 500 रुपये देने का दबाव बनाते हैं और रुपये न देने पर गाड़ियां नहीं चलने देने की धमकी देते हैं। पीड़ित का कहना है कि 29 मई की रात करीब 8:45 बजे वह अपने भाई के साथ लुलु मॉल की ओर से लौट रहे थे, तभी सरोजनी नगर थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ पर एयरपोर्ट से पहले बाइक सवार दो युवकों ने उनकी गाड़ी रुकवाकर धमकाया और कौस्तुभ तिवारी से मिलकर पैसे देने की बात कही। पीड़ित ने सोशल मीडिया पर भी धमकी भरे संदेश पोस्ट करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पीड़ित आकाश की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ऑटो चालक पर धमकी देने का आरोप

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने ऑटो चालक पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बंथरा के भटगांव निवासी दिव्यांशु के मुताबिक रविवार शाम करीब 5:20 बजे वह बंथरा से अपने गांव जा रहा था। आरोप है कि तभी राम चौरा व गढ़ी चुनौटी के बीच सड़क पर गढ़ी चुनौटी निवासी सनी पुत्र हीरालाल नशे की हालत में अपना ऑटो रिक्शा खड़ा किए हुए था।

अपहरण-फिरौती मामले में डेढ़ वर्ष से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

खॉट टीम और चिनहट पुलिस ने गाजियाबाद से दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट से युवक को अगवा करके फिरौती वसूलने प्रकरण में फरार 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने करीब डेढ़ साल बाद गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने वारंट जारी होने के साथ सम्पत्ति कुर्की की भी कार्रवाई कर चुकी है।

एडीसीपी अपराध किरन यादव के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी जौनपुर के खुटहन तिसौली गांव निवासी संजय यादव है। उसके खिलाफ चिनहट थाने में अपहरण और फिरौती का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। घटना 20 अगस्त 2024 की है। अयोध्या के बाबा बाजार स्थित अमराई गांव निवासी कर्मवीर सिंह को उसके पूर्व परिचित संजय यादव ने फोन कर बाबा बाजार बाजार में मिलने के लिए बुलाया। यहां संजय अपने साथी मनोज वर्मा व अन्य के साथ स्कार्पियो गाड़ी से पहुंचा। परिचय का फायदा उठाकर कर्मवीर को गाड़ी में बैठाया गया। आरोप है कि गाड़ी में बैठते ही दो अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और मोबाइल छीनकर खुद को सीबीआई अफसर बताकर धमकाने लगे। उसे उठाकर चिनहट स्थित एक होटल में ले गए, जहां कमरे में बंधक बनाकर पिटाई की गई। साथ ही दस लाख रुपये की मांग की गई। जान से मारने की धमकी देकर परिवार से रुपये मंगवाने का दबाव बनाया गया। बदमाशों से खौफजदा कर्मवीर ने अपने खाते से 27 हजार रुपये और रिश्तेदारों से 30 हजार रुपये होटल मैनेजर के बताए गए क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कराए। रकम मिलने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें नहीं छोड़ा। आरोप है कि उसकी मां, बहन और अन्य परिवारजन को भी धमकाकर 60 हजार और 40 हजार रुपये मंगवाए गए। फिर भी उन्हें बंधक बनाए रखा गया। उन्हें किसी जगह शिफ्ट किया जा रहा था, इसी बीच मौका देखकर संजय भाग निकला। उसने पुलिस को सूचना दी। फिर 21 अगस्त 2024 को चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 22 अगस्त 2024 को दो आरोपी रविंदर सिंह और जिशान अहमद को गिरफ्तार करके जेल भेजा। इसके बाद 12 अक्टूबर 2024 को मनोज वर्मा भी गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि मुख्य आरोपी संजय लगातार फरार चल रहा था। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि संजय के खिलाफ गैर जमानती वारंट, उद्घोषणा और कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है। 11 नवंबर 2025 को उसकी अचल संपत्ति कुर्क की गई थी। लंबे समय से फरार रहने पर कोर्ट ने उसे मफरूर घोषित कर स्थायी वारंट जारी किया था। आरोपी पर अयोध्या में धोखाधड़ी, जालसाजी और ठगी के कई मामलों में आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

नाबालिग छात्रा के अपहरण का आरोप, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज: बिजनौर थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजनौर थाना क्षेत्र के माती गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री, जो आरपीएस माती में कक्षा 12 की छात्रा है, 29 मई की दोपहर करीब तीन बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी पुत्री को लखीमपुर खीरी निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। महिला ने बताया कि दोनों के बीच पहले से बातचीत होती थी, जिसके चलते युवक पर संदेह जताया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है तथा मोबाइल लोकेशन सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

सात शातिर लुटेरे गिरफ्तार

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। शहीद पथ पर पुलिस हेडक्वार्टर के सामने हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दिल्ली के सात शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 17 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। शीतल नगर, इंदिरा नगर निवासी सचिन कुमार पुत्र संतराम ने थाने में तहरीर दी थी कि वह 31 मई को पीजीआई से हाईकोर्ट मोटरसाइकिल से जा रहे थे। शहीद पथ पर पुलिस हेडक्वार्टर के सामने दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया और 21 हजार 8 सौ रुपये लूटकर फरार हो गए थे। जिसकी शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की थी। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की। शनिवार को घेराबंदी कर सात आरोपियों को दबोच लिया गया।

कारोबारी को मरणासन्न कर के फेंका

लखनऊ। वजीरगंज में रंजिश के चलते कारोबारी फैजान को रविवार देर रात फोन कर कुछ लोगों ने मिलने के लिए आगा मीर ड्योढ़ी चौकी के पास बुलाया। इसके बाद रॉड और डंडे से हमला बोल दिया। कारोबारी के मरणासन्न होने के बाद हमलावर भाग निकले। उनकी तहरीर पर वजीरगंज में छह नामजद समेत 13 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक फैजान अहमद बावर्ची टोला के रहने वाले हैं। उन्होंने तहरीर में लिखा कि रविवार रात वह केजीएमयू के पास सिप्स हॉस्पिटल पर थे। इस बीच एक फोन आया। फोनकर्ता ने बताया कि वह सैफी बोल रहा है। उसने मुलाकात की बात कही। फिर उसे आगामीर ड्योढ़ी चौकी के पास बुलाया। वहां पहुंचे तो कार से रिजवान उर्फ बबलू, खलील उर्फ बाबू, मेहराज उर्फ डबी, सैफी बाड़े, मुन्नू और छह से सात अन्य लोग उतरे। उन्होंने गाली-गल शुरू कर दी। विरोध पर लाठी और सरिया से हमला बोल दिया। हमले के दौरान सिर फूट गया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े हमलावर भाग निकले।

लाभ का झांसा देकर 43लाख की ठगी

लखनऊ। शेयर व आईपीओ ट्रेडिंग में निवेश पर 300 प्रतिशत के लाभ का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 43 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फंसाया। कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड बताकर लिंक भेजकर एप डाउनलोड करायी। फिर डीमैट अकाउंट खोलकर रकम ट्रांसफर करायी। एप में करीब तीन गुना मुनाफा देख पीड़ित ने विड्रॉल का प्रयास किया तो उनसे टैक्स के तौर पर 15 प्रतिशत रुपये की मांग की गयी। पीड़ित ने सोमवार को अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। अलीगंज के चंद्रलोक कॉलोनी स्थित ऐमन अपार्टमेंट निवासी अभिषेक भारती ने बताया कि कुछ समय पहले बी7 इंवेस्टमेंट स्ट्रेटजी डिस्कशन नाम के व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। करीब डेढ़ माह बाद ए17 वर्मा इंवेस्टमेंट क्लब इंटर्नशिप टीम ग्रुप में शामिल किया गया। दोनों ग्रुप में एडमिन जयेश वर्मा थे। ग्रुप पर शेयर बाजार और निवेश संबंधी बात की गयी। उसके बाद जालसाज ने फरालोन कैपिटल मैनेजमेंट नाम की एप का प्रचार कर निवेश के लिए उकसाया। यही नहीं जालसाजों ने कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड बताते हुए प्रमाण पत्र भी शेयर किया। पीड़ित अभिषेक ने कई खातों में रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद गोल्डलाइन-पी आईपीओ में निवेश पर 300 प्रतिशत का लाभ बताया गया।

तीन सूत्री मांगों को लेकर परिचालकों ने किया आत्मदाह का प्रयास

लखनऊ। दुबग्गा डिपो पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कई दिन से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को चार परिचालकों ने लोहिया पथ स्थित गोल्फ क्लब चौराहे पर आत्मदाह का प्रयास किया। चारों ने साथियों से वीडियो बनवाते हुए खुद पर पेट्रोल डालकर विरोध दर्ज कराने की कोशिश की। यह देख पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस चारों को गौतमपल्ली थाने लेकर पहुंची। इस दौरान वीडियो बना रहे साथी फरार हो गए। उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने चारों परिचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस वीडियो बनाने वालों साथियों की तलाश कर रही है।

संविदा कर्मचारियों को निजी संस्था में विलय किए जाने के आदेश के विरोध में दुबग्गा सिटी बस डिपो पर पिछले तीन दिनों से परिचालक हड़ताल और धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार सुबह औरैया निवासी परिचालक मुकेश सैनी, उन्नाव निवासी ज्ञानेंद्र रावत, कानपुर निवासी नितिन श्रीवास्तव और गोंडा निवासी अभिषेक सिंह कुछ अन्य साथियों के साथ विरोध प्रदर्शन करने गोल्फ चौराहे पर पहुंचे। गोल्फ चौराहे पर खड़े होकर चारों ने कुछ दूरी पर अपने साथियों को खड़ा कर वीडियो बनाने को कहा। इसके बाद चारों ने बोतल से खुद पर पेट्रोल उड़ेलना शुरू किया। कुछ दूरी पर खड़े साथी मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। यह देख पुलिस कर्मी दौड़े और सूझबूझ दिखाते हुए चारों को पकड़ने लगे। इस बीच एक ने माचिस निकालने की कोशिश की तो उसे भी पकड़ लिया। चारों को आनन-फानन में पुलिसकर्मी गौतमपल्ली थाने लेकर पहुंचे। इसी दौरान वीडियो बना रहे उनके साथी वहां से भाग निकले। जानकारी मिलते ही एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल और एसओ गौतमपल्ली विपिन सिंह थाने पहुंचे। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि दुबग्गा डिपो पर प्रदर्शन और धरना खत्म हो गया था। इसके बाद भी चारों परिचालकों ने गोपनीय तरीके से साजिश के तहत आत्मदाह करने के प्रयास का नाटक किया।

एसीपी ने बताया कि चारों आरोपियों के अलावा वीडियो बनाने वाले उनके साथियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, आत्मदाह के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपी मुकेश सैनी, ज्ञानेंद्र रावत, नितिन श्रीवास्तव और अभिषेक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

व्यवसायी समेत दो के खातों से उड़ाये 3.39 लाख रुपये

लखनऊ। राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। जालसाजों ने व्यवसायी समेत दो के खातों से 3.39 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने यूपीआई के माध्यम से रुपये निकाले तो कहीं निवेश के नाम पर ठगा। साइबर ठगी के यह मामले तालकटोरा और विभूतिखंड के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। राजाजीपुरम डी-ब्लॉक निवासी अमर वशिष्ठ का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा व पंजाब नेशनल बैंक में है। उन्होंने बताया कि 28 मई को साइबर जालसाज ने यूपीआई के माध्यम से उनके दोनों खातों से 1,39,523 रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख अमर के पैरों तले जमीन खिसक गयी। एनसीआरपी पोर्टल व बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने तालकटोरा थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

प्रॉपर्टी डीलर ने लखनऊ में बिल्डर की करायी हत्या पांच लाख की दी सुपारी, ड्राइवर समेत गिरफ्तार

लखनऊ। बिल्डर संदीप सिंह की हत्या का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम ने हत्या के साजिश कर्ता प्रापर्टी डीलर दिनेश यादव और उसके ड्राइवर मुकर्रबीन उर्फ मुबीन को गिरफ्तार कर लिया है। संदीप मूल रूप से जौनपुर जनपद के सिकरारा के टिकारी गांव के रहने वाले थे। संदीप की दिनदहाड़े तीन गोलियां मारकर उनके ऑफिस के सामने हत्या कर दी गई थी। हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह के मुताबिक गिरफ्तार हत्यारोपियों से पूछताछ में पता चला कि दिनेश ने प्रापर्टी की रंजिश के चलते संदीप की हत्या की साजिश रची थी। उसने अपने ड्राइवर मुबीन के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। इसके लिए मुबीन को पांच लाख रुपये में सुपारी दी थी। बताते हैं कि मुबीन ने शूटरों को तैयार किया और फिर साजिश के तहत बुधवार दोपहर दो शूटरों ने बिल्डर संदीप सिंह की हत्या कर दी। एएसपी दीपक सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी दिनेश यादव मूल रूप से अंबेडकर नगर के आलापुर इलाके के गोहिला गांव का रहने वाला है। यहां काकोरी के समदा में रहता है। मुबीन अंबेडकर नगर के अलीगंज आशोपुर का रहने वाला है।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के सुकन्या समृद्धि योजना खाता सं.- 5250637001 में त्रुटिवश उसका नाम Barshika दर्ज है व पिता के स्थान पर मेरा नाम Sanjay Kumar Singh दर्ज है, जबकि आधार कार्ड पर मेरी पुत्री का सही नाम Vanshika Gaur व मेरा नाम Sanjay Kumar Gaur दर्ज है। आधार कार्ड के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना खाते में मेरी पुत्री व पिता के स्थान पर मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **संजय कुमार गौड़ पुत्र राम आसरे गौड़ नि.- जबरौली, लखनऊ।**

दो मकानों से लाखों के जेवर चोरी

लखनऊ। बीबीडी और पारा इलाके में चोरों ने दो मकानों से लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है। वहीं, हाईकोई स्थित कैफे से महिला ने अधिवक्ता का पर्स पार कर रुपये व जेवर चोरी कर लिए। कैमरे में महिला की करतूत कैद हुई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है।

उत्तरधौना स्थित हिमसिटी फेज-3 निवासी राजमणि यादव ने बताया कि 29 मई को वे परिवार संग पैतृक निवास गए थे। मुख्य द्वार की चाभी मकान मालिक के भाई महेश यादव को दी थी। देर रात मकान में चोरी हो गयी।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई) सुलतानपुर।

आवश्यकता है-

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रवक्ताओं की-
स्नातक (विज्ञान संकाय):भौतिक विज्ञान, गणित, प्रत्येक में एक-एक पद।
स्नातक (कला संकाय) : अंग्रेजी राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान प्रत्येक में एक-एक पद।

परास्नातक (कला संकाय):	हिन्दी	-03 पद
	गृहविज्ञान	-03 पद
	समाजशास्त्र	-03 पद
बी0एड् (प्रवक्ता)	- 12 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता संगीत)	- 01 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा)	- 1 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता चित्रकला)	- 1 पद	

योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त-NCTE/ यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं यदि कोई अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें या ई-मेल आई.डी.-SNVMPGCOLLEGE@GMAIL.COM पर ई-मेल करें।

प्रबंधक
सीताराम वर्मा
मोबाइल नंबर- 9415137463

मजदूरी का पैसा न देने का लगाया आरोप

लखनऊ। माल क्षेत्र के एक गांव में ददोर्जी/जरी कारीगर ने थाने पर लिखित शिकायत कर अपनी दो वर्ष की मजदूरी मालिक द्वारा न दिए जाने की शिकायत की है। आरोप है बेटी की विवाह की तिथि अगले हफ्ते में है पैसों की खास जरूरत है।दो वर्ष की मजदूरी कारखाना मालिक रिजवान पर ढाई लाख बकाया है।जब रुपए मांगते हैं तो रिजवान रुपए न देकर गालियां देते है। नबीपनाह पंचायत के तकिया मजरे निवासी पीड़ित सलीम ने बताया कि वह गांव के ही निवासी रिजवान के दरदोजी/जरी कारखाना बीते दो वर्षों से चलता आ रहा है। जिसका बनाया हुआ समान दुबई में स्थित कारखाने भेजा जाता है। लेकिन मेरी दो वर्षों की बकाया मजदूरी नहीं दी है।

लविवि में एलएलबी छात्रों का प्रदर्शन

- आंसर कॉपी की स्क्रूटनी और री-चेकिंग पूरी पारदर्शिता के साथ कराने की मांग
- दोषियों पर कठोर कार्रवाई किये जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों ने सोमवार को परिसर में प्रशासनिक भवन का घेराव किया। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के बाहर सेमेस्टर रिजल्ट में खामियों का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना है कि जितना लिखा था उससे काफी कम नंबर मिले हैं। कॉपी को सही से चेक न

पांचवां बड़ा मंगल आज, पवनसुत के जयकारों से गूजेंगे शहर के मंदिर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज जेठ माह का पाचवां बड़ा मंगल है। राजधानी लखनऊ के नया हनुमान मन्दिर अलीगंज पुराना हनुमान मन्दिर अलीगंज, हनुमान सेतु, सुभाष मार्ग का छांछी कुआ हनुमान मन्दिर अमीनाबाद का हनुमान मन्दिर समेत अन्य सभी हनुमान मन्दिर सज-धज कर तैयार हो गये हैं। सभी प्रमुख मन्दिर सोमवार की शाम हनुमान जी महाराज का श्रृंगार होने के बाद और नया चोला चढ़ाने के बाद मन्दिर के पट दर्शन के लिए खोल दिये जायेंगे। बड़े मंगल पर बजरंगबली की विशेष पूजा अर्चना होती है। राजधानी में बड़े मंगल का विशेष महत्व है।

अलीगंज नया हनुमान मंदिर में 11 बार बदला जाएगा चोला : अलीगंज हुनमान मंदिर में सोमवार दिन में 12 बजे मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंगलवार रात 12 बजे बंद होंगे। मंदिर की ओर से 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार कालाजाम बांटा जाएगा। बजरंगबली का दिन भर में 11 बार चोला बदला जाएगा। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि दो साल बाद मंदिर में भंडारे का आयोजन होगा।

अमीनाबाद हुनमान मंदिर: अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल पर रंग बिरंगी झालरों से सजाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री विजय पाठक ने बताया कि बड़े मंगल पर मेले का आयोजन होगा। बजरंगबली को 51 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगेगा।

पातालपुरी हनुमान मंदिर में लगेगा 56 व्यंजन का भोग: पक्का पुल स्थित श्री अहिमर्दन पातालपुरी हनुमान जी मंदिर में सुबह सिंदूर लेप कर श्रृंगार किया जाएगा। कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे आरती उतारी जाएगी। बजरंगबली को 56 व्यंजन का भोग लगाया जाएगा। सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा।

हनुमान सेतु- मंगला आरती के बाद दर्शन: हनुमान सेतु मंदिर में बड़े मंगल को लेकर विशेष सजावट की जा रही है। पहले बड़े मंगल पर 75 हजार लड्डू प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा। सोमवार रात 12 बजे मंदिर के कपाट खुलने के साथ मंगला आरती होगी। मंदिर के कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद होगा। भक्त 24 घण्टे बजरंग बली के दर्शन कर सकेंगे। सुबह और शाम बजरंगबली की विशेष आरती होगी। लगातार सुदरकांड का पाठ होता रहेगा। मंदिर के बाहर समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी।

शहर भर में जगह-जगह लगेगा भंडारा

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पांचवे बड़े मंगल पर भी शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इंदिरानगर के सी ब्लॉक हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा लगाया जायेगा, इसके अलावा मानस विहार, मुंशी पुलिया, जानकीपुरम, भूतनाथ, गोमती नगर, बाल विहार, शिव विहार, हजरतगंज, अमीनाबाद, आशियाना, सहित शहर के तमाम जगहों पर बजरंगबली का भंडारा लगाया जायेगा। लखनऊ के निरालानगर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

चौक के कोतवालेश्वर हनुमान मन्दिर: पुजारी ने बताया कि बड़े मंगल पर हनुमान जी को सिन्दूर और चमेली के तेल से लेप होगा। मशीन द्वारा निकले चांदी के वर्क से भगवान का श्रृंगार होगा। मन्दिर के बाहर भण्डारे का आयोजन भी होगा।

बालाजी मन्दिर: तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर पर जेठ के सभी मंगलों को सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार होता है। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चैराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, कुर्सी रोड व बीरबल साहनी मार्ग के पंचमुखी हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुये हनुमान मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर में बड़े मंगल पर भक्त जुटेंगे।

सोने-चांदी से सजेंगे बालाजी: तालकटोरा स्थित श्री बालाजी मंदिर में ज्येष्ठ के हर मंगल को सोने चांदी की वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जाता है। सोने का क्षत्र चढ़ाने के साथ ही भक्तों की ओर से हर मंगल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक ने बताया कि मंदिर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। हर मंगल की देर शाम को बाबा के चरणों में भजनों का गुलदस्ता भी पेश किया जाएगा।

अलीगंज का नया हनुमान मन्दिर: बड़े मंगल की तैयारियां पूरी होने के बाद दोपहर से मन्दिर खोल दिया गया। मन्दिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि मन्दिर के हनुमान जी के दोनों गर्भग्रह में एसी चालू है। एसी के लगने से भक्तों को काफी गर्मी में राहत मिलेगी। सोमवार की रात से ही राजधानी व आस-पास के गांवों से करीब 500 भक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए दर्शन करने पहुंचे। मन्दिर मंगलवार को रात 12 बजे बंद होगा। करीब पांच कुंतल फूलों से श्रृंगार किया गया। व्यवस्था के लिए मन्दिर की ओर 100 कार्यकर्ता व 50 अन्य सहयोगी सेवादार लगाए गए है।

रंग-बिरंगे फूलों व लाइटों से सजा हनुमान सेतु मन्दिर: मंदिर कई कुंटल फूलों से महक रहा है। शाम को रंगबिरंगी लाइटों से मन्दिर जगमग जगमग होगा। मन्दिर के बड़े पुजारी ने बताया कि सभी बड़े मंगल को हनुमान जी का हर दो-दो घंटे पर श्रृंगार बदला जायेगा। बड़े पुजारी ने बताया कि भक्तों की ओर से जेठ के सभी मंगल को मन्दिर पूरे मन्दिर परिसर को एयरकंडीशन किया जायेगा। जिससे भक्तों को गर्मी में काफी राहत मिलेगी। मन्दिर सोमवार की रात 12 बजे खुल गया जो मंगल को रात 12 बजे बन्द होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के बाहर कई समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगल के दिन विश्वविद्यालय मार्ग स्थित मन्दिर का द्वार बन्द रहेगा। उस दिन बंधा मार्ग पार्किंग स्टैंड के गणेश द्वार से दर्शन कराए जाएंगे।

अमीनाबाद हनुमान मन्दिर: अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में बड़े मंगल को लेकर देर रात पूरी हो चुकी। मन्दिर के प्रधान पुजारी कृष्णकांत पाठक ने बताया कि मन्दिर सोमवार को रात 12 बजे खोल दिया गया। जो बुधवार को रात में बन्द होगा। मंगलवार को सुबह अभिषेक, आरती फिर 21 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगेगा। रात में 10 बजे सुन्दरकांड पाठ होगा तथा जेठ के मंगल को मन्दिर की ओर से भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

पांचवें बड़े मंगल पर करें तुलसी जी के मंत्रों का जप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भगवान हनुमान की पूजा के लिए वैसे तो हर दिन शुभ होता है, लेकिन ज्येष्ठ महीने में आने वाले सभी मंगलवार को ज्यादा विशेष माना गया है, क्योंकि यह पावन समय है जब वीर हनुमान की मुलाकात प्रभु श्रीराम से पहली बार हुई थी। इसे 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' कहा जाता है। कहते हैं कि इस दिन हनुमान जी की करने से सभी कष्टों का अंत होता है। ऐसे में इस दिन सुबह उठें और स्नान करें। फिर हनुमान जी का ध्यान करें। तुलसी के पौधे पर जल चढ़ाएं। उसकी 7 बार परिक्रमा करें। देवी 108 नामों का जप करें। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और हनुमान आरती करें। ऐसा करने से प्रभु श्रीराम की कृपा मिलती है। साथ ही सभी मुश्किलों का अंत होता है।

हनुमान जी को लगाएं इन चीजों का भोग: ज्येष्ठ महीने में आने वाले सभी मंगलवार को बेहद फलदायी माना जाता है। इसे 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' कहा जाता है। यह पर्व हनुमान जी को समर्पित है। कहते हैं कि इस दौरान हनुमान जी की मुलाकात प्रभु श्रीराम से पहली बार हुई थी। वहीं, इस दिन पवन पुत्र की पूरी कृपा पाने के लिए उन्हें कुछ विशेष भोग चढ़ाने चाहिए।

लड्डू: मोतीचूर के लड्डू भगवान हनुमान को बहुत प्रिय हैं। यह उनके प्रिय भोगों में से एक है। ऐसे में पांचवे बड़े मंगल के दिन मोतीचूर के लड्डू हनुमान जी को चढ़ाएं। इससे बुद्धि और विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

मालपुआ: पांचवे बड़े मंगल पर वीर हनुमान को मालपुआ का भोग लगाना शुभ माना जाता है। ऐसे में पांचवे बड़े मंगल पर मालपुए का भोग वीर बजरंगी को खुश करने के लिए जरूर लगाएं। ऐसा करने जीवन के साथ-साथ रिश्तों में मिठास आती है।

चूरमा: राजस्थान और गुजरात में पवन पुत्र को चूरमे का भोग लगाया जाता है। कहते हैं कि यह हनुमान जी का प्रिय भोग है। ऐसे में इसे चढ़ाने से हनुमान जी भक्तों को निरोगी काया और सुख-शांति का वरदान देते हैं।

मीठा पान: पान का बीड़ा हनुमान जी को बेहद प्रिय है, खासतौर पर मीठा पान, जो कि आमतौर पर हर बड़े मंदिरों में चढ़ता है। ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी को मीठा पान चढ़ाने से रिश्तों में मिठास आती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है।

गुड़ और चना: गुड़ और चने का भोग हनुमान जी को सबसे ज्यादा प्रिय है। इसे चढ़ाने से हनुमान जी खुश होते हैं और मनचाहा फल देते हैं। इसके साथ ही सभी पापों का नाश करते हैं।

राष्ट्र को राममय बनाना हमारा संकल्प : जगद्गुरु रामभद्राचार्य

● कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई नौ दिवसीय श्रीराम कथा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सोमवार को लखनऊ में आरंभ हुई अपनी 1423वीं श्रीराम कथा के प्रथम दिवस में पंचवटी प्रसंग का वर्णन करते हुए लक्ष्मण द्वारा भगवान राम से पूछे गए पांच महत्वपूर्ण प्रश्नों एवं उनके उत्तरों की व्याख्या की। उन्होंने नवधा भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन सहित भक्ति के नौ स्वरूप मानव हृदय को ईश्वर से जोड़ने का माध्यम हैं। सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज विश्व अभूतपूर्व तनाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सुरक्षित और सशक्त है क्योंकि यह भगवान की कृपा और प्रेम से अनुप्राणित राष्ट्र है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश एवं पोथी यात्रा निकाली गई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर गाजे-बाजे और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कथा स्थल तक यात्रा की तथा विधिवत कलश स्थापना की। विधायक डा. नीरज बोरा ने सपरिवार गुरुपाद पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में रामभद्राचार्य ने कहा कि राष्ट्र की संस्कृति और अस्मिता की रक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है तथा भारत को राममय बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि आगामी 14 जनवरी से एक गुरुकुलम् की स्थापना की जा रही है, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को नई गति देना है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट स्थित इस संस्थान में अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ विश्वभर के लोगों को ऑनलाइन माध्यम से संस्कृत शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। रामजन्मभूमि प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत सात दिनों की गवाही ने अनेक महत्वपूर्ण प्रश्नों के प्रामाणिक उत्तर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण भारतीय आस्था और सांस्कृतिक चेतना की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। कथा स्थल पर मौजूद राम जन्मभूमि आदि प्रकरणों से जुड़ी रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि भोजशाला का निर्णय हिंदुओं के पक्ष में आना बहुत बड़ी जीत है। मैं भोजशाला तब जाऊंगा जब लंदन से मां सरस्वती की प्रतिमा भारत वापस आ जाएगी। कथा के दौरान उन्होंने देश में घटित हाल की बकरीद वाली घटना पर भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाज से सजग एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध समाज को संगठित होकर खड़ा होना चाहिए तथा राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शहर की कई विभूतियां हुई सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर में एवार्ड काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले महानुभावों में मुख्यतः प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा एम अग्रवाल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नटवर गोयल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संदीप बंसल, उपाध्यक्ष सिंधी अकादमी नानक चंद लखमानी, प्राचार्य आई टी कॉलेज नीरजा मसीह, महेश नमकीन वासुदेव चावला, प्रसिद्ध कवि डॉ सर्वेश अस्थाना, प्रबंधक सेंट मीराज कॉलेज विनोद रात्रा, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ विक्रम आहूजा, अध्यक्ष क्रीडॉई पीके श्रीवास्तव, चित्रकला कलाकार राखी पोद्दार, पंछी पेठा के सुभाष गोयल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ नफीस अहमद सिद्दीकी, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद हरि किशोर तिवारी, प्रसिद्ध कवि अर्थव आर्य, विज्ञापन डिजाइनर तपेंद्र दत्ता, सतीश अग्रवाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज सेवी मुकेश श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक सुभाष भल्ला उपस्थित रहे।

विभुवन संकष्टी व्रत कल, ढाई साल बाद बन रहा विशेष संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत भी किया जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, विभुवन संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करने से सभी विघ्न दूर होते हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ (अधिक) माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 03 जून को रात 09 बजकर 21 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 04 जून को रात 11 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में 03 जून को विभुवन संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है. पंचांग के अनुसार, अधिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को विभुवन संकष्टी कहा जाता है. इसलिए इस संकष्टी चतुर्थी का संयोग प्रत्येक ढाई साल पर बनता है. चूंकि, यह चतुर्थी पुरुषोत्तम मास में पड़ती है, इसलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। दृक पंचांग के अनुसार, इस साल ज्येष्ठ में विभुवन संकष्टी का व्रत तीन जून को बनने जा रहा है. इस दिन बुधवार होने की वजह से इस व्रत का प्रभाव और अधिक शुभ प्राप्त होगा। शास्त्रों के अनुसार, विभुवन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने से हर प्रकार कष्टों से मुक्ति मिलती है. इसके अलावा यह व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए अत्यंत खास माना गया है।

विभुवन संकष्टी का धार्मिक महत्व: शास्त्रों के अनुसार विभुवन संकष्टी का व्रत करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। यह व्रत मानसिक, शारीरिक और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति प्रदान करता है। विभुवन संकष्टी भगवान गणेश को समर्पित एक अत्यंत पवित्र व्रत है। यह व्रत कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को किया जाता है। संकष्टी का अर्थ है संकटों से मुक्ति। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक गणेश जी की पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएँ दूर होती हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

विभुवन संकष्टी पर कैसे करें गणेशजी की पूजा: विभुवन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने के लिए सबसे पहले इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गणपति का ध्यान करते हुए संकल्प लें. इसके बाद पूजा स्थल पर भगवान गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें. मूर्ति स्थापना के बाद मंत्रों से गणपति का आवाहन करें. जब गणपति का आवाहन करलें, तो उन्हें पंचामृत स्नान कराएं, इस दौरान 'गणेशाय नमः' इस मंत्र का जाप करते रहें. गणपति को पंचामृत स्नान कराने के बाद उन्हें दूर्वा, अक्षत फूल, फल और विशेष मिष्ठान (नारियल के लड्डू) इत्यादि अर्पित करें. इसके बाद अथर्वशीर्ष का पाठ करें या उनके मंत्रों का जाप करें. मंत्र जाप के बाद व्रत कथा का पाठ करें. पूजन के अंतिम चरण में घी या कपूर जलाकर आरती करें और उसे पूरे घर में दिखाएं. इस विधि से विभुवन संकष्टी चतुर्थी की पूजा करने से हर प्रकार की मनोकामना पूर्ण होगी और कष्ट दूर होंगे।

संस्कृति, आस्था और अध्यात्म का अद्भुत संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यश म्यूजिकल ट्रस्ट रंगमंडल, अयोध्या द्वारा संस्कृति, आस्था एवं अध्यात्म के पावन संगम को प्रदर्शित करती भव्य नृत्य-नाटिका अविरल गंगा का सफल आयोजन कुर्मांचल नगर स्थित सभागार, लखनऊ में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा (कार्यक्रम अधिकारी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद) तथा विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार पाठक पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, संस्कृति विभाग, सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी एवं डॉ करुणा पांडेय वरिष्ठ साहित्यकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पश्चात गणेश वंदना एवं देवी आराधना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा एवं कोषाध्यक्ष सुमिष्ठा मित्रा ने मुख्य अतिथि, अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि अविरल गंगा केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवन मूल्यों का सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने संस्था को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की शुभकामनाएं दीं। नृत्य-नाटिका में कलाकारों संगीता आहूजा, सुमिष्ठा मित्रा, विशाल गुप्ता, अरुण कुमार, अभय कुमार, आदित्य सिन्हा, सिम्मी कुमारी, साची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, दिव्या सोनकर, देव कुमार, तोशी एवं यश ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का कुशल संचालन पूरन सिंह जीना ने किया। प्रस्तुति के उपरांत सभी कलाकारों को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा ने सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

नारी चिंतन : भारतीय राष्ट्रबोध की सांस्कृतिक आधारशिला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय राष्ट्रबोध की निर्मिति केवल भूगोल, शासन-प्रणालियों या राजनीतिक संरचनाओं से नहीं होती। उसकी वास्तविक आत्मा संस्कृति में निवास करती है और इस संस्कृति की केंद्रीय धुरी सदैव नारी रही है, मां के रूप में, साधिका के रूप में, विचारक के रूप में तथा राष्ट्रजीवन की मौन किंतु सशक्त निर्मात्री के रूप में। भारतीय दृष्टि में नारी चिंतन शीर्षक यह ग्रंथ इसी सांस्कृतिक सत्य को वैचारिक स्तर पर पुनर्स्थापित करने का एक गंभीर और विचारोत्तेजक प्रयास है। आधुनिक काल में नारी विमर्श प्रायः अधिकार, अस्मिता और संघर्ष की भाषा में अभिव्यक्त होता है। इन प्रश्नों का महत्व निर्विवाद है, किंतु जब विमर्श केवल प्रतिक्रिया तक सीमित हो जाता है, तब वह समाज को जोड़ने के बजाय कई बार विभाजन की दिशा में भी ले जा सकता है। इसके विपरीत यह ग्रंथ भारतीय परंपरा में निहित उस दृष्टि को सामने लाता है, जहाँ नारी और पुरुष को परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक के रूप में देखा गया है, शक्ति और शिव के अविभाज्य संबंध की भांति।

वेदों की गार्गी और मैत्रेयी से लेकर औपनिषदिक ब्रह्मवादिनी परंपरा तक, रामायण और महाभारत की स्त्री-चेतना से लेकर बौद्ध और जैन परंपराओं की करुणा-साधना तक- भारतीय दर्शन और इतिहास में नारी की भूमिका सदैव सृजनात्मक, निर्णायक और मूल्य-निमार्ता रही है। भक्ति काल में मीरा की निर्भीक आस्था और आधुनिक काल में अहिल्याबाई होलकर जैसी सक्षम प्रशासक स्त्रियां इस परंपरा की सशक्त कड़ियां हैं। यह पुस्तक इन सभी आयामों को किसी भावनात्मक आग्रह या अतिरंजना के बिना, शास्त्रीय संदर्भों और वैचारिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करती है। ज्ञान गंगा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित 272 पृष्ठों के इस ग्रंथ में देश के प्रतिष्ठित चिंतकों, शिक्षाविदों, कुलपतियों, संतों तथा वैचारिक नेतृत्व से जुड़े व्यक्तियों के कुल 42 आलेख संकलित हैं। पुस्तक के संपादक बिरेन्द्र पाण्डेय ने विविध वैचारिक पृष्ठभूमियों से आए इन विचारों को एक सुसंगत सूत्र में पिरोते हुए यह सुनिश्चित किया है कि ग्रंथ का समग्र स्वर भारतीय जीवन-दृष्टि से विचलित न हो। संपादन में यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि नारी चिंतन को किसी एक वैचारिक खांचे में सीमित करने के बजाय उसकी बहुआयामी उपस्थिति को भारतीय बोध के आलोक में प्रस्तुत किया गया है। इस ग्रंथ की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि यह न तो पश्चिमी नारीवाद की अनुकरणात्मक प्रस्तुति करता है और न ही उसे पूर्णतः अस्वीकार करने की प्रतिक्रिया में उलझता है। इसके स्थान पर यह भारतीय परंपरा में निहित संतुलन, समन्वय और समग्रता के सिद्धांत को केंद्र में रखता है।

मंचन : लगा झटका तो याद आयीं जिम्मेदारियां

● 'हाय हैण्डसम' का मंचन और नृत्य कार्यशाला के मनोहारी प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विवाह गुड्डे-गुड़िया का खेल नहीं, एक ऐसा संस्कार है जहां वंश को आगे बढ़ाने सहित कई जिम्मेदारियां निभाते हुए आगे बढ़ना होता है। हंसी ठहाकों के बीच ये संदेश सम्भव सेवा समिति के कलाकारों ने जयवर्धन के लिखे हास्य नाटक 'हाय हैण्डसम' ने दिया।

लेखक जयवर्धन के लिखे इस नाटक का मंचन सुअंश सक्सेना अंकुर की परिकल्पना और निर्देशन में बलराज साहनी प्रेक्षागृह कैसरबाग में हुआ। नाटक में दो जोड़ियां और एक बेहद मसखरा नौकर है। एक तरफ शादीशुदा सीधा सादा पुत्र स्वामी और फैशनपरस्ती और माडलिंग के शौक में पड़ी उसकी पत्नी मंदा है, जो मां बनकर अपना फिगर नहीं बिगाड़ना चाहती। उनके पास दूसरे के साथ वक्त दिखाने का समय नहीं है।दूसरी ओर विदुर फौजी कर्नल कपूर और उनकी विधवा समधिन सीता देवी हैं। कर्नल कपूर भले ही भले ही फौजी होने के नाते अनुशासन में बंधे हों, पर सीता देवी के सामने आते ही उनके दिल की धड़कनें बढ़ जाती हैं और वे दिलफेंक आशिक बनकर कोई भी मौका नहीं चूकते। फिर भी कर्नल कपूर और सीता देवी की चिंता एक ही है कि किसी तरह उनके आंगन में नन्हे बच्चे की किलकारियां गूंजें। स्वभाव से सीधा स्वामी चपल बुद्धि पत्नी मंदा को समझा नहीं पाता और न ही मंदा अपने मॉडलिंग के की शौक की वजह से कुछ समझने को तैयार है। वह तो घर गृहस्थी के कामों से भी कोसों दूर रहती है। खुशमिजाज नौकर कमाल घर के भारी माहौल को अपने चुटकीले अंदाज से सबके साथ हंसी मजाक कर हल्का बनाये रखता है। कमाल कभी स्वामी को मंदा का साथ पाने के लिए कोई जुगत बताता है तो कभी स्वामी को साधु संन्यासी बन कर मंदा का दिमाग ठिकाने लगाने की सलाह देता है। अकेलापन के मारे और एक छोटा बच्चा पाने की चाहत में विदुर कर्नल और उनकी विधवा समधिन सीता देवी का इश्क अंजाम तक पहुंचता है। दोनों शादी कर जिंदगी की नयी प्लानिंग करते हैं। उन दोनों की शादी लगा झटका स्वामी और मंदा की आंखें खोल देता है। नाटक के सुखद अंत में उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास होता है और वे जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लेते हैं। प्रस्तुति में मंच पर स्वामी के रूप में शशांक पांडे, कर्नल कपूर तौर पर स्वयं निर्देशक सुअंश सक्सेना, मंदा- अनामिका चौहान, सीता देवी- शीलू मलिक और नौकर कमाल की भूमिका में मंच पर विपिन कुमार ने चरित्र के अनुरूप अच्छा अभिनय किया।

जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया...: इस अवसर पर नाट्य मंचन से पहले चित्रण कला मंच समिति और जय जगत एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज गोमतीनगर में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की युवा नृत्यांगना अंशिका के निर्देशन में चली लोकनृत्य कार्यशाला के लगभग 30 प्रतिभागियों ने भी बलराज साहनी मंच पर महारास का प्रदर्शन किया। मंच पर कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे..., राधा गोरी गोरी..., मेरे घर राम आए हैं... और जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया... जैसे गीतों पर वैष्णवी मिश्रा, रिद्धिमा यादव, अंजलि पाल, रिचा मिश्रा, रंगोली, शिवानी निर्मल, प्रिया मिश्रा, सृष्टि, रोशनी, तूलिका, तनिष्का, गौरी, साक्षी, अर्पिता, आयुषी, दिव्यांशी, प्रिया, प्रीतिका, प्रीति रावत, शिवानी, आरती, लक्ष्मी, सिद्धि यादव, दिव्यंका, शिवानी सिंह, खुशबू और सलोनी ने दर्शनीय नृत्य प्रदर्शन कर गीतों के बोलों को सार्थक किया। कार्यशाला की शुरूआत 20 मई से हुई थी।

संक्षेप

संतों की महिमा अपार : विजय

आजमगढ़। दुवार्सा धाम पर ब्रह्मलीन सिद्ध संत दुवार्सा महामण्डलेश्वर मौनी बाबा के ध्वजवाहक श्रीश्री 108 शुभम दास जी महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे 7 दिवसीय हरिहरात्मक यज्ञ के समापन पर रविवार को देर रात तक विशाल भंडारा चला। भंडारे में शामिल एम एल सी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि संतों की महिमा अपार है। यज्ञ से मन व वायु मंडल शुद्ध होता है और संत दर्शन, आशीर्वाद से मिलने वाला पुण्य अनेक यज्ञों के समान है। कार्यक्रम में साहित्यकार पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, दैवज्ञ दुवार्सा मंडल मुन्ना बाबा, जयराम उपाध्याय, राममिलन सिंह, लक्ष्मण दुबे, रासबिहारी सिंह, हाकिम बाबा, हरिद्वार सिंह, शिशिर दुबे, जनार्दन सिंह, आशुतोष सिंह, रामकवल तिवारी सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

कुआ में गिरी वृद्धा, मौत

आजमगढ़। जनपद के पवई थाना क्षेत्र के बसही अशरफपुर गांव में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में 95 वर्षीय वृद्ध महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने खुले कुएं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बसही अशरफपुर गांव निवासी भज्जी देवी (95) पत्नी स्वर्गीय श्रीपति राम सोमवार सुबह रोज की तरह पूजा-अर्चना के लिए घर से निकली थीं। बताया जाता है कि घर के पास स्थित एक पुराने कुएं के निकट किसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में जा गिरीं। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटीं तो परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश करने लगे। इसी दौरान कुएं के पास उनकी चप्पल और सहारे के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला डंडा पड़ा मिला, जिससे आशंका हुई कि वह कुएं में गिर गई हैं। ग्रामीणों ने तत्काल कुएं में झांककर देखा तो वृद्धा उसमें पड़ी मिलीं। आनन-फानन में गांव के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

नीम का पेड़ गिरने से युवक की मौत

जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के बारीगांव नेवादा गांव में रविवार रात एक युवक की नीम का पेड़ गिरने से मौत हो गई। युवक शादी समारोह से लौट रहा था, तभी वह पेड़ की चपेट में आ गया। गांव निवासी विनय पटेल ने अपना एक नीम का पेड़ बेचा था। एक व्यापारी के मजदूर उस पेड़ को काट रहे थे। इसी दौरान गांव के निवासी अरविंद पटेल किसी शादी समारोह में दैजा देकर पैदल अपने घर लौट रहे थे। जब अरविंद उस स्थान के पास पहुंचे जहां पेड़ की कटाई चल रही थी, तभी विशाल नीम का पेड़ अचानक उन पर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची मड़ियाहूं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक अरविंद पटेल के परिवार में एक बेटी नेहा और दो बेटे नितिन व लकी हैं, जिनका अभी विवाह नहीं हुआ है। अरविंद मुंबई शहर में रहकर मजदूरी करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह लगभग 15 दिन पहले ही अपने गांव आया हुआ था।

महिला की करंट लगने से मौत

जौनपुर। महाराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में पालतू कुत्ते को बचाने के प्रयास में महिला की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे में कुत्ते की भी जान चली गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधानाध्यापक इंद्रपाल सिंह के घर के बाहर लोहे की पाइप से उनका पालतू कुत्ता बंधा हुआ था। घर के बाहर लगे बिजली के खंभे से आया केबल टिनशेड के पास से कट गया था। कटे हुए केबल के संपर्क में आने से टिनशेड और लोहे की पाइप में करंट उतर आया। इसी दौरान पाइप से बंधा कुत्ता करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। उसे बचाने के लिए परिवार की बड़ी 55 वर्षीया बहू रेखा सिंह पत्नी स्वर्गीय रमाकांत सिंह, दौड़कर मौके पर पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने कुत्ते को छुड़ाने का प्रयास किया, वह स्वयं भी करंट की चपेट में आ गईं। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराने का प्रयास किया। खंभे से जुड़े केबल को कटवाने के बाद लोग महिला तक पहुंच सके।

जनपद में भूमि विवादों के चिन्हित मामलों की होगी पुनः जांच



पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

सोनभद्र। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सचिवालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित की जाए, ताकि आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिल सके और बिचैलियों की भूमिका समाप्त हो। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ होने पर बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं की सेवाएं नियमानुसार लगभग दो माह के लिए प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन कार्य हेतु ली जाएं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जहां पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में सीड बॉल के माध्यम से वृक्षारोपण कराने तथा छायादार एवं फलदार पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग की युवतियों से विवाह कर भूमि हड़पने संबंधी प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सोनभद्र। भूमि विवादों के प्रभावी, पारदर्शी एवं स्थायी निस्तारण के उद्देश्य से शासन द्वारा एक माह का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। 01 जून से 30 जून 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत पूर्व में निस्तारित किए गए भूमि विवादों की पुनः जांच कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर पर 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भूमि संबंधी मामलों के लिए संचालित किया जा रहा है। इसमें भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, चकबंदी संबंधी विवाद, राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े भूमि प्रकरण तथा अन्य भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अनेक मामलों में शिकायतों का निस्तारण कागजी स्तर पर कर दिया गया अथवा उन्हें ह्लस्पेशल क्लोजह्व की श्रेणी में बंद कर दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर विवाद का वास्तविक समाधान नहीं हो सका। कुछ मामलों में अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत कर निस्तारण दर्शा दिया गया। ऐसे मामलों की अब तहसील, जिला एवं मंडल स्तर पर दोबारा समीक्षा की जाएगी ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का भौतिक सत्यापन करते हुए उसकी निष्पक्ष एवं तथ्यपरक रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी मामलों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा कृ वास्तविक रूप से निस्तारित मामले, निस्तारित लेकिन फील्ड सत्यापन योग्य मामले, अनिस्तारित मामले तथा ऐसे मामले जो भूमि विवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। श्री गौड़ ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के भूमि विवादों के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है।

गूंजा मेहनगर को जंक्शन बनाओ, रेल दो-विकास दो

आजमगढ़। रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक, किसान नेता एवं निवर्तमान भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र मौर्य के नेतृत्व में आयोजित हस्ताक्षर अभियान, जनजागरण कार्यक्रम और विशाल जुलूस ने स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र की जनता अब रेल सुविधा के सवाल पर पीछे हटने वाली नहीं है।

रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक, किसान नेता एवं निवर्तमान भाजपा जिलामंत्री महेन्द्र मौर्य के नेतृत्व में सुबह आठ बजे निरंजन कुटी स्थित खाकी बाबा स्थान पर हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हुई। देखते ही देखते अभियान जनसैलाब में बदल गया। कस्बे सहित आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे लोगों ने हस्ताक्षर कर आंदोलन के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया। समिति के कार्यकताओं ने घर-घर और बाजारों में पत्रक वितरित कर लोगों को प्रस्तावित रेल परियोजना और उसके संभावित लाभों की जानकारी दी।

वक्ताओं ने कहा कि वाराणसी-आजमगढ़-गोरखपुर रेलमार्ग का सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है तथा लगभग 3546.46 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। ऐसे में मेहनगर जैसे महत्वपूर्ण तहसील मुख्यालय की उपेक्षा क्षेत्र के विकास के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि मेहनगर को रेलवे जंक्शन का दर्जा मिलने से पूर्वांचल के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा रोजगार, व्यापार और शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे। आंदोलन को उस समय और मजबूती मिली जब स्थानीय अधिवक्ताओं ने खुलकर समर्थन की घोषणा करते हुए कहा कि रेल संपर्क मजबूत होने से पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई उड़ान मिलेगी। हस्ताक्षर अभियान के बाद सैकड़ों लोगों का जुलूस नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा। हाथों में बैनर और मांग पत्र लिए प्रदर्शनकारियों ने मेहनगर को जंक्शन बनाओ, रेल दो-विकास दो और जनता की मांग पूरी करो जैसे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। इसके बाद रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक महेन्द्र मौर्य के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम भूपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। श्री मौर्य ने मांग किया कि मेहनगर तहसील मुख्यालय को रेलवे जंक्शन घोषित किया जाए और वाराणसी से मऊ होते हुए गोरखपुर जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन औड़िहार, मेहनाजपुर, तरवां, मेहनगर, रानी की सराय, आजमगढ़ के मार्ग से करने हेतु आगामी सत्र 2027 में प्रधानमंत्री बजट अवमुक्त करें। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित जंक्शन को इस प्रकार विकसित करने की मांग की गई कि लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित एफसीआई गोदाम भी रेल नेटवर्क से जुड़ सके, जिससे किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिल सके। वहीं बताया गया कि एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए मांग पत्र केंद्रीय रेल मंत्री, भारत सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

नाबालिगों की शादी में पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र स्थित ब्रह्मा बाबा मंदिर में दो नाबालिग की कथित रूप से जबरन शादी कराए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाह की रस्मों को रुकवाते हुए मामले में शामिल आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बताया गया कि यह शादी कथित तौर पर पैसे लेकर कराई जा रही थी।

आरोप है कि शिवरामपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा पूरी व्यवस्था कराई गई थी। पुलिस ने मौके से कई लोगों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी केराकत थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस नाबालिगों की उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच कर रही है तथा मामले में बाल विवाह निषेध अधिनियम समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

प्रथम विश्व योगासन प्रतियोगिता में यूपी के ज्वाला व अश्वनी चयनित

मीरजापुर। देश में पहली बार वर्ल्ड योगासना की ओर से चार से आठ जून 2026 तक गुजरात के अहमदाबाद इका एरिना स्टेडियम में आयोजित होने वाले प्रथम विश्व योगासन प्रतियोगिता में संपूर्ण विश्व से लगभग 60 ज्यादा देशों के हजारों योगासन खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें भारत के साथ विभिन्न देशों के टेक्निकल ऑफिशियल, निर्णायक और अतिथियों का शुभागमन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में यूपी के मीरजापुर जनपद का गौरव बढ़ाते हुए जाने माने राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह एवं अश्विनी कुमार पाण्डेय का (एलडीओ) लाइजनिंग डेवलपमेंट ऑफिसर के रूप में चयन किया गया है, जो प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अलग अलग देशों से आये हुए योगासन खिलाड़ियों एवं कोच का ट्रेनिंग एवं मार्गदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ साथ देश विदेश के जानी मानी हस्तियां विश्व योगासन प्रतियोगिता में खेल एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। इस अवसर पर वर्ल्ड योगासना एवं योगासना भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सम्पूर्ण प्रतियोगिता का भव्य एवं सुंदर आयोजन सुनिश्चित हुआ है। महासचिव डॉ जयदीप आर्य एवं उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक ने चयनित सभी एलडीओ को अपनी शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर जनपद के लोगों ने भी बधाई दी है।

सिलेंडर की कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जौनपुर। मछलीशहर क्षेत्र में लगातार हो रही रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और गैस एजेंसी पर प्रतिदिन लगने वाली उपभोक्ताओं की लम्बी कतारों से आक्रोशित कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव इरशाद खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की तथा मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव इरशाद खान ने कहा कि शंकर गैस एजेंसी मछलीशहर पर दलालों और बिचैलियों का कब्जा हो गया है, उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर न मिल पाने के कारण बहुत से लोगों के घरों में चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। इरशाद खान ने कहा कि एक तरफ पूरा देश सरकार की लूटनीति और महंगाई की मार झेल रहा है तो दुसरी तरफ गैस एजेंसी मछलीशहर पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमतों में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी मछलीशहर के अध्यक्ष मुहम्मद सैफ ने कहा कि इस गैस एजेंसी पर प्रतिदिन उपभोक्ताओं की लम्बी लाइनें लगती है, लोग अपना काम धंधा, रोजी रोजगार छोड़कर रसोई गैस लेने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता है, गैस न मिलने पर उपभोक्ताओं को मायूस होकर घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ सलमानी ने कहा कि एजेंसी संचालक एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं से गलत तरीके से व्यवहार करते हैं, दलालों के माध्यम से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी चरम पर है। इस मौके पर अरुण शुक्ला, डॉ राकेश मिश्रा, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सिंह, जिला सचिव जब्बार अली सलमानी, रईस खान, मेराज अली, किरन, शीला, सन्तोषी सिंह, संजय कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

दुद्धी प्रेस क्लब सभागार ठहाकों से गूंजा

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी प्रेस क्लब के तत्वावधान में कस्बे के डी आर होटल में आयोजित हिंदी पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में मशहूर कॉमेडी कलाकार अभय कुमार शर्मा ने ऐसी छाप छोड़ा कि दुद्धी सहित आसपास के क्षेत्रों में उनकी कॉमेडी चर्चा का विषय बन गया हैं। दुद्धी कस्बे के चट्टी-चौराहों पर मिमिक्री कलाकार की कॉमेडी खूब चर्चाओं में है और सुर्खियां भी बटोर रही हैं। बता दें कि कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे मशहूर कॉमेडियन अभय कुमार शर्मा, जिन्होंने नेताओं और अभिनेताओं की आवाज में पत्रकारों के चुनौतीपूर्ण जीवन को मंच पर उतारा, जिस पर पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में विशिष्ट आकर्षण के केंद्र रहे हास्य कलाकार अभय कुमार शर्मा ने अपनी कला से समां बांध दिया। उन्होंने देश के प्रमुख राजनेताओं और फिल्मी सितारों की हूबहू आवाज (मिमिक्री) निकालकर पत्रकारों के दैनिक जीवन और उनके संघर्षों को मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने रवीश कुमार के आवाज में समाचार भी पढ़ी। अभय शर्मा की एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम में मौजूद लोग हंसने को मजबूर हो गए और पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

दुद्धी प्रेस क्लब के पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में पहुंचे कमेडियन अभय शर्मा ने देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री रक्षा मंत्री सहित लालू व अन्य नेताओं की आवाज निकालकर लोगों को खूब हसाया। मिमिक्री कलाकार अभय कुमार शर्मा की हास्य कॉमेडी क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ हैं।

अंतरराज्यीय गैंग के 2 शातिर सदस्य गिरफ्तार

बीजपुर, सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जिले में वांछित अभियुक्तों की धर-पकड़ के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बीजपुर पुलिस ने वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों अभियुक्त अंतरराज्यीय गैंग के शातिर सदस्य बताये जा रहे है जो फजीर्वाड़े और लूट के मामले में वांछित थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रदीप जायसवाल (उम्र 33 वर्ष), पुत्र जवाहर जायसवाल, निवासी गनियारी रोड, थाना बैढ़न, जिला सिंगरौली (म.प्र.)। श्रीदेव साकेत उर्फ देवा (उम्र 26 वर्ष), पुत्र स्व. रामजी साकेत, निवासी जायका होटल के पीछे, गनियारी, वार्ड नंबर 41, थाना बैढ़न, जिला सिंगरौली (म.प्र.)।

गोवंश का पालन कर रहे लाभार्थी धनराशि न मिलने से परेशान

मीरजापुर। जिले के लालगंज विकास खंड के बामी गांव में मुख्यमंत्री गो-पोषण सहभागिता योजना के तहत गोवंश का पालन कर रहे चार दर्जन लाभार्थी एक वर्ष से धनराशि न मिलने से परेशान हैं। उन्हें गोवंश के पालन-पोषण में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को इन लाभार्थियों ने मीरजापुर विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र सौंपा है।

इस योजना के अंतर्गत लालगंज के बामी गांव की गौशाला से लाभार्थियों को दो से चार गोवंश दिए गए हैं। प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रुपये की दर से धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। हालांकि, पिछले एक वर्ष से अधिक समय से यह धनराशि नहीं मिली है, जिससे किसानों को गोवंश के पालन-पोषण में भारी दिक्कतें आ रही हैं। प्रार्थना पत्र देने वालों में गिरिजा शंकर, लाल बहादुर, तीजा देवी, पार्बती देवी बिंद, ममता देवी, सीता देवी, चैतू प्रसाद, रामखेलावन, अनिल कुमार, कमालुद्दीन और राजकुमार कोल शामिल थे। गांव निवासी चैतू प्रसाद, रामखेलावन और रामलाल कनौजिया ने बताया कि उन्हें मई 2025 तक ही गो-पोषण हेतु धनराशि मिली थी। इसके बाद से वे पशुओं के लिए चारा और भूसा उधार लेकर किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। लाभार्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे गोवंश को क्या खिलाएंगे और कैसे जीवित रखेंगे। बामी के लाल बहादुर ने बताया कि वे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र पाठक से मिलने विकास भवन गए थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र धनराशि खातों में नहीं आई, तो सभी लाभार्थी सामूहिक रूप से गोवंश को गौशाला में वापस करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र पाठक ने बताया कि 20 मार्च से पहले जहां की सूची आ गई थी उन लाभार्थियों के खाते में धनराशि पहुंच गया है। लेकिन जिनके खाते में धनराशि नहीं पहुंचा है, वह लाभार्थी लालगंज के खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

आजमगढ़। थाना जहानागंज क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद सभी छह आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को मामले के शीघ्र अनावरण के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 31 मई 2026 को पीड़िता की मां ने थाना जहानागंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि छह युवकों ने उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा विरोध करने और शोर मचाने पर जान-माल की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना जहानागंज में मुकदमा अपराध संख्या 120/26, धारा 70(1) एवं 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। इसी क्रम में 1 जून 2026 को थानाध्यक्ष जहानागंज अतुल कुमार मिश्र एवं चैकी प्रभारी चक्रपानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नयनपुर मोड़ के पास से सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आजाद (21 वर्ष) निवासी पखनपुर थाना जैतपुर जनपद अंबेडकरनगर, अतिश कुमार (22 वर्ष), करन कुमार (20 वर्ष), विकास कुमार (18 वर्ष) निवासी दिलमनपुर थाना जहानागंज तथा साहिल कुमार (20 वर्ष) एवं अंकित कुमार (18 वर्ष) निवासी बड़ौराखुर्द थाना जहानागंज शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों का आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद चालान कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, हेड कांस्टेबल दिनकर कुशवाहा सहित थाना जहानागंज की पुलिस टीम शामिल रही।

राजेश कुमार आर्य बने आजमगढ़ के संयुक्त शिक्षा निदेशक

आजमगढ़। आजमगढ़ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) नवल किशोर को शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज से संबद्ध कर दिया गया है। उनकी जगह उप शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय लखनऊ में तैनात राजेश कुमार आर्य को आजमगढ़ मंडल का नया संयुक्त शिक्षा निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) देवेन्द्र कुमार गुप्ता को उनके पद से हटाकर शिक्षा निदेशालय माध्यमिक, प्रयागराज से संबद्ध कर दिया गया है। उनके स्थान पर आजमगढ़ में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) के पद पर कार्यरत मनोज कुमार मिश्रा को बलिया का नया जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया गया है। शासन के इस निर्णय को शिक्षा विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद संबंधित जनपदों और मंडलों में नई जिम्मेदारियों के साथ कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग में हुए इस फेरबदल की चर्चा पूरे पूर्वांचल में हो रही है और इसे विभागीय कार्यप्रणाली में नई गति लाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।

कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

जौनपुर। सुरेरी क्षेत्र के सुल्तानपुर कुटी स्थित श्री राम जानकी मंदिर से सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ।

सैकड़ों महिलाओं व श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजक अजय मिश्रा ने पत्नी सहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर कलश यात्रा को विधिवत रवाना किया। पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रख जय श्रीराम के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा श्री राम जानकी मंदिर सुल्तानपुर कुटी से निकलकर नागेश्वर नाथ मंदिर नगेसरा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालु वसुही नदी तट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर कथा स्थल के लिए प्रस्थान किया गया। मार्ग में ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। रथ, हाथी-घोड़े एवं आकर्षक झांकियों के साथ बाजार भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नौ दिवसीय श्रीराम कथा का रसपान वृंदावन धाम के प्रख्यात कथा व्यास रामसनेही मिश्र द्वारा कराया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी।

मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

जौनपुर। लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश स्तर पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, एमएलसी ब्रजेश सिंह प्रिंसु, जिलाध्यक्ष मछलीशहर अजीत प्रजापति, जिलाध्यक्ष डा0 अजय सिंह, जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं की उपस्थिति में देखा गया। इसके उपरांत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन कर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समस्त मेधावी छात्रों को विधायक , मा0 एमएलसी, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेक, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। धायक जफराबाद ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके सफल परिश्रम की सराहना की ।

सपा ने प्रदर्शन कर मतदाता सूची को दुरुस्त करने की उठाई आवाज

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची में हजारों की संख्या में डूब्लीकेट (फर्जी) मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी को लेकर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए ज्ञापन सौंपा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद में 396 सदर विधानसभा, 395-छानबे विधानसभा (सुरक्षित), 397-मझवां विधानसभा,

संक्षेप

टोंटी फैक्ट्री में लाखों की चोरी, व्यापारियों में रोष

मथुरा। थाना गोविंदनगर क्षेत्र के सरस्वती कुंड स्थित एक टोंटी फैक्ट्री में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर करीब पांच लाख रुपये के माल और नकदी की चोरी कर ली। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में रोष व्याप्त है।जानकारी के अनुसार सरस्वती कुंड क्षेत्र में स्थित अरविंद बंसल की टोंटी फैक्ट्री को चोरों ने निशाना बनाया। फैक्ट्री स्वामी के पुत्र शिवम बंसल ने बताया कि सुबह जब वह फैक्ट्री पहुंचे और मुख्य गेट खोलकर अंदर गए, तो वहां का दृश्य देखकर हैरान रह गए। गोदाम का कुंडा टूटा हुआ था और कार्यालय का ताला भी टूटा मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर फैक्ट्री से तैयार माल, अन्य कीमती सामान, चांदी के लक्ष्मी-गणेश के सिक्के, नकदी तथा सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी मंडल महामंत्री योगेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर चोरी गया माल बरामद करना चाहिए।वहीं महानगर अध्यक्ष साकेत अग्रवाल और महानगर महामंत्री दीपक सिंघल ने भी पुलिस से शीघ्र कार्रवाई करते हुए घटना का पदार्फाश करने की मांग की है।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जिला संवाददाता

फिरोजाबाद। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटर परीक्षा-2026 के जनपद स्तरीय मेधावी छात्र छात्राओं के भव्य सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन सभागार कक्ष में किया गया। जिसमें हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की जनपद स्तर पर टॉप टेन की सूची में स्थान पाने वाले मेधावियों को 21 हजार का चेक व प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी अभूतपूर्व सफलता पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाते हुए सदर विधायक मनीष असीजा मेयर कामिनी राठौर ब्लॉक प्रमुख डॉ0 लक्ष्मी नारायण यादव, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल ने समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने न सिर्फ अपने माता-पिता का बल्कि पूरे फिरोजाबाद जनपद का नाम रोशन किया है।सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है, जनपद में हमारे छात्र-छात्राओं को उनके कड़े परिश्रम का उचित मुकाम हासिल हो रहा है।साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वह समय-समय पर इन मेधावी विद्यार्थियों की काउंसलिंग करें, ताकि यह प्रतिभाशाली बच्चे सही मार्गदर्शन पाकर अपने जीवन में एक बेहतर और स्वर्णिम करियर का चुनाव कर सकें।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हाई स्कूल की मेरिट में जनपद में 15वां पायदान 67वें से 52वें स्थान पर की छलांग लगाई है, वही इंटरमीडिएट पर भी 7 वां पायदान का सुधार दर्ज किया गया है। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को बधाई दी, इन परीक्षाओं में बेटियों की शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि, यह उनकी निष्ठा और समर्पण का परिणाम है,जो यह ब्यां कर रहा है, कि अब बेटियों को शिक्षा का अनुकूल माहौल मिल रहा है।इसी कारण उनके अंदर की छिपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आ रही है।

छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, समर्पण और निरंतरता का मूल मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जिलाधिकारी ने बच्चों को सचेत भी किया कि वह सोशल मीडिया के भंवर जाल में न फंसें, इसकी बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में अपने ज्ञानवर्धक हेतु करें।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया, इस प्रकार यह सम्मान समारोह जिले की मेधावियों का हौसला बढ़ाने और उन्हें भविष्य के लिए एक जिम्मेदार अनुशासित व बहुआयामी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षकगण एवं छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने किया मंडल टॉपर नीलांश प्रताप सिंह का सम्मान

शिकोहाबाद। जसलई रोड स्थित द एशियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्र नीलांश प्रताप सिंह को सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में सम्मानित किया। सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में आगरा मंडल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर नीलांश को एक लाख रुपये का चेक, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

सोमवार सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में प्रदेश भर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नीलांश प्रताप सिंह की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में नीलांश की माता आशा राठौर भी मौजूद रहीं।

नीलांश ने फोन पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होना उसके जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने कहा कि पहली बार मुख्यमंत्री से सम्मान प्राप्त कर उन्हें बेहद खुशी और गर्व महसूस हुआ। नीलांश ने यह भी बताया कि समारोह के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री के ठीक पीछे बैठने का अवसर मिला, जो उनके लिए विशेष अनुभव रहा।छात्र की इस उपलब्धि पर द एशियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर राजेंद्र यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नीलांश ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे शिकोहाबाद और आगरा मंडल का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

नीलांश की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने छात्र को बधाई देते हुए उसके भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी हैं।

मासूम आरव हत्याकांड: हत्यारोपी को फांसी देने की मांग,

शिकोहाबाद। यादव कॉलोनी में डेढ़ वर्षीय मासूम आरव की निर्मम हत्या के मामले में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसान नेताओं ने हत्यारोपी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की मांग की।ज्ञापन सौंपते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ सी.पी. यादव ने कहा कि डेढ़ वर्षीय मासूम आरव की जिस बर्बरता और क्रूरता के साथ हत्या की गई, उसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। एक मासूम बच्चे की जान लेने वाला आरोपी किसी भी प्रकार की रियायत का पात्र नहीं है।ऐसे जघन्य अपराध के लिए कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह का अपराध करने का साहस न कर सके।किसान नेताओं ने कहा कि घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आरोपी की क्रूरता पूरे प्रदेश ने देखी है। यह केवल एक परिवार पर नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाओं पर हमला है। उन्होंने मांग की कि पुलिस शीघ्र विवेचना पूरी कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करे और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषी को जल्द से जल्द सख्त सजा दिलाई जाए,नेताओं ने कहा कि मासूम आरव को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन और सरकार को संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहे।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नृपेंद्र कुमार उर्फ आशु, डॉ. सुंदर यादव, सौरभ यादव, ओमवीर सिंह, आशु यादव, मनीष शर्मा, मुनेंद्र यादव, डिंपू, कुशाग्र, ईशान, अमित सिंह, राजकुमार, मनीष सहित अन्य किसान नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी जनगणना अधिकारी ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण

टूंडला। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी कल्पना जायसवाल ने नगर पालिका परिषद टूंडला क्षेत्र का भ्रमण कर जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना से संबंधित व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को जनगणना कार्य को निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया

मथुरा। माध्यमिक शिक्षा विभाग की केंद्र एवं राज्यस्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 1682 छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्रीजी द्वारा मेधावियों को सम्मानित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्रीजी द्वारा भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पूर्ण समर्पण के साथ मेहनत करने हेतु प्रेरित किया गया। उनके द्वारा संबोधन में अवगत कराया गया कि बालिकाओं का रिजल्ट बालकों की अपेक्षा बहुत अच्छा है, इससे प्रतीत होता है कि अब बालिकाएं पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई कर रही है। अब बालकों को भी इससे प्रेरणा लेनी होगी।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में आयोजित किया गया। जनपद स्तर के टॉप 10 मेधावियों को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार द्वारा रुपए 21000 की धनराशि का चेक, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य में अच्छा नागरिक बनने व राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक सत्यदेव ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई व भविष्य में मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक यशपाल सिंह, प्रधानाचार्य शिवचरण, ललित गुप्ता, जमुना बाबू, सतपाल, देवेश, केपी सिंह, बनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

जेईई एडवांस्ड आकाश इंस्टीट्यूट का दबदबा

मथुरा। देश की सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा श्जेईई एडवांस्ड 2026श के परिणाम आज घोषित हो गए हैं। इस परीक्षा में टेस्ट तैयारी के अग्रणी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) मथुरा के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता

●9 छात्रों ने मारी बाजी, मोहित कुमार पांडे ने हासिल की 1415वीं रैंक

हासिल की है। मथुरा सेंटर से कुल 9 छात्रों ने इस कठिन परीक्षा को सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया है।संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष के टॉप परफॉर्मर्स में मोहित कुमार पांडे ने ऑल इंडिया 1415वीं रैंक (एआईआर 1415) हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा यश शर्मा ने एआईआर 6747, अभिनव गुप्ता ने एआईआर 7916 और हर्ष कुमार ने एआईआर 9891 प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।सफलता से गद्गद छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय आकाश इंस्टीट्यूट के शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया है।छात्रों का कहना है कि संस्थान के क्लासरूम प्रोग्राम, बेहतरीन स्टडी मटेरियल, मॉक टेस्ट और रेगुलर असेसमेंट की वजह से उनके कॉन्सेप्ट मजबूत हुए, जिससे वे परीक्षा में अच्छा स्कोर कर पाए। छात्रों की इस शानदार कामयाबी पर खुशी जताते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर मिस्टर डी.के. मिश्रा ने सभी सफल कैंडिडेट्स को बधाई दी। उन्होंने कहा, हमें अपने छात्रों के प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। यह सफलता उनकी पक्की लगन, अनुशासित तैयारी और आगे बढ़ने की इच्छा का परिणाम है। हमारा संस्थान हमेशा से छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

गौरतलब है कि जेईई एडवांस्ड परीक्षा को दुनिया की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है, जिसके जरिए देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटीएस) में प्रवेश मिलता है। इस सफलता के बाद संस्थान और छात्रों के परिवारों में जश्न का माहौल है।

6लाख रुपये कीमत की अवैध शराब बरामद

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार से हरियाणा प्रान्त की अवैध शराब तस्करी कर बिहार ले जा रहे दो शराब तस्करों को 120 बोतल, 336 हाफ व 48 क्वाटर अग्रेंजी हरियाणा ब्रान्ड शराब जिसकी कीमत करीब 06 लाख रुपये सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांगे के निर्देशन में अवैध शराब तस्करी एवं अवैध असलाह की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अ ुपालन में थाना दक्षिण पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त अर्चित पुत्र अरविन्द सिंह निवासी रामनगर कालोनी थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर व आशुतोष पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जटेपुल रेलवे कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को अवैध अग्रेंजी शराब कुल 120 बोतल 336 हाफ एवं 48 क्वार्टर हरियाणा ब्रांड, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख रुपये है, घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार एटीएम क्रेडिट कार्ड व 02 अवैध तमंचा एवं 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दक्षिण पर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुरानी पाण्डुलिपियों का होगा संरक्षण

मथुरा। भारत की अमूल्य और प्राचीन ज्ञान-परम्परा को सहेजने के लिए शासन के निदेर्शों पर जनपद मथुरा में ज्ञान भारतम्-मिशन की शुरूआत की गई है। इस राष्ट्रीय अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राचीन पाण्डुलिपियों की खोज, उनका संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण करना है, ताकि हमारी सभ्यता के प्राचीन ज्ञान को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इन प्राचीन पाण्डुलिपियों में भारत की सदियों पुरानी सभ्यता का ज्ञान, परम्पराएं, विज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक स्मृतियाँ छिपी हुई हैं। इस अनमोल धरोहर को विश्व पटल पर लाने और इसे नष्ट होने से बचाने के लिए आम जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। यदि मथुरा जनपद के किसी भी सम्मानित नागरिक, संस्था या परिवार के पास कोई प्राचीन पाण्डुलिपि उपलब्ध है।

भू माफियाओं और दबंगों को चिन्हित कर की जायेगी कठोर विधिक कार्यवाही :डीएम

फिरोजाबाद।जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि विगत 1 वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में भूमि विवाद से संबंधित जितनी भी शिकायतें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई हैं और तहसील स्तर से उनके निस्तारण का दावा किया गया है, परंतु शिकायतकर्ता उन निस्तारणों से संतुष्ट नहीं हैं, उन सभी प्रकरणों को इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिकता पर पुनर्जीवित किया जा रहा है। ऐसे सभी असंतुष्ट शिकायतकताओं के मामले संबंधित उप जिला अधिकारी के पोर्टल पर वापस भेज दिए गए हैं, ताकि उनका पुनः स्थलीय सत्यापन और विधि सम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जनपद में इस अभियान के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में आए कुल 2,660 प्रकरणों को दोबारा गहन जांच के दायरे में लिया गया है। जिसमें तहसील जसरानाः 832 संदर्भ,तहसील फिरोजाबादः 726 संदर्भ,तहसील शिकोहबादः 546 संदर्भ,तहसील सिरसागंजः 340 संदर्भ तहसील टूंडलाः 216 संदर्भ है।जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कड़े निर्देश दिए हैं कि इस एक महीने के विशेष अभियान में केवल कागजी निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। जिन मामलों में मौके पर विवाद की स्थिति है या शांति भंग होने की आशंका है, वहाँ राजस्व विभाग की टीम के साथ अनिवार्य रूप से पर्याप्त पुलिस बल को शामिल करते हुए संयुक्त टीमें मौके पर भेजी जाएं। पुलिस और राजस्व की यह संयुक्त टीमें मौके पर जाकर फील्ड वेरिफिकेशन स्थलीय सत्यापन करेंगी, दोनों पक्षों को सुनेंगी और साक्ष्यों के आधार पर समस्या का स्थाई समाधान कराएंगी। इस विशेष अभियान के तहत सार्वजनिक भूमि तालाब, खलिहान श्मशान घाट खेल के मैदान और अन्य आरक्षित जमीनों पर किए गए अवैध कब्जों को सख्ती से हटाना। पट्टे की भूमि के आवंटन और उस पर वास्तविक कब्जे को लेकर उत्पन्न हुए विवाद। राजस्व अभिलेखों खतौनी आदि में लिपिकीय त्रुटि, नाम सही करने संशोधन करने अथवा पूर्व में की गई किसी भी प्रकार की फर्जी प्रविष्टियों को दुरुस्त करना। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चकमार्गों और सार्वजनिक रास्तों को लेकर होने वाले आपसी गतिरोध।पैमाइश व वरासतः संक्रमणीय भूमिधरों के बीच आपसी पैमाइश हदबंदी के लंबित विषय और वरासत व आपसी विभाजन बंटवारा से जुड़े मामले। राजस्व न्यायालय, सिविल न्यायालय चकबंदी न्यायालय या उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं, उनका विधिक स्थिति के अनुसार अंकन करना ताकि आगे का मार्ग प्रशस्त हो सके।जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल शिकायतों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक रूप से संतुष्ट करना है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई या किसी शिकायत का निस्तारण बिना मौका देखे या गलत तथ्यों के आधार पर पोर्टल पर फीड किया गया,तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक व अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पत्रकारों को मिली गोली मारने की धमकी, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

जिला संवाददाता

मथुरा। तीर्थनगरी वृंदावन की कोतवाली सोमवार को उस समय अखाड़े और विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र बन गई, जब परिसर के भीतर ही पत्रकारों को खुलेआम जान से मारने की धमकी दे दी गई। इस घटना से आक्रोशित होकर सैकड़ों की संख्या में पत्रकार कोतवाली के मुख्य द्वार के बाहर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। पत्रकारों का आरोप है कि पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें गंभीर धमकी दी गई, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफ तत्काल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

कुछ दिन पूर्व एक निर्माण कार्य की कवरेज के दौरान पत्रकार राज चैधरी और शिखा शर्मा नामक महिला के बीच तीखा विवाद हुआ था। पत्रकार पक्ष का आरोप है कि समाचार कवरेज से नाराज होकर महिला ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया था। इसी मामले की लिखित शिकायत देने के लिए सोमवार को पत्रकार वृंदावन कोतवाली पहुंचे थे। इसी दौरान दूसरी ओर से शिखा शर्मा, उनके पति प्रकाश शर्मा और अन्य साथी भी वहां आ धमके।

पीड़ित पत्रकारों का आरोप है कि कोतवाली परिसर में ही दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान शिखा शर्मा, प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा उर्फ सैंडी और उनके अन्य सहयोगियों ने पत्रकारों के साथ न सिर्फ घोर अभद्रता की, बल्कि उन्हें खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी। पत्रकारों का दावा है कि आरोपियों ने रौब दिखाते हुए यहाँ तक कह दिया कि सभी पत्रकार अपना बीमा करवा लें, क्योंकि उन्हें गोली मार दी जाएगी। यह पूरा घटनाक्रम कथित रूप से कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में हुआ,

जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस दुस्साहसिक घटना के बाद ब्रज क्षेत्र के पत्रकारों में भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस की शिथिलता के विरोध में सैकड़ों पत्रकार कोतवाली के गेट पर धरने पर बैठ गए और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देर शाम तक चले इस धरने को जनपद के विभिन्न व्यापार मंडलों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी अपना खुला समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि थाने के भीतर भी लोकतंत्र का चैथा स्तंभ सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के जिला महामंत्री सुशील गोस्वामी ने इस घटना की तीखी निंदा की है। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, पुलिस की मौजूदगी में पत्रकारों को इस तरह धमकाया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि पुलिस ने जल्द ही दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम नहीं उठाए, तो इस आंदोलन को उग्र करते हुए जिला मुख्यालय (मथुरा) तक विस्तारित किया जाएगा। धरने में अनुपम आचार्य, विपिन पाराशर, नितिन गौतम, पवन गौतम, महेश गोस्वामी, पुनीत शुक्ला, अभिषेक शर्मा, राजा तिवारी, कपिल गोस्वामी, लाखन तोमर, जहीर आलम, शुभम शर्मा, आनंद शर्मा, प्रमेंद्र अस्थाना, वैभव भारद्वाज, विकास अग्रवाल, प्रेम कौशिक, अमित शर्मा, पुनीत शर्मा, संजय सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय पत्रकार मुस्तैद रहे। वहीं व्यापारियों की तरफ से व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी जिनमें धनेंद्र अग्रवाल बॉबी, आलोक बंसल, लक्ष्मी नारायण तिवारी एवं कई अन्य गणमान्य व्यापारी भी पत्रकारों के कंधे से कंधा मिलाकर धरने पर डटे रहे।

पार्किंग तक किया एडीजी-डीआईजी ने किया पैदल भ्रमण

मथुरा। धर्मनगरी वृंदावन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सोमवार को शासन और प्रशासन के आला अधिकारियों ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुवेंद्र कुमार भगत और पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शैलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने वृंदावन के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान अधिकारियों ने प्रेम मंदिर तिराहा से लेकर मल्टी लेवल पार्किंग तक पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने स्थानीय अधिकारियों को यातायात और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के कड़े निर्देश दिए।

वकील-नायब तहसीलदार में चले लात-घूंसे, दाखिल-खारिज फाइल को लेकर विवाद, बाद में समझौता

मथुरा। सदर तहसील परिसर में सोमवार दोपहर एक दाखिल-खारिज फाइल को लेकर वकील और नायब तहसीलदार के बीच विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान जमकर लात-घूंसे चले। इस अचानक हुई घटना से तहसील परिसर में मौजूद फरियादियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वकील वहां से जा चुके थे। अड़ींग निवासी अधिवक्ता दीपचंद यादव किसी कार्य से सदर तहसील पहुंचे थे। इसी दौरान वृंदावन सर्किल का कार्य देख रहे नायब तहसीलदार प्रशांत सिंह से दाखिल-खारिज की एक फाइल को लेकर उनकी कहासुनी हुई। पहले तीखी बहस हुई, जो जल्द ही धक्का-मुक्की और हाथापाई में बदल गई। मारपीट के बाद नायब तहसीलदार प्रशांत सिंह ने पूरे मामले की शिकायत एसडीएम सदर से करते हुए कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और अधिवक्ताओं से बातचीत शुरू की।

एसडीएम सदर आदेश कुमार ने बताया कि दाखिल-खारिज की फाइल को लेकर अधिवक्ता और नायब तहसीलदार के बीच कहासुनी हुई थी, जो हाथापाई तक पहुंच गई। अधिकारियों की मध्यस्थता और अधिवक्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद मामला शांत हो गया और आपसी सहमति से समझौता कर लिया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

वेंटिलेटर पर युद्ध विराम

अमरीका और ईरान के बीच वैसे तो युद्धविराम अब भी है लेकिन बीते कई दिनों से हर दिन युद्ध विराम टूट रहा है। शांति वार्ता जिसे लेकर पाकिस्तान बहुत उचक रहा था उसका फिलहाल कोई अता-पता नहीं। युद्ध विराम हर दिन टूट रहा है और अब तो ऐसा लगता है कि न ट्रंप और न ही ईरान युद्ध विराम को लेकर गंभीर हैं। इससे स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का सिलसिला जारी रहेगा और अभी तक इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज स्ट्रेट का अवरोध कब तक खुलेगा ताकि तेल और गैस का अबाध प्रवाह शुरू हो सके। दुनिया के कच्चे तेल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। 28 फरवरी को लड़ाई शुरू होने के बाद उस इलाके से बहुत कम तेल गुजर सका है और इसके चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। तेल कीमतों में इजाफा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में कठिनाई पैदा कर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। काफी देरी के बाद सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पंप पर तेल कीमतों में इजाफा शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज इजाफा होने पर सरकार को हमेशा इस दुविधा का सामना करना पड़ता है कि वह बढ़ी हुई कीमत का

भार झेले या उसे उपभोक्ताओं पर डाल दे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बुधवार को एक विश्लेषणात्मक पोस्ट प्रस्तुत की जिसमें कुछ नीतिगत संकेत हैं। आईएमएफ ने सही कहा है कि कोई भी एक समान समाधान सभी पर लागू नहीं होता। पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का प्रभाव ऊर्जा पर निर्भरता, बाजार संरचना और राजकोषीय क्षमता सहित कई कारकों पर निर्भर करता है। ऊर्जा की लगातार ऊंची बनी कीमतें आम परिवारों की क्रय शक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और व्यवसायों पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि यदि सरकार की प्रतिक्रिया सावधानीपूर्वक तैयार नहीं की गई तो यह महंगी और उलझनभरी साबित हो सकती है। इसलिए राजकोषीय प्रतिक्रिया अस्थायी, उचित समय पर और लक्षित होनी चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया है कि घरेलू ऊर्जा कीमतों को लागत के हिसाब से रहने दिया जाये। कमजोर परिवारों को अस्थायी और लक्षित सहायता दी जा सकती है, जबकि सक्षम छोटे व्यवसायों को मूल्य नियंत्रण के बजाय नकदी संबंधी उपायों के माध्यम से सहारा दिया जा सकता है। भारत में सरकार ने व्यवसायों को समर्थन देने के लिए ऋण गारंटी योजना की घोषणा की है। इसके साथ ही एयरलाइंस के लिए विशेष व्यवस्था भी की है। हालांकि उसने घरेलू कीमतों को अंतरराष्ट्रीय लागत को परिलक्षित करने की अनुमति नहीं दी है। उसने विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया है जिससे बजट पर सीधा असर पड़ेगा। अभी हाल तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये की अंडर रिकवरी का सामना कर रही थीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो बार मामूली बढ़ोतरी किए जाने के बाद यह अंडररिकवरी कुछ कम हुई है। लेकिन अभी और कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि अंततः तेल कंपनियों का घाटा सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा। कमजोर परिवारों को सहारा देने के सुझाव को भारतीय संदर्भ में लागू करना कठिन है क्योंकि लक्षित करने में मुश्किल आएगी। यह आंकना कठिन होगा कि किसी परिवार पर कितना असर पड़ा है और यह आसानी से राजनीतिक मुद्दा बना सकता है। उदाहरण के लिए सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देती है जिसे उचित ठहराना मुश्किल है। इसके अलावा सरकार किसानों की रक्षा कर रही है और तर्कसंगत रूप से उपभोक्ताओं की भी क्योंकि उसने उर्वरक कीमतों को समायोजित करने की अनुमति नहीं दी है। कुल मिलाकर स्थिति को संभालने के लिए कोई आसान समाधान नजर नहीं आ रहा है। फिर भी सरकार को अधिक मूल्य समायोजन की अनुमति देनी होगी क्योंकि स्थिति और बिगड़ सकती है। जहां तक युद्ध और इसके प्रभाव की बात है, तो यह लंबा खिंच सकता है और देश को लंबे समय तक इसकी तकलीफ बर्दास्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
-शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
-गौतम बुद्ध.

आर्थिक और भू-राजनीतिक साझेदारी की राह

अरविन्द जयतिलक

चीन क्वॉड देशों की मौजूदा गोलबंदी को समझ रहा है इसीलिए वह इन देशों की भू-संप्रभुता व सामुद्रिक सीमा का लगातार अतिक्रमण कर रहा। दरअसल उसकी मंशा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, आस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान की भूमिका को सीमित कर अपने प्रभाव का विस्तार करना है। उसे भय है कि अगर इस क्षेत्र में इन देशों की निकटता बढ़ी तो परिस्थितियां उसके प्रतिकूल हो सकती हैं।

भारत की राजधानी नई दिल्ली में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के समूह क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) के विदेश मंत्रियों की बैठक संपन्न हो गयी। समूह देशों ने बैठक में होर्मुज संकट और उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के साथ आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की। सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में 'मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत' पर प्रतिबद्धता जताते हुए इस क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों की निगरानी के लिए तकनीक और क्षमताएं साझा करने की शानदार पहल की है। इसे इंडो-पैसिफिक मैरिटाइम सर्विसलांस कोऑपरेशन इनिशिएटिव नाम दिया है।

इसके जरिए हिंद महासागर और प्रशांत क्षेत्र में जहाजों और समुद्री सुरक्षा की आसानी से निगाह बानी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि दुनिया के लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार का रास्ता हिंद-प्रशांत क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र की निगाहबानी क्वॉड समूह के लिए आवश्यक है। समूह के सदस्य देशों ने अहम खनिजों मसलन क्रिटिकल रेयर अर्थ मिरल्स के लिए साझा फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसी से छिपा नहीं है कि हर इलेक्ट्रॉनिक्स और उच्च उत्पादों के लिए आवश्यक रेयर अर्थ मिनरल्स की 90 प्रतिशत आपूर्ति चीन से होती है। लेकिन अब समूह देशों ने इस मामले में चीन के दबदबे की तोड़ निकाल ली है। समूह देशों के इस पहल से चीन की बेचैनी बढ़ गई है और उसने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छोटे गुट के जरिए टकराव न न पैदा किया जाए। यह पहली बार नहीं है जब क्वॉड समूह की बैठक को लेकर चीन की बौखलाहट बढ़ी है। गत वर्ष पहले अमेरिका के डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) देशों का ऐतिहासिक सालाना लीडर्स समिट संपन्न हुआ तब भी चीन भन्नाया हुआ था। तब सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में दक्षिण चीन सागर का जिक्र करते हुए दो टूक कहा था कि 'हम पूर्वी दक्षिण चीन सागर के हालात को लेकर चिंतित हैं और सभी को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए।' सच्चाई भी यही है कि इस क्षेत्र की संप्रभुता को मिल रही चुनौती के लिए एकमात्र चीन जिम्मेदार है। उसके द्वारा निर्मित इस परिस्थिति से निपटने के लिए ही क्वॉड जैसे संगठन की जरुरत महसूस की गई। याद होगा 2007 में भारतीय संसद को संबोधित करते हुए जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने स्पष्ट रुप से कहा था कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा। उनकी दूरदर्शी सोच और परिकल्पना ही आगे चलकर क्वॉड के गठन का आधार बनी। गौर करें तो क्वॉड के गठनकाल से ही चीन की बेचैनी बढ़ी हुई है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

क्वॉड मीटिंग

वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी। समझना होगा कि क्वॉड के सदस्य देश अपने पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान ही चीन को अपने हद में रहने की सलाह दे चुके हैं। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि आस्टेलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार है। याद होगा गत वर्ष इसी क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' (आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद की थी। चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है। दूसरी ओर वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरुरी हो गया है। अच्छी बात है कि इस क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच सहमति बनती जा रही है। सभी देश सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल कर चीन की हरकतों पर लगाम कसने को तैयार हैं। द्वीपीय देशों का भारत के साथ आने से चीन की बेचैनी और छटपटाहट और बढ़ेगी। लेकिन जिस तरह से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश चीन के खिलाफ मोर्चा बना रहे हैं उससे स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में अब चीन की दादागीरी नहीं चलने वाली है। चीन के खिलाफ यह पहल इसलिए भी आवश्यक है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है।

मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रुप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बना हुआ है। इस क्षेत्र की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के तकरीबन एक तिहाई से ज्यादा है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 60 फीसदी और विश्व व्यापार का 75 फीसदी कारोबार इसी क्षेत्र से होता है। देखें तो इस क्षेत्र में अवस्थित बंदरगाह विश्व के व्यस्ततम बंदरगाहों में शुमार हैं। यह क्षेत्र इसलिए भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि यहां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले क्षेत्रीय व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। किसी से छिपा नहीं है कि यह क्षेत्र उर्जा व्यापार के लिहाज से भी इस क्षेत्र के देशों के लिए अति संवेदनशील है। ऐसे में इस क्षेत्र को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिए ही क्वाड के अलावा 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' और 'भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग' जैसे नए-नए गठजोड़ आकार ले रहे हैं। तथ्य यह भी कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'मुक्त एवं स्वतंत्र' क्षेत्र बनाने के लिए अमेरिका भारत-जापान संबंधों के महत्व को सार्वजनिक रुप से स्वीकार चुका है तथा साथ ही अमेरिका के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नीति सर्वोच्च प्राथमिकता में है। दो राय नहीं कि विगत दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के मंच पर चीन की विशिष्ट पहचान बनी है और वह आर्थिक सुधारों के जरिए विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। लेकिन अब वह जिस आक्रामक तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी दखलदांजी बढ़ा रहा है उससे अमेरिका, भारत, आस्टेजलिया, जापान के अलावा इस क्षेत्र से जुड़े अन्य देशों का चिंतित होना लाजिमी है।

चीन इन देशों की मौजूदा गोलबंदी को समझ रहा है इसीलिए वह इन देशों की भू-संप्रभुता व सामुद्रिक सीमा का लगातार अतिक्रमण कर रहा है। दरअसल उसकी मंशा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, आस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान की भूमिका को सीमित कर अपने प्रभाव का विस्तार करना है। उसे भय है कि अगर इस क्षेत्र में इन देशों की निकटता बढ़ी तो परिस्थितियां उसके प्रतिकूल हो सकती है। इसलिए और भी कि जापान 'एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग' संगठन में भारत की सदस्यता का लगातार वकालत कर रहा है। चीन अच्छी तरह जानता है कि अगर भारत इस संगठन का सदस्य बनता है तो उसकी मनमानी और विस्तारवादी नीति पर लगाम लग सकता है। बहरहाल क्वॉड देशों की बैठक बेहद सफल रही और उम्मीद किया जाना चाहिए कि सदस्य देशों के बीच आर्थिक और सामरिक-रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी।

सोशल मीडिया

काम का पैमाना यह है कि मुल्क में कितने ऐसे लोग हैं जिनकी आंखों से आंसू बहते हैं और उसमें कितने के आंसू हमने पोछे हैं। कितने लोगों के आंसू हमने कम किये हैं। प्रियंका गांधी.

डबल इंजन सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान, पुनर्वास, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य कर रही है। सीएम योगी.

सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती सुमन कल्याणपुर जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है, उनका अवसान भारतीय संगीत एवं कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। जेपी नड्डा.

ईश्वर की श्रेष्ठ कृति

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

अंतर्दृष्टि

संस्कारों की सीख

व्यंग्यलोक

पिताजी से मुझे संस्कार मिले थे। उन्होंने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विद्रूप करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विद्रूप नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।

पूरन सरमा

दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा वैश्विक जल संकट

सामयिक

लोकमित्र

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे। आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर।

क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है। अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं।

आपकी बात

शिक्षा को प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश स रकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है ले किन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

रघुवीर यादव, लखनऊ.

बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रांसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

गैंग का 01 सदस्य गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार

बहराइच । पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्र के पर्यवेक्षण में प्रभारी दरगाह शरीफ श्री रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 243/2026 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में मिली सफलता ।प्रदेश स्तर पर चिन्हित 68 टॉप माफिया में से जनपद बहराइच के अपराधी गब्बर सिंह उर्फ देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा एक सुसंगठित आपराधिक गिरोह संचालित किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य अपने एवं गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक, भौतिक एवं अन्य प्रकार के लाभ प्राप्त करना है। उक्त गिरोह द्वारा संगठित रूप से जनपद बहराइच सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्बल एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी बहुमूल्य भूमि, भवन एवं अन्य सम्पत्तियों को हड़पने की नीयत से कूटरचित अभिलेख तैयार कर अवैध कब्जा करने जैसे अपराध कारित किए जाते हैं।

एईपीएस के माध्यम से बैंक खातों से पैसे उड़ाने वाले 3 साइबर ठग गिरफ्तार

जिला संवाददाता

- 4 मोबाइल, 5 सिमकार्ड, 2 थम्ब स्कैनर, अर्टिगा कार बरामद
- फिंगरप्रिंट क्लोन कर पीड़ितों के बैंक खातों से निकालते थे पैसे

बाराबंकी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने नकली फिंगरप्रिंट क्लोन बायोमेट्रिक से एईपीएस (आधार सक्षम भुगतान प्रणाली) के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले 3 अभियुक्तो को मोबाइल, सिमकार्ड, थम्ब स्कैनर, कार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन स्थित सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि बीती 30 मई 2026 को वादी मो0 आजम पुत्र मो0 शब्बीर ग्राम मरकामऊ थाना बदोसराय ने आरोपी संदीप कुमार ने उनके भाई मो0 अंसार को झांसा देकर सहज मनी कंपनी की एक रिटेलर आईडी बनवाकर अपने दोस्त शिवम यादव व अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी व कूटरचित आधार कार्ड एवं बायोमेट्रिक का अवैध तरीके से इस्तेमाल करते हुए 1,29,000 रुपए की धोखाधड़ी कर अपने व अपने साथियों के अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिये जाने की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये 3 अभियुक्त शिवम यादव पुत्र देशराज यादव निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर, मनीष यादव पुत्र देशराज यादव निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर व नुसरत अली पुत्र गुलाम रसूल निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर को सोमैया तिराहे के आगे फैक्ट्री के पास से 4 अदद मोबाइल, 5 अदद सिम कार्ड, 2 अदद थम्ब स्कैनर मशीन, एक अदद अर्टिगा कार यू0पी 32 एनवाई 5099 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त सीधे-साधे लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर सहज मनी रिटेलर आईडी बनाकर कुछ ऑनलाइन सर्विस देने वाली वेबसाइटों के माध्यम से राशन कार्ड, आरटीओ विभिन्न सरकारी स्रोतों से आम-जनमानस के आधार नंबर, लिंक बैंक खाते, मोबाइल नंबर, पैन कार्ड की गोपनीय जानकारी चुराकर क्लोन बायोमेट्रिक (नकली फिंगरप्रिंट) या अन्य अवैध माध्यमों से पीड़ितों के बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे। तथा रकम को अपने व अपने साथियों के खातों में ट्रांसफर कर लेते थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक अच्छे लाल सरोज, उ0नि0 सत्येंद्र प्रकाश पाण्डेय, हे0का0 जितेन्द्र कुमार गौड, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, पंकज यादव मौजूद रहे।

विद्युत दुर्घटनाओं में जान गवाने वाले कर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि

मिल्कीपुर-अयोध्या। जिले के विद्युत विभाग के मिल्कीपुर, कुमारगंज समेत सभी बिजली घरों एवं जिला मुख्यालय स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा प्रदेश में सेवारत रहते हुए अपनी जान गंवाने वाले आउटसोर्स संविदा विद्युत कर्मचारियों के आकस्मिक निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी।

आउटसोर्स संविदा कर्मचारी संघ के जोन अध्यक्ष संतोष कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने लगभग 25,000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया है, कर्मचारियों की इस भारी कमी के कारण शेष आउटसोर्स कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक भार पड़ रहा है। 11 केवी आउटगोइंग फीडरों पर एक गैंग (जिसमें एक लाइनमैन, एक पेट्रोलमैन/कुशल श्रमिक और दो अकुशल श्रमिक शामिल होते हैं) के स्थान पर केवल एक कर्मचारी को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अकुशल श्रमिकों से एच.टी./एल.टी. लाइनों, ट्रांसफार्मरों और ब्रेकरों पर कार्य कराया जा रहा है।

सबसे पहले एचएलबी कार्य पूर्ण करने वाले 11 प्रगणकों को डीएम ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत अपनी-अपनी हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने वाले 11 प्रगणकों को जिलाधिकारी व प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसकी सफलता कार्मिकों की निष्ठा, परिश्रम एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन पर निर्भर करती है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य कार्मिकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। डीएम ने प्रगणकों में नगरीय निकाय बेलहरा विश्वनाथ सिंह, तहसील सिरौलीगौसपुर प्रेमचन्द्र, नगरीय निकाय बंकी कंचन प्रभा, तहसील हैदरगढ़ सुखदेव, तहसील नवाबगंज अर्चना सिंह, नगर पंचायत रामसनेहीघाट रविकान्त श्रीवास्तव, विजय बहादुर, तहसील रामसनेहीघाट पिंकी सिंह, तहसील रामनगर सुनील तिवारी, नगर पंचायत सिद्धौर आदर्श सोनी, तहसील फतेहपुर अमित सिंह को अपनी-अपनी एचएलबी में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने पर प्रशस्ति पत्र सौप कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम निरंकार सिंह, नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी आदि मौजूद रहे।

प्रशासन ने जे सी बी से ढहाये 9 मकान

बहराइच । जिले के पयागपुर तहसील में स्थित सचौली ग्राम में लोगों की ओर से सार्वजनिक सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कर मकान बना लिए थे । जिसके बाद इसकी शिकायत उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से की गई थी।

कोर्ट ने स्थानीय प्रशासन को अवैध निमार्णों को हटाने के निर्देश दिए थे ।जिसके बाद तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी ने अवैध निर्माण करने वाले 9 ग्रामीणों को बीते सप्ताह नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था ।

लेकिन उसके बाद भी लोगों की ओर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया । समय सीमा समाप्त होने के बाद सोमवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडे , तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी थाना प्रभारी पयागपुर के साथ जे सी बी लेकर मौके पर पहुंचे इस दौरान अवैध तरीके से बनाए गए नौ मकानों को पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त करा दिया ।

उप जिलाधिकारी में बताया कि गाटा संख्या 406 में तैयब अली, गाटा संख्या 1416 में हनीफ नान, शमसुद्दीन अली, जमील डफाली समेत नौ लोगों के मकानों को ध्वस्त किया गया है । उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है ।

शौचालय के उपयोग को लेकर खूनी संघर्ष, युवक की हत्या

- थाना कैंट के ककरही बाजार की घटना, आरोपियों में माता, पिता व भाई बहन शामिल
- हत्या का मुकदमा पंजीकृत, चारो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या। थाना कैंट क्षेत्र के ककरही बाजार में शौचालय के उपयोग को लेकर शुरू हुआ पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता, मां, भाई और बहन को गिरफ्तार कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ककरही बाजार निवासी मौजीराम के दो पुत्र हैं।

बड़ा पुत्र राधेश्याम अपनी पत्नी रेनू और 10 वर्षीय पुत्र के साथ सड़क के दूसरी ओर स्थित मकान में रहता था, जबकि मौजीराम अपनी पत्नी मीना देवी, छोटे पुत्र घनश्याम और पुत्री के साथ सामने वाले मकान में रहते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौजीराम दूसरे मकान में स्थित शौचालय का उपयोग करने जा रहे थे। इस दौरान उनके बड़े बेटे राधेश्याम ने उन्हें अपने मकान के शौचालय का उपयोग करने के लिए कहा। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर घनश्याम भी मौके पर पहुंच गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होने लगी। आरोप है विवाद के दौरान मौजीराम, उनकी पत्नी मीना देवी, पुत्र घनश्याम और पुत्री अनीता ने मिलकर राधेश्याम तथा उसकी पत्नी रेनू पर डंडे और चारपाई की पटिया से हमला कर दिया। हमले में राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। वहीं रेनू के पैर में गंभीर चोट आई है और उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल रेनू की तहरीर पर थाना कैंट में हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना कैंट प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि मामले में नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

पसमांदा महाज ने की सामाजिक बराबरी हिस्सेदारी, जाति जनगणना जागरूकता चौपाल

जैदपुर, बाराबंकी। दशकों प्रदेश पर राज करने वाली सपा, बसपा, कांग्रेस को पसमांदा मुसलमान कभी नजर नही आया। इसके बावजूद पसमांदा मुसलमान दिन बहुरने की आस में सपा, बसपा, कांग्रेस को सत्ता की दहलीज तक पहुँचाता रहा। पर इन दलों का दिल नही पसीजा और आज पसमांदा मुस्लिम की दलित से भी बदतर हालत के लिए सीधे तौर पर यही दल जिम्मेदार है। उक्त उद्गार विधानसभा जैदपुर के ग्राम पंचायत चन्दवारा मे आयोजित सामाजिक बराबरी, सत्ता में हिस्सेदारी, जाति जनगणना जागरूकता चैपाल मे आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। उन्होंने कहा कि सपा धर्मनिरपेक्ष दल होने का दावा तो करती है। पर उसका असली चेहरा कुछ और ही रहा। सपा हुकूमत ने अंग्रेजों के जुल्म को भी पीछे छोड़ दिया। सपा चाहती तो राज्यसभा भेजकर कम से कम पसमांदा मुस्लिम समाज को नुमाइंदगी दे ही सकती थी। पर यह भी नही हो सका बस वोटबैंक बना कर रख दिया। उसे हक हुकूक से वंचित रखकर सपा सरकार ने कभी आर्टिकल 341 पर धार्मिक पाबंदी पर राज्यसभा या लोकसभा में कोई आवाज नहीं उठाई। चैपाल आयोजक महाज जिला सचिव कुतुबुद्दीन राईन ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर हफीज ताजुद्दीन अंसारी, जाफर राईन, मोहम्मद हसीब, असगर अली, सैय्यद अली, मोनिस, मोहम्मद अबसार, मोहम्मद अफजाल, इस्लामुद्दीन, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद फहीम, खुर्शीद अंसारी, हसनैन अंसारी, मोहम्मद आलम, रऊफ राईन मौजूद रहे।

पीडीए सरकार आने पर ही खत्म होंगी आम जनमानस की समस्याएं: ज्ञान सिंह यादव

बाराबंकी। पीडीए की लड़ाई यदि को लड़ रहा है वो हम सबके अखिलेश यादव हैं। शोषित, वंचित, पिछड़ों गरीब मजलूमों की आवाज बनकर खड़े हैं। विकास का पहिया अखिलेश ही हैं। 2027 में एक जुट होकर पीडीए की सरकार

बनाना है। और पीडीए महानायक अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। मौजूदा सरकार में पेपर लीक से लेकर भ्रष्टाचार माताओं बहनों के चीर हरण से लेकर गरीब, किसान नौजवान युवा एवं व्यापारी सब दुखी हैं। बढ़ती मंहगाई से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त है। उक्त उद्गार विधानसभा सदर के ग्राम संदौली मे पीडीए द्वारा आयोजित चैपाल मे सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने ग्रामवासियो को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर विकास यादव, हरिपाल सिंह यादव, राकेश यादव, रामदत्त यादव, शिवम मिश्रा, सतीश गौतम, रफी अहमद, शिवबहाल राजपूत, शिवकुमार राजपूत, नगरे रावत, छोटे बंसल, जगदीश बंसल, पंकज शर्मा, राम अवतार, श्रीपाल, रमापति यादव, अनिल, शिव प्रसाद, राजकुमार, अजय यादव, सहदेव, रामभजन जयपाल, संदीप, कुलदीप, संदीप, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

जेईई एडवांस्ड 2026 में एईएसएल छात्रों का रहा बेहतर प्रदर्शन

- अथर्व वेद त्रिपाठी ने 181 अंकों के साथ हासिल की एआईआर 2351 रैंक

अयोध्या। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अयोध्या सेंटर के छात्रों ने देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक, जेईई एडवांस्ड 2026 में असाधारण प्रदर्शन किया है। परीक्षा के नतीजे सोमवार को घोषित किए गए जिसमें सेंटर से कुल 5 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में सफलता पूर्वक क्वालिफाई किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि एईएसएल के व्यवस्थित शिक्षण तंत्र, अनुभवी फैकल्टी और परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है। सेंटर के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में, अथर्व वेदत्रिपाठी ने 181 अंकों के साथ अखिल भारतीय रैंक (एईएसएल) 2351 हासिल की, जबकि प्रियांशु श्रीवास्तव ने 155 अंकों के साथ एआईआर 5006 हासिल की। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में राघव निगम (एआईआर11254), विश्वास राय (एआईआर 24513), और प्रज्ज्वल तिवारी (एआईआर 28539), हर्षित कुमार 2071 कैटिगरी रैंक, अनुष्का कनौजिया कैटिगरी रैंक 4002 शामिल हैं। ये छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जो जेईई एडवांस्ड जैसी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक वैचारिक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने पर केंद्रित है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए छात्रों ने कहा, हम अपनी तैयारी की पूरी यात्रा के दौरान लगातार मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहयोग और मेंटरशिप के लिए आकाश के आभारी हैं। अध्ययन सामग्री, क्लासरूम सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने हमें अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डी.के. मिश्रा ने कहा, हमें अपने छात्रों पर बहुत गर्व है कि उन्होंने जेईई एडवांस्ड 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उनकी सफलता उनकी अटूट लगन, अनुशासित तैयारी और आगे बढ़ने की पक्की चाहत का नतीजा है। एईएसएल में, हम टैलेंट को निखारने और छात्रों को उनके एकेडमिक सपनों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। हम सभी सफल उम्मीदवारों को उनके एजुकेशनल सफर के अगले पड़ाव के लिए शुभकामनाएँ देते हैं। जेईई एडवांस्ड, प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में एडमिशन पाने का जरिया है और इसे दुनिया की सबसे मुश्किल इंजीनियरिंग एंट्रेंस परीक्षाओं में से एक माना जाता है। जेईई मेन क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवार जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य हो जाते हैं और प्ज्ञे के साथ-साथ देश भर के दूसरे बड़े इंजीनियरिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए मुकाबला करते हैं।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए क्लासरूम, हाइब्रिड और डिजिटल लर्निंग तरीकों से तैयारी के पूरे प्रोग्राम पेश करता है। ये प्रोग्राम छात्रों को उन ऊँची प्रतियोगिता वाली परीक्षाओं में सफल होने के लिए जरूरी ज्ञान, आत्मविश्वास और परीक्षा के माहौल में ढलने की क्षमता से लैस करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) भारत की सबसे बड़ी टेस्ट तैयारी कंपनी है, जो मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग एंट्रेंस परीक्षाओं (जेईई) जैसी बड़ी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के साथ-साथ एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पूरी सेवाएँ देने में माहिर है। एईएसएल का पूरे भारत में 415 से ज्यादा सेंटरों का नेटवर्क है, जिसमें अभी 400,000 से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं।

पिछले 37 सालों में कंपनी ने बाजार में अपनी एक मजबूत जगह और ब्रांड वैल्यू बनाई है। एईएसएल टेस्ट की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित तरीका अपनाता है। इसमें बहुत काबिल फैकल्टी, लचीले प्रोग्राम और टेक्नोलॉजी की मदद से पढ़ाने के तरीके शामिल हैं, ताकि छात्रों को अपनी असली एकेडमिक क्षमता को पहचानने में मदद मिल सके। इस मौके पर सेंटर के दीपक सिंह, विजय पाठक, शिवम त्रिपाठी, आयुष गुप्ता, दुर्गेश राय ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

अयोध्या में बनकर तैयार हुआ एसटीएफ मुख्यालय का आधुनिक भवन

जिला संवाददाता

- 9.48 करोड़ से हुआ निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती
- जी प्लस 4 भवन 1995 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बना, वाहन पार्किंग समेत सभी सुविधाओं से लैस

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) का अत्याधुनिक जी प्लस 4 मुख्यालय भवन लगभग तैयार हो चुका है। 9.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह भवन सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी पहल का हिस्सा है। लोक निर्माण विभाग खंड दो अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने लोक निर्माण विभाग (खंड दो) द्वारा कार्यान्वित यह परियोजना 17 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। वर्तमान में भवन का भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत पहुंच चुकी है। फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। यह भवन (अशर्फी भवन चैराहे के पास बना रहा हैं।) जिसका कुल प्रस्तावित निर्मित क्षेत्रफल 1995.12 वर्गमीटर है। इसमें भूतल पर वाहन पार्किंग की सुविधा भी शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 211.39 वर्गमीटर है। पूरी तरह फ्रेम्ड स्ट्रक्चर पर आधारित यह चार मंजिला इमारत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। इसमें आधुनिक कार्यालय कक्ष, कमांड सेंटर, मीटिंग रूम, आराम कक्ष और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।

एसटीएफ यूपी पुलिस की एक अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है, जो आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर क्राइम और संवेदनशील सुरक्षा मामलों से निपटने की जिम्मेदारी संभालती है। अयोध्या जैसे धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील शहर में एसटीएफ का स्थायी, सुसज्जित मुख्यालय सुरक्षा ढांचे को और मजबूत बनाएगा। राम मंदिर, अयोध्या विकास प्राधिकरण क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तैनात सुरक्षा बलों के लिए यह भवन एक बेहतर कमान केंद्र के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया है। अयोध्या में एसटीएफ भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह विभाग (पुलिस) के फंडिंग से बने इस भवन से न केवल एसटीएफ जवानों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, बल्कि समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता भी बढ़ेगी। भवन के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा गया है। ऊर्जा दक्षता, प्राकृतिक प्रकाश-वेंटिलेशन और आधुनिक सिविल वर्क के साथ इसे पर्यावरण-अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया है। पूरा भवन जल्द ही पूरी तरह संचालित हो जाएगा। अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों की संख्या और सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए इस भवन का पूरा होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसे रामनगरी की सुरक्षा को नई ताकत देने वाला कदम बताया है। लोक निर्माण विभाग खंड दो अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि 9.48 करोड़ रुपये की इस परियोजना का 98 फीसदी कार्य पूर्ण लिया गया है। भवन निर्माण के बाद मूल विभाग को प्रोजेक्ट हैंडओवर कर दिया जाएगा।

एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह उपस्थित रहें।

03 परीक्षा केन्द्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेटों में हुआ बदलाव

बहराइच । उ.प्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा 03 व 04 जून 2026 को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) की लिखित परीक्षा हेतु 03 परीक्षा केन्द्रों के लिए पूर्व में नामित किये गये स्टैटिक मजिस्ट्रेटों में अपरिहार्य कारणों से बदलाव कर दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज हेतु पूर्व में तैनात नायब तहसीलदार नानपारा अक्षय पाण्डेय के स्थान पर नायब तहसीलदार नानपारा हर्षित पाण्डेय, तारा महिला इण्टर कालेज हेतु नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव के स्थान पर नायब तहसीलदार मिहींपुरवा राजदीप यादव तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज हेतु पूर्व तैनात नायब तहसीलदार महसी हरिशंकर पटेल के स्थान पर तहसीलदार मुख्यालय रविकान्त द्विवेदी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सांसद के हाथों सम्मानित हुए यूपी बोर्ड के 22 मेधावी छात्र-छात्राएं

बहराइच । माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद के टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ कक्षा 10 के 12 तथा कक्षा 12 के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को रू. 21-21 हजार के डेमो चेक, प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोक भवन में आयोजित मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी छात्र-छात्राओं को सीख दी गयी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें।

डीएम ने मेधावियों को किया सम्मानित

महोबा। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, परीक्षा वर्ष 2026 में प्रथम 10 स्थान प्राप्त एवं माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली व काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन नई दिल्ली के सर्वोच्च 10 मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को राज्य स्तर पर दिनांक 1 जून 2026 को लोक भवन लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

जिसमें जनपद के हाईस्कूल स्तर के 10 तथा इण्टरमीडिएट स्तर के 10 मेधावी विद्यार्थियों को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 21 हजार रुपए की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातों में हस्तान्तरित करते हुये जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

छोटी यात्राएं पसंद कर रही है जेन जेड पीढ़ी

नईदिल्ली। भारत की जेन जेड पीढ़ी यात्रा के पारंपरिक तौर-तरीकों को बदल रही है। साल में एक लंबी छुट्टी के बजाय, अब यह पीढ़ी अपनी पसंद और अचानक बनने वाले प्लान के अनुसार यात्राओं को तरजीह दे रही है। एयरबीएनबी की नई रिपोर्ट नेवर द सेमः द न्यू रूल्स ऑफ जेन जेड ट्रेवल इन इंडिया के अनुसार, जेन जेड के लिए यात्रा केवल घूमने-फिरने का साधन नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन चुकी है। जेन जेड के लिए यात्रा जितनी नई जगहों और अनुभवों को खोजने का माध्यम है, उतनी ही खुद को अभिव्यक्त करने का भी जरिया है। यही बात उन्हें सबसे अधिक सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण तरीके से यात्रा करने वाला यात्री वर्ग बनाती है। इस पीढ़ी की खासियत यह नहीं है कि वे कितनी बार यात्रा करते हैं, बल्कि यह है कि वे यात्रा क्यों करते हैंताकि वे खुद को और बेहतर ढंग से महसूस कर सकें। एयरबीएनबी पर हम देख रहे हैं कि इस पीढ़ी के लिए यात्रा उनके जीवन के सबसे व्यक्तिगत फैसलों में से एक बन गई है।

पियाजियो व्हीकल्स और एसबीआई ने की साझेदारी

पुणे। पियाजिओ ग्रुप की सहायक कंपनी पियाजिओ व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) को भारत में अग्रणी छोटे कमर्शियल वाहन निमार्ता के रूप में जाना जाता है। हाल ही में पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने एक महत्त्वपूर्ण समझौता किया है। पीवीपीएल ने देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के लखनऊ सर्कल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ये मुख्यमंत्री युवा योजना का लाभ उठाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 1.5 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। राज्य के युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए आसान वित्तीय सहायता और वाहन उपलब्ध कराने में यह साझेदारी बेहद मददगार साबित होगी। यह रणनीतिक साझेदारी से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

सीएनएच जारी की नयी कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नयी गाइड

नई दिल्ली। क्लाइमेट नैरेटिव हब (सीएनएच) ने कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई गाइड जारी की है। यह गाइड उन लोगों के लिए है जो मानव-वन्यजीव से जुड़ी कहानियों को कवर करते हैं। आमतौर पर ऐसी रिपोर्टिंग में मृत्यु या हमलों जैसे संघर्ष के पहलुओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन यह गाइड बताती है कि ऐसा नजरिया अक्सर यह समझने में कमी छोड़ देता है कि इंसान और वन्यजीव एक ही स्थान पर कैसे साथ रहते हैं। नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी इंडिया, को-एक्सिस्टेंस कंसोर्टियम, द कॉर्बेट फाउंडेशन, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और द नेचर कंजर्वेंसी इंडिया सहित कई संगठनों के साथ मिलकर तैयार की गई यह गाइड रिपोर्टर्स को अपनी कहानी कहने के तरीके को और व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करती है। इसमें बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीछे के कारणों को समझने पर जोर दिया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर फिक्की फ्लो आयोजित करेगा पैनल चर्चा

नई दिल्ली। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित फिक्की फेडरेशन हाउस में एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में विचारशील नेताओं, नवप्रवर्तकों, नीति-निमार्ताओं, उद्यमियों तथा परिवर्तनकारी व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाकर स्थिरता, जलवायु कार्रवाई, सर्कुलर इकोनॉमी और जिम्मेदार विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया जाएगा। यह पैनल चर्चा फ्लो ग्रीनटेक एवं सर्कुलर इकोनॉमी राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा सतत विकास, जलवायु-संवेदनशील व्यावसायिक प्रथाओं और विस्तार योग्य हरित समाधानों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि यह चर्चा हरित नवाचार, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु लचीलापन, सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल, सतत गतिशीलता और जिम्मेदार उद्यमिता जैसे विषयों पर विविध दृष्टिकोणों को एक साथ लायेगी।

सेंसेक्स 508 अंक फिसला



मुंबई। अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 75,367.93 अंक के ऊपरी और 74,203.68 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। इस तरह सेंसेक्स में ।,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 165.15 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके उल्टटेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। शेयर बाजार में गिरावट का यह लगातार चौथा सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,221.62 अंक यानी 2.90 प्रतिशत और निफ्टी में 649.1 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 3.34 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है और इसे लेकर बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका ने ईरान के रडार एवं ड्रोन प्रतिष्ठानों पर बम बरसाने की बात कही जबकि ईरान ने कुवैत पर हमला करने का दावा किया। इन घटनाओं से दोनों पक्षों के बीच घोषित संघर्ष विराम पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। हाल के अमेरिकी हमलों और इजरायल-लेबनान तनाव से बाजार पर दबाव बना है। हालांकि, निवेशक निकट भविष्य में कूटनीतिक समाधान की उम्मीद भी कर रहे हैं। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.44 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में ऊर्जा खंड में सर्वाधिक 2.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.44 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 2.12 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.11 प्रतिशत की कमजोरी रही।

आज रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.93 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान यह 94.73 के ऊंचे एवं 95.03 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 94.95 प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप के बीच 73 पैसे मजबूत होकर 94.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक तनाव एक बार फिर बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। अगर शांति वार्ता आगे बढ़ती रहती है तो रुपये में बड़ी गिरावट की आशंका कम हो सकती है। उनके अनुसार, निकट भविष्य में डॉलर-रुपये की विनिमय दर 94.60 से 95.30 के दायरे में रह सकती है। कारोबारियों के अनुसार, अब बाजार की नजर तीन से पांच जून के बीच होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति पांच जून को अपने निर्णयों की घोषणा करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़कर 99.04 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.47 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 94.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 508.40 अंक टूटकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 165.15 अंक की गिरावट के साथ 23,382.60 अंक पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 21,105.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को किया हासिल

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

गत वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ रुपये अनुमानित था। इसे बाद में संशोधित कर 15,58,492 करोड़ रुपये कर दिया गया था जैसा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में संसद में प्रस्तुत किया था। सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने 33.42 लाख करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया जो संशोधित बजट अनुमान (आरई) का 98.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार का कुल व्यय 49.64 लाख करोड़ रुपये रहा जो आरई का 98.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत था।

देश में बिजली खपत 11.55 प्रतिशत बढ़ी



नयी दिल्ली। देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली खपत मई में सालाना आधार पर 11.55 प्रतिशत बढ़कर 164.98 अरब यूनिट रही। गर्मी से बचने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली खपत बढ़ी है।

आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। गर्मी के कारण पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 270.82 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर।,000 मेगावाट) पर पहुंच गई, जो मई, 2025 में 230.99 गीगावाट रही थी। इस वर्ष मई में लगातार चार दिन तक बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रही। बिजली की अधिकतम मांग 18 मई को रिकॉर्ड 257.37 गीगावाट, 19 मई को 260.45 गीगावाट, 20 मई को 265.44 गीगावाट और 21 मई को 270.82 गीगावाट रही। बिजली की अधिकतम मांग 25 अप्रैल को रिकॉर्ड 256.11 गीगावाट (256.11 गीगावाट) पर पहुंच गई थी। इससे पहले, मई, 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्च स्तर पर रही थी। बिजली मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2026 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। पिछली गर्मियों में, जून, 2025 में बिजली की अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट (277 गीगावाट) के अनुमान से कम थी। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस वर्ष भीषण गर्मी का अनुमान जताया है। इससे बिजली की मांग और खपत बनी रहेगी।

ब्रिटेन के इस्पात, कार्बन कर नियमों पर भारत करेगा चर्चा

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के नए इस्पात आयात नियमों और कार्बन कर व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भारत और ब्रिटेन इस सप्ताह चर्चा करेंगे। ये मुद्दे दोनों देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की राह में अड़चन बन गए हैं।

सूत्रों ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल की दो जून को होने वाली भारत यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है। काइल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में शिरकत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इन मुद्दों का हल नहीं निकलने तक व्यापार समझौते को पूरी तरह लागू कर पाना मुश्किल होगा। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ब्रिटेन एक जुलाई, 2026 से इस्पात आयात पर सख्ती करने जा रहा है। वह शुल्क-मुक्त इस्पात आयात की सीमा 60 प्रतिशत तक घटाएगा। इस सीमा से ज्यादा आयात करने पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगेगा। यह उपाय उन इस्पात उत्पादों के आयात पर लागू होगा, जिनका उत्पादन ब्रिटेन में भी किया जा सकता है। इसके अलावा, ब्रिटेन 2027 से कार्बन कर व्यवस्था लागू करने की तैयारी में भी है।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 4.9 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 प्रतिशत रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम रही है।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह आधार वर्ष में संशोधन कर 2022-23 किये जाने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि अप्रैल, 2025 में 5.7 प्रतिशत रही थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अप्रैल, 2026 के लिए चार क्षेत्रों... खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति, दूषित जल और अपशिष्ट प्रबंधन... की वृद्धि दर क्रमशः (-) 5.1 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रही। बयान में कहा गया है कि आईआईपी 118.9 रहने का अनुमान है जो अप्रैल, 2025 में 113.1 था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। वस्तुओं की संशोधित सूची में ।,042 उत्पाद शामिल हैं।

टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया एनिथिंग फॉर एनिथिंग एक्सचेंज फेस्टिवल

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपने वार्षिक एक्सचेंज कैंपेन एनिथिंग फॉर एनिथिंग (एएफए) की वापसी की घोषणा की है। यह ब्रांड की सबसे बड़ी उपभोक्ता-केंद्रित रिटेल पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य देशभर के घरों के लिए किचन अपग्रेड को आसान, स्मार्ट और अधिक फायदेमंद बनाना है। इस अभियान के तहत ग्राहक किसी भी ब्रांड के और किसी भी हालत में पुराने, इस्तेमाल किए गए या खराब किचन उपकरण और बर्तनों को एक्सचेंज कर प्रेस्टीज के नए और आधुनिक उत्पाद आकर्षक ऑफर्स के साथ खरीद सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और आसान उपलब्धता के साथ आधुनिक किचन समाधान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

छावनी परिषद लखनऊ विद्यालय में मेधावी छात्र और छात्राओं को साइकिल वितरण

लखनऊ। छावनी परिषद लखनऊ द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यायल आर. ए बाजार के प्रागंण में बोर्ड परीक्षाओं (दसवीं और बारहवी) में प्रथम, द्वितीय व ततीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओ को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमोद शर्मा द्वारा साइकिल वितरित की गयी।

कार्यक्रम में छावनी परिषद लखनऊ रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने विद्यर्थियों को साइकिल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, उन्होने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है और मेधावी विद्यर्थियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणा श्रोत होता है इस प्रकार के प्रोत्साहन से विद्यर्थियों में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यर्थियों में उमा, पारूल सिंह, मानसी यादव मोहित सिंह, रेहान अली, मयंक चौरसिया, साई ओम, वर्तिका, कु छाया सामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप से सुरेश चन्द्र तिवारी पूर्व विधायक, अभिषेक राठौर मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी' परिषद, योगेश दीक्षित फिल्म ' डायरेक्टर, डा. रंजीता शर्मा पूर्व पार्षद छावनी परिषद, प्रधानाचार्य साधना सिंह के साथ सभी विद्यालय के समस्त शिक्षक व एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी शामिल रहे।

एलन क्लासरूम के स्टूडेंट अनवेश पटेल ने पाये एआईआर-68

लखनऊ। आईआईटी रुड़की की ओर से जारी जेईई एडवांस्ड 2026 के रिजल्ट्स में एलन लखनऊ स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन लखनऊ के क्लासरूम स्टूडेंट अनवेश पटेल ने ऑल इंडिया रैंक-68 प्राप्त कर लखनऊ टॉप किया है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही एलन में खुशियों के ढोल बज गए। शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और मुंह मीठा करवाया। अकेडमिक हेड विनोद शर्मा ने बताया कि एलन बेहतर रिजल्ट्स के लिए जाना जाता है और अपनी इसी पहचान को कायम रखते हुए एलन ने लखनऊ में भी श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। संस्था के पहले द्विवार्षिक बैच में ही ऑल इंडिया बेहतर रैंक प्राप्त की है। अनवेश पटेल के साथ शशांक ने एआईआर-455 तथा अविशि पांडे ने एआईआर 1246 प्राप्त की है। एलन के ये परिणाम लखनऊ के विद्यार्थियों और अभिभावकों को परिलक्षित करता है।

पेज एक का शेष

पुलिस पर

संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। इसके लिए आपराधिक मामलों की विवेचना 60 से 90 दिनों में पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ई-साक्ष्य के माध्यम से डिजिटल एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण, प्रमाणीकरण व न्यायालय में प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जा रहा है। मार्च 2026 तक 10.93 लाख पंजीकृत एफआईआर के सापेक्ष 10.65 लाख डिजिटल साक्ष्य आईडी सृजित की गई हैं तथा 6.07 लाख एफआईआर को उनसे सफलतापूर्वक लिंक किया जा चुका है। वहीं पहली दिसंबर 2024 से पिछली 22 मई तक पुलिस द्वारा कुल 4,96,506 ई-समन भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा कि अपराधियों के प्रति सरकार की जीरो टालरेंस की नीति को और प्रभावी बनाकर काम किया जाएगा। संगठित अपराधियों, माफियाओं एवं उनसे जुड़े सफेदपोश अपराधियों के विरुद्ध रणनीतिक, वित्तीय और तकनीक-आधारित कार्रवाई को और सुदृढ़ किया जाएगा।

अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों, बेनामी निवेश, शेल कंपनियों, हवाला नेटवर्क, फर्जी लेन-देन और अन्य वित्तीय माध्यमों की गहन जांच कर उनके आर्थिक स्रोतों की पहचान की जाएगी। इसके लिए आर्थिक अपराध शाखा, साइबर क्राइम इकाईयों तथा अन्य विशेषीकृत एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर वित्तीय ट्रेल की वैज्ञानिक विवेचना की जाएगी। पुलिस का लक्ष्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके आर्थिक साम्राज्य, संरक्षक तंत्र और सहयोगी नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने गाजीपुर में होटल व्यवसायी के बेटे की हत्या को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी ने गिनाई उपलब्धियां : ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत 93 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि दर प्राप्त की गई। कुल 32,071 मामलों में न्यायालयों द्वारा निर्णय दिया गया, जिनमें 29,911 मामलों में दोष सिद्धि हुई। इन मामलों में 42,681 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 5,684 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा लगभग 788.38 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की गईं।

भारत-ओमान

आंतरिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, समझौता एक जून, 2026 से प्रभावी हो गया। समझौते के लागू होने के अवसर पर, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कृषि और रत्न एवं आभूषण उत्पादों की लगभग 10 खेप तरजीही दरों के तहत खाड़ी देश को भेजी गईं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा भारत के 99.38 प्रतिशत निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से, यह समझौता हमारे निर्यातकों और पेशेवरों के लिए नए अवसर खोलता है। ओमान हमारा भरोसेमंद साझेदार है और खाड़ी देशों तथा पूर्वी अफ्रीका का प्रवेश द्वार है।

उन्होंने कहा कि श्रम-प्रधान क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाकर, यह समझौता रोजगार सृजन में सहयोग देगा, निवेश को बढ़ावा देगा और भारतीय उद्यमों को उन देशों के आपूर्तिकर्ताओं के साथ समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगा जिन्हें तरजीही बाजार पहुंच प्राप्त है।

भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 11.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर था।

मंत्री ने कहा कि इस समझौते से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), विनिर्माण और रोजगार को उल्लेखनीय गति मिलने की उम्मीद है। इससे रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और औषधि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। श्रम-प्रधान वस्तुओं पर पहले ओमान में पांच प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। ओमान में आयात शुल्क पांच से 100 प्रतिशत के बीच है।

गाय को

वाले अपने चेलों को समझा लो कि गोमाता के साथ हिमाकत की तो ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी। यूपी में गोहत्या का मतलब तो तुम जान ही रहे हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर में कई परिवारों के जीवन में खुशियों की नई रोशनी फैलाई। उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किए। महात्मा विदुर की पावन धरती बिजनौर को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महाभारत की धरती है। महाभारत से हमें प्रेरणा मिलती है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जो स्वार्थ के लिए धर्म को नष्ट करता है, धर्म उसे भी नष्ट कर डालता है। यह उद्घोषणा दुनिया में अक्षरशः साबित हो रही है। यह भारत के इतिहास को बनाने वाली धरा है। इसने इतिहास को बनते और बिगड़ते भी देखा है। सीएम योगी ने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी विरासत को कुंवर सुशांत सिंह संभाल रहे हैं। पाकिस्तान से विस्थापित हजारों परिवारों, जिनकी पुश्तैनी संपत्ति पर पाकिस्तान की मजहबी कट्टरता ने 1946, 47 व 48 में जबरन कब्जा कर निर्दोष हिंदुओं व सिखों का कत्लेआम किया था। वर्ष-दशक बीतते गए, आज चौथी पीढ़ी में यह अवसर आया है, जब हम विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक दे रहे हैं। अभी 1645 विस्थापित परिवारों यानी 8-10 हजार लोगों को जमीन के कागज प्राप्त हो रहे हैं। जो शेष हैं, उनके लिए भी कार्यवाही चल रही है। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि वोट की कीमत समझें। आपने कमल को वोट दिया, तब हम विकास कर पा रहे हैं। बिजनौर विकास के पैमाने पर कभी पिछड़ नहीं पाएगा। जब जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ बचाव को लेकर प्रस्ताव रखा तो हमने तत्काल इसे मंजूरी दी। शेष कार्य भी जल्द पूरे होंगे। आज महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज हो गया। रेलवे, हाईवे की सुविधा मिली। अब गंगा एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती के नाम पर भाई-भतीजावाद, चेहरा व पैसा देखा जाता था, लेकिन आज यहां के नौजवान को आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, डिप्टी एसपी आदि की भर्ती से कोई रोक नहीं सकता। बिजनौर से हजारों जवान यूपी पुलिस में भर्ती हुए। अब नौकरी में सिफारिश या कट-कमीशन नहीं है। मंडी के लिए सुशांत सिंह ने जमीन आवंटित करा दी है, सरकार पैसा देगी। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन के समक्ष गन्ना मूल्य बढ़ोतरी समेत जन प्रतिनिधियों द्वारा जो भी प्रस्ताव आए, सभी स्वीकृत किए गए। यह वर्ष चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती के कार्यक्रम के शुभारंभ का होने जा रहा है। इसे यादगार बनाया जाएगा। पश्चिमी उप्र की चीनी मिलों के विस्तारीकरण, आधुनिकीकरण को सरकार हाथ में लेगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) पास कराकर यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में जो भी हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन भारत में शरण लेने आए हैं और उन्हें यहां पांच वर्ष से अधिक समय हो गया है तो उन्हें भारत की नागरिकता देंगे। दुनिया में हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख पर अत्याचार होगा तो वे भारत में ही आएंगे, लेकिन कांग्रेस-सपा ने कभी इस अत्याचार का विरोध नहीं किया, बल्कि इन लोगों को नागरिकता दिए जाने का विरोध किया। ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को नागरिकता देने वाली पापी हैं। भारत के खिलाफ द्रोह करने वाले अपराधियों को सम्मानित करते हैं। मुस्लिम लीग के साथ मिलकर केरल में सरकार बनाते हैं। कांग्रेस के पाप के कारण देश का विभाजन हुआ। हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन समाज को मिलने वाले अधिकार पर इन्हें एतराज है। सपा व कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन तक किया कि यह नहीं होने देंगे, लेकिन मोदी जी और हमने ठाना था कि यह जरूर पास कराएंगे। मुसलमान भी बिना वजह इस कानून का विरोध कर रहे थे।

अमेरिका ने

हिजबुल्ला इजराइल में ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसने शनिवार और रविवार को ईरान में गेरुक शहर और केशम द्वीप के आसपास हमले किए। सेंट्रल कमांड ने कहा सीमित और सोच-समझकर किए गए ये हमले ईरान की आक्रामक कार्वाइयों के जवाब में किए गए जिनमें अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराना शामिल है। उसने कहा, अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने त्वरित कार्वाई करते हुए ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों, एक जमीनी नियंत्रण केंद्र और दो ऐसे ड्रोन को नष्ट कर दिया जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहे पोतों के लिए स्पष्ट खतरा पैदा कर रहे थे। प्रीडेटर ड्रोन को अमेरिकी वायुसेना सेवा से हटा चुकी है और अब वह एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का इस्तेमाल करती है लेकिन अमेरिकी थल सेना अब भी प्रीडेटर ड्रोन का उपयोग करती है। अमेरिकी सेना ने कहा कि इन हमलों में कोई अमेरिकी सैनिक हताहत नहीं हुआ। इस बीच कुवैत ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने के लिए सोमवार तड़के कार्वाई शुरू कर दी।

रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने जवाबी हमला किया लेकिन यह नहीं बताया कि हमला कहां किया गया। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सलाहकारों से शुक्रवार को मुलाकात की थी लेकिन उन्होंने अभी यह तय नहीं किया है कि युद्धविराम की अवधि बढ़ाने और जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के समझौते पर आगे बढ

180 से 190 रन का स्कोर बनाते तो यह अच्छा मैच होता : गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के निराश कप्तान शुभमन गिल ने माना कि शुरुआती विकेट गिरने से उन्हें कोई लय नहीं मिल पाई क्योंकि 180 से 190 रन का स्कोर उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जैसी जबरदस्त टीम के खिलाफ़ लड़ने का मौका देता। लेकिन आरसीबी ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में दो ओवर बाकी रहते उन्हें आसानी से हरा दिया। कप्तान गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर शीर्ष तीन बल्लेबाजों में से कोई भी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। इससे गुजरात टाइटन्स आठ विकेट पर महज 155 रन ही बना पाई। विराट कोहली की नाबाद 75 रन की पारी से आरसीबी ने 18 ओवर में जीत पक्की कर दी। निराश गिल ने मैच के बाद कहा, अगर हम 180-190 रन बना लेते तो यह एक अच्छा मैच होता। शायद पिच थोड़ी दो-तरफा व्यवहार करती, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में थोड़ा मूवमेंट था। हमने शुरुआती विकेट गंवा दिए और कभी लय हासिल नहीं कर पाए। पावरप्ले के अंदर ही कोहली और वेंकटेश अय्यर ने 62 रन ठोक दिए जिससे गुजरात टाइटन्स की वापसी की उम्मीदें लगभग खत्म ही हो गईं। उन्होंने कहा, हमें लगा था कि अगर हम पावरप्ले में एक दो विकेट ले लेते, तो हम मैच में बने रहते। हमने 15-20 रन ज्यादा दे दिए, और पावरप्ले में ही वे हमसे आगे निकल गए। उन्होंने कहा, हम सबसे बेहतरीन गेंदबाजी करने वाली टीमों में से एक थे। शुरुआती दो मैच हारने के बाद हमने जोरदार वापसी की। बहुत खुश हूं। हम लगातार खुद को चुनौती देते रहे और बेहतर बनाते रहे।

इस साल पूरे टूर्नामेंट में हमारा दबदबा रहा : आरसीबी कप्तान पाटीदार

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। आरसीबी ने पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन किया। उसने अपने पहले मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को बुरी तरह हराया और अब नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता।

पाटीदार ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने कहा, हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे। पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, यह सबसे अच्छा उपहार है क्योंकि आज (रविवार) मेरा जन्मदिन है। कुल मिलाकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं वर्तमान में जीने की कोशिश करता हूं।

हमें इस बात पर अधिक ध्यान देना होगा कि हम लगातार तीसरी (खिताबी) जीत कैसे हासिल कर सकते हैं। पाटीदार ने आरसीबी की इस जीत में एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में अहम भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश के इस क्रिकेटर ने कहा कि कैसे उन्होंने चुपचाप आरसीबी का नेतृत्व किया, जो उनके पूर्ववर्ती कप्तानों विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की आक्रामक शैली से बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा, कप्तानी का मेरा तरीका अलग है। मैं ज्यादा खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करता, लेकिन साथ ही खेल की स्थिति से भी पूरी तरह वाकिफ रहता हूं। मुझे प्रबंधन और खिलाड़ियों दोनों का भरपूर समर्थन मिला। पाटीदार ने इस सत्र में 501 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 192.69 रहा। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि बल्लेबाजी में मैं खुद को कितना समय दे रहा हूं क्योंकि अपनी बल्लेबाजी को समझना महत्वपूर्ण है। आईपीएल से पहले मैंने नेट पर पर्याप्त अभ्यास किया था। पाटीदार ने कहा, मैंने (आरसीबी के मार्गदर्शक) डीके भाई (दिनेश कार्तिक) से इस बारे में काफी बातचीत की कि मैं और बेहतर कैसे कर सकता हूं, जैसे कुछ तकनीकी बदलाव। मैंने टीम से जुड़ने के बाद भी कड़ी मेहनत जारी रखी। इससे एक बल्लेबाज के रूप में मुझे काफी स्पष्टता मिली।

पाटीदार ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के योगदान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे पास उनके योगदान को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। विराट कोहली कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी हैं। वह एक महान खिलाड़ी हैं।

शृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 शृंखला जीतने के लिए भारतीय मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

टांटन। भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां तीसरे और निर्णायक महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में उतरेगी तो उसे दीप्ति शर्मा और ज्ञ्चा घोष जैसी भरोसेमंद बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, ताकि टीम अपने मध्यक्रम की समस्याओं का समाधान तलाश सके। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा टी20 मुकाबला जीतकर शानदार वापसी की।

इस महीने 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमें जीत के साथ अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला आगामी विश्व कप से पहले इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को परखने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। चोट से वापसी कर रहीं यास्तिका भाटिया ने पहले टी20 में अर्धशतकीय पारी खेली थी, लेकिन दूसरे मैच में वह तेजी से रन बनाने में नाकाम रहीं और 33 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी एक अर्धशतक लगाया, जबकि स्मृति मंधाना और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत की थी। दोनों असफल रही। विशेष रूप से बड़े शॉट खेलने के लिए जानी जाने वाली ज्ञ्चा घोष अभी तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकी हैं। पहले मैच में यास्तिका और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था, जबकि 16वें से 20वें ओवर के बीच टीम केवल 40 रन ही जोड़ पाई थी। दूसरे मैच में 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय एक विकेट पर 70 रन बनाकर मजबूत स्थिति में था, लेकिन अंतिम चरण में बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और 16वें से 20वें ओवर के दौरान टीम ने पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 28 रन बनाए।

ज्ञ्चा को छोड़ दें तो भारतीय टीम में लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की संख्या सीमित है। ऐसे में कप्तान हरमनप्रीत कौर को पारी के अंत तक टिककर बल्लेबाजी करनी होगी और टीम के स्कोर को 190 से 200 रन के आसपास पहुंचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। महिला क्रिकेट में यह स्कोर अधिकांश मौकों पर मैच जिताने वाला साबित होता है। दूसरी ओर, इंग्लैंड की बल्लेबाजी भी चिंता का विषय रही है। दो मैचों में एमी जोन्स का 67 रन ही एकमात्र अर्धशतक रहा है। अन्य अनुभवी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत तो की, लेकिन वे उसे बड़ी पारी में तब्दील करने और लंबे समय तक दबदबा बनाए रखने में सफल नहीं हो सकीं। मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)

भारतीय पुरुष टीम ने अंडर-18 हॉकी एशिया कप में कोरिया को 4-1 से हराया

काकामिगाहारा (जापान)। कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारतीय पुरुष अंडर-18 हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कुशवाहा ने तीसरे और 36वें मिनट में गोल दागे, जबकि वरिंदर सिंह (पांचवां मिनट) और शाहरुख अली (54वां मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। कोरिया के लिए कप्तान यून जेह्योक ने 21वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ भारत छह अंकों के साथ कोरिया और जापान की बराबरी पर पहुंच गया। दोनों पूलों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और पहले क्वार्टर में ही दो गोल की बढ़त बना ली। तीसरे मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे टीम ने गोल में बदल दिया। राहुल यादव के सटीक पास पर कप्तान कुशवाहा का पहला प्रयास कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया, लेकिन उन्होंने रिबाउंड पर गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत का खाता खोला। भारत ने अपनी लय बरकरार रखते हुए पांचवें मिनट में दूसरा गोल भी कर दिया। गाजी खान ने शानदार पास देकर वरिंदर को गोल के सामने बिना किसी दबाव के गेंद थमाई और वरिंदर ने सहजता से गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद कोरिया ने खेल की गति धीमी कर वापसी की कोशिश की। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन कोई भी टीम सर्कल के भीतर प्रभावी मौका नहीं बना सकी। कोरिया को 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान यून जेह्योक ने गोल में बदलकर अंतर कम किया और स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन कोई भी टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। हालांकि 36वें मिनट में केतन कुशवाहा ने अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 3-1 की मजबूत बढ़त दिला दी। कोरिया 53वें मिनट में गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था, लेकिन किम दोयुन के डिफ्लेक्शन को भारतीय गोलकीपर आयुष रजक ने शानदार बचाव करते हुए गोल में जाने से रोक दिया। इसके अगले मिनट भारत ने जवाबी हमला करते हुए चौथा गोल दाग दिया।

संक्षेप

जी भारत में करेगा फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण

नयी दिल्ली। भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि जी पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड ने सोमवार को फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ आठ साल की भागीदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत जी भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत जी फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिकों विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे। विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जी5 ऐप पर उपलब्ध होगी।

नॉर्वे शतरंज : भारत के चारों खिलाड़ियों को मिली हार

ओस्लो। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए जबकि आर प्रज्ञाननंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी भी हार गए। भारतीय खिलाड़ियों को जहां निराशा हाथ लगी वहीं मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया।

एशियाई खेलों से पहले टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजन (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) द्वारा वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई।

विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं।

एमओसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है। यह दल अब एशियाई खेलों और विश्व कप सर्किट समेत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार अधिकांश खिलाड़ियों को 2026 एशियाई खेल चक्र को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, जबकि कुछ दल भारत की दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय विकास योजना का हिस्सा हैं, जिसका लक्ष्य 2030 राष्ट्रमंडल खेलों जैसी भविष्य की प्रतियोगिताएं हैं।

नौकायन 1986 से राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं है लेकिन 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होने वाले खेलों इसकी वापसी की संभावना है। एमओसी ने कहा, कई भारतीय नौकायन खिलाड़ियों को टॉप्स विकास समूह में शामिल करना केवल पदक संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय विभिन्न नौका वर्गों में मजबूत और टिकाऊ बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने की दिशा में एक और प्रयास है।

मोदी ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने पर टीम को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

युवा खिलाड़ियों से मिली प्रेरणा, सफलता का राज

एजेंसी

अहमदाबाद, एक जून (भाषा) भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारूप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया। कोहली ने 42 गेंद में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, यह वही पल है जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था। कोहली ने कहा, मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है। अपने आईपीएल करियर के सबसे तेज अर्धशतक (25 गेंद) पर उन्होंने कहा, यह आपको लगातार बेहतर करने का लक्ष्य देता है।

मुझे अपने खेल में बहुत बड़ा बदलाव नहीं करना था, बल्कि सोच बदलनी थी। गेंदबाजों पर दबाव बनाकर अतिरिक्त रन जुटाने की जरूरत थी। कोहली ने कहा कि टीम का पहला लक्ष्य अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना था। उन्होंने कहा, एक बार हम शीर्ष पर पहुंच गए तो हमारे सामने कौन-सी टीम है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। हम सभी टीमों का सम्मान करते हैं और किसी को उकसाने में विश्वास नहीं रखते। हमारे पास अनुभवी और परिपक्व पेशेवर खिलाड़ी हैं और बड़े मुकाबलों में यही अनुभव काम आता है। उन्होंने कहा, बड़े अवसरों पर बड़े खिलाड़ियों को आगे आकर जिम्मेदारी निभानी होती है। मुझे पता था कि लक्ष्य का पीछा करते समय विपक्षी टीम मुझे जल्दी आउट करने की कोशिश करेगी, लेकिन मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा था। मुझे विश्वास था कि हमारी चैंपियन टीम तीन-चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर सकती है।

आरसीबी के प्रशंसकों की सराहना करते हुए कोहली ने कहा, हमारे लिए हर मैच घरेलू मुकाबले जैसा लगता है। हमारे 14 घरेलू मैच होते हैं, सिर्फ सात नहीं, क्योंकि प्रशंसक हर जगह हमारे साथ रहते हैं। यहां तक कि गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर भी करीब 90 प्रतिशत दर्शक हमारे समर्थन में थे। उन्होंने इससे पहले प्रसारकों से कहा कि मौजूदा आरसीबी टीम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उसमें कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी मौजूद हैं और उन्हें हर बार अकेले आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा, हमें इस पल का बहुत लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। अब हमारे पास ऐसा समूह है जिसके साथ मैदान पर उतरते समय यह महसूस होता है कि हर बार आपको ही आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं उठानी है। टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो आपके साथ खड़े हैं और आपके लिए मैच जिता सकते हैं। कोहली ने इस सत्र में 16 मैचों में 56.25 की औसत और 165.84 की शानदार स्ट्राइक रेट से 675 रन बनाये और टीम के चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने हालांकि जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया। इस महान बल्लेबाज ने कहा, हमारी टीम में मैच जीतने वाले कई खिलाड़ी हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि



योगदान केवल एक-दो खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है। कोहली ने टीम के गेंदबाजी आक्रमण की जमकर तारीफ करते हुए कहा, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी और क्रुणाल पंड्या जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज हमारे पास हैं।

दिव्यांशी ने डब्ल्यूटीटी प्रिस्टीना फीडर सीरीज में दोहरे स्वर्ण, रचा इतिहास

एजेंसी

प्रिस्टीना (कोसोवो)। उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारूपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की।

इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है। मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया।

उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी। उनकी परिपक्वता उम्र से कहीं अधिक दिखाई दी। दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता।

आत्मविश्वास से लबरेज सात्विक-चिराग की नजरें इंडोनेशिया में जीत के साथ लगातार दूसरे खिताब पर

जकार्ता। सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरीको पुरुष युगल फाइनल में हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन खिताब जीता था। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए इसलिए भी ऐतिहासिक रही क्योंकि वे सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। उल्लेखनीय है कि सिंगापुर ओपन से पहले उनका पिछला खिताब 2024 का थाईलैंड ओपन ही था।

जहाजों पर ईरानी ड्रोन हमले का खतरा

अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य से 70 वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित निकलवाया

वाशिंगटन। पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सशस्त्र बलों ने लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकाला है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गयी। ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध की शुरुआत के तीन महीने बाद से यह जलमार्ग जोखिम भरा बना हुआ है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सेंट्रल कमान ने फारस की खाड़ी में आने-जाने वाले लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों का जलडमरूमध्य से गुजरने में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि संकरे जलमार्ग से गुजरते समय पकड़े जाने से बचने के लिए ज्यादातर जहाजों ने अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए थे। बताया गया कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले, प्रतिदिन 100 से अधिक वाणिज्यिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरते थे। ईरान और ओमान से घिरे इस संकरे जलमार्ग से वैश्विक तेल आपूर्ति की 20 प्रतिशत माल ढुलाई होती है। अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि किस प्रकार के जहाज वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने कौन सा मार्ग अपनाया, लेकिन एक अधिकारी ने संकेत दिया कि कम से कम एक मार्ग ईरानी तटरेखा के करीब नहीं था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरान की अनुमति के बिना ईरान के पास से

गुजरने वाले जहाजों पर ईरानी ड्रोन या मिसाइलों द्वारा हमले का खतरा लगभग निश्चित है। नौवहन विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका द्वारा निर्देशित ये मार्ग ओमान के करीब से गुजरते प्रतीत होते हैं। चूंकि, अमेरिकी मार्गदर्शन में होने वाली समुद्री यात्राएं ट्रांसपोंडर बंद करके की जाती हैं, जिन्हें गुप्त मार्ग के रूप में जाना जाता है, इसलिए जहाजरानी विश्लेषकों का कहना है कि वे स्वतंत्र रूप से यह सत्यापित नहीं कर सकते कि ऐसी कितनी यात्राएं हुई होंगी।

इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर हमले करने का आदेश दिया

बेरूत। इजराइल सरकार ने सोमवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर हमलों का आदेश दिया जबकि दूसरी ओर हिज्बुल्ला ने हाइफा शहर समेत उत्तरी इजराइल के विभिन्न क्षेत्रों पर रॉकेट दागे।

इससे पहले रविवार को इजराइली थलसेना 26 साल में पहली बार लेबनान में काफी अंदर तक घुस गयी थी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हिज्बुल्ला की ओर से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के और इजराइली शहरों व नागरिकों पर हुए हमलों के मद्देनजर उन्होंने इजराइली सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिये में हमले करने का आदेश दिया है। अप्रैल के मध्य में संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान हिज्बुल्ला ने इजराइल पर हमले रोकने पर सहमति जताई थी, लेकिन लेबनान पर इजराइली हमलों के बाद हिज्बुल्ला ने फिर से हमले शुरू कर दिए। इजराइल सरकार की चेतावनी के बाद बड़ी संख्या में लोग दहिये से दूसरी जगह जाते हुए दिखे। इस दौरान जगह-जगह जाम लगा नजर आया।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तय, केवल कुछ छोटे मुद्दे बाकी: गोयल



एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के अधिकांश प्रावधानों को अंतिम रूप दे दिया है और अब बातचीत कुछ छोटे मुद्दों तक ही केंद्रित है।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए भारत में है। दोनों पक्षों के बीच दो से चार जून तक यह बातचीत होगी। दोनों देशों ने तीन फरवरी को इस व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तय होने की घोषणा की थी।

गोयल ने कहा कि लगभग सभी चीजें तय हो चुकी हैं। जैसा कि अमेरिकी राजदूत ने भी कहा है कि 99 प्रतिशत मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। अब केवल छोटे-छोटे बिंदुओं पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि समझौते को अंतिम रूप देते समय इस पर भी विचार किया जा रहा है कि अमेरिका में हुए कानूनी बदलावों को इसमें किस तरह से जगह दी जाएगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि इन मुद्दों के सुलझने के बाद दोनों देश बीटीए के पहले चरण को अंतिम रूप देकर जल्द ही उस पर हस्ताक्षर करेंगे। गोयल ने कहा कि पहला चरण संपन्न होने के बाद एक अधिक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में आगे की बातचीत शुरू की जाएगी। भारत और अमेरिका ने पिछले साल की शुरुआत में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास शुरू किए थे। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद इसकी प्रगति बाधित हुई।

संक्षेप

यूपीआई लेनदेन रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गर्मियों में यात्रा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रभाव से कुल लेनदेन मूल्य 29.90 लाख करोड़ रुपये और संख्या 23.2 अरब रही। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एनपीसीआई के अनुसार, पिछले वर्ष इसी महीने में यह 25.14 लाख करोड़ रुपये था जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। वहीं अप्रैल में लेनदेन का मूल्य 29.03 लाख करोड़ रुपये था। संख्या के लिहाज से, मई में 23.2 अरब लेनदेन के साथ नया रिकॉर्ड बना जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 18.67 अरब लेनदेन से 24 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2026 में लेनदेन की संख्या 22.35 अरब थी। मई के आंकड़े मजबूत मांग को दर्शाते हैं। गर्मियों की यात्रा, आईपीएल 2026 और मौसमी खर्च ने 29.90 लाख करोड़ रुपये के 23.20 अरब लेनदेन को बढ़ावा दिया जो मासिक आधार पर सुधार और यूपीआई की निरंतर बढ़त को दिखाता है। भारतीय रिजर्व बैंक की भुगतान प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार, यूपीआई का औसत लेनदेन आकार 2021 में 1848 रुपये से घटकर 2025 में 1313 रुपये रह गया है।

वाणिज्य मंत्रालय देशभर में एफटीए पर कार्यशालाओं का आयोजन करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय भारत द्वारा संपन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लाभ और उनसे मिलने वाले अवसरों की जानकारी उद्योग जगत तथा अन्य हितधारकों तक पहुंचाने के मकसद से देशभर में कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत ने पिछले पांच साल के दौरान पांच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को लागू किया है। उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

अग्रवाल ने कहा कि इन समझौतों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध कराने और इनके लाभ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हम देशभर में कार्यशालाएं आयोजित करेंगे। भारत ने सोमवार को घोषणा की है कि ओमान के साथ व्यापार समझौता एक जून से प्रभावी हो गया है।

जीएसटी संग्रह 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह

37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योज्ञ वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी रिफंड 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

तेलंगाना में अब नहीं मिलेगा नकद श्रमिकों को पारिश्रमिक

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने श्रमिकों को नकद भुगतान पर आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लगाते हुए इलेक्ट्रॉनिक अंतरण अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही अमेजन जैसे मंच के लिए काम करने वाले गिग यानी अस्थायी कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी के दायरे में लाया गया है।

श्रम प्रशासन पर एक नए सरकारी आदेश (जीओ) के तहत केंद्र सरकार की वेतन संहिता, 2019 के प्रावधान लागू हो गए हैं। इससे राज्य में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 पूरी तरह से निरस्त हो गया है और केंद्र सरकार की वेतन संहिता के प्रावधान लागू हो गये हैं। सोमवार को जारी सरकारी बयान में कहा गया, श्रमिकों को नकद भुगतान पर पाबंदी लगायी जाती है। नियोक्ताओं को वेतन का भुगतान सीधे इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण या बैंक चेक के माध्यम से करना होगा। इससे श्रम निरीक्षकों के लिए एक बेहतर रिकॉर्ड बनेगा और श्रमिक समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बयान के अनुसार, संरचनात्मक व्यावसायिक आवश्यकताओं और सामाजिक सुरक्षा के बीच सामंजस्य स्थापित करके, सरकारी आदेश (संख्या 6) एक सुंदर कानूनी संतुलन स्थापित करता है। यह आदेश श्रमिक सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई एक एकीकृत, पारदर्शी प्रणाली को लागू करता है। अधिसूचना में कंपनियों की लालफीताशाही को कम करने और प्रत्यक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सैकड़ों उद्योग-विशिष्ट अनुसूचियों को समाप्त कर दिया गया है। इसके बजाय, अधिसूचना में सभी गैर-कृषि, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को चार कौशल श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

विनिर्माण तीन महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और नए कारोबार से मिले सहारे के दम पर मई में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि मुद्रास्फीति का दबाव बना रहा। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में 55.0 रहा, जो अप्रैल के 54.7 से अधिक है। यह पिछले तीन महीनों में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। उत्पाद बनाने वाली कंपनियों ने फरवरी के बाद सबसे तेज गति से नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि दर्ज की। इसके पीछे मांग में मजबूती, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और नए कारोबार मुख्य वजह रहे। पश्चिम एशिया में संघर्ष के न सुलझने के कारण एहतियाती तौर पर भंडारण बढ़ाने का संकेत मिल रहा है। उत्पादन वृद्धि तेज हुई है जबकि खरीद गतिविधि एवं तैयार माल के भंडार में भी तेजी आई। आंकड़ों से पता चला कि घरेलू बाजार ने वृद्धि को गति दी, जबकि निर्यात ऑर्डर में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही। कीमतों के मोर्चे पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर लागत पर बना रहा जहां ऊर्जा, ईंधन, कच्चे माल और परिवहन पर खर्च बढ़ा। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि थोड़ी कम हुई लेकिन उत्पादन कीमतों में वृद्धि और ज्यादा धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। उच्च लागत के बावजूद कंपनियों ने मई में अधिक कच्चा माल खरीदा और खरीद का स्तर तीन महीने के उच्च स्तर पर रहा। इसके पीछे भंडार बढ़ाने की कोशिशें प्रमुख रहीं। उत्पादन की बढ़ती जरूरतों से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन भी जारी रहा, हालांकि इसकी गति अप्रैल की तुलना में थोड़ी धीमी रही।

कोल इंडिया का उत्पादन घटकर 5.61 करोड़ टन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन मई में सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत घटकर 5.61 करोड़ टन रह गया, जबकि देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। देश के कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कंपनी का कोयला उत्पादन मई, 2025 में 6.35 करोड़ टन रहा था।

सीआईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनियों महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का उत्पादन मई में घटा। हालांकि, कंपनी ने उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया। वहीं साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के उत्पादन में मई में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सीआईएल के अनुसार, अप्रैल-मई की अवधि में कोयला उत्पादन 10.6 प्रतिशत घटकर 11.22 करोड़ टन रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 12.56 करोड़ टन था।

इंटरटेनमेंट...

पीएम मोदी ने पूछी थी फिल्म 'पेड्डी' की कहानी

मुंबई। राम चरण ने 11 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी से एक्टर राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला की मुलाकात हुई थी। हाल ही में इस बातचीत से जुड़ा एक किस्सा राम चरण ने बताया। गुरुवार को राम चरण और जाह्नवी कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' के प्रमोशन के लिए दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राम चरण ने



एक फुटबॉलर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था और आज उसी गांव के 85 से अधिक लोग फुटबॉल खेल रहे हैं। राम चरण ने कहा कि एक व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने बताया कि फिल्म पेड्डी का मुख्य किरदार भी एक आदिवासी इलाके के छोटे से कस्बे से आता है और अपने समाज में बदलाव लाने का काम करता है। पिछले साल राम चरण ने पत्नी उपासना के साथ नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने अनिल कामिनेनी के नेतृत्व में शुरू की गई तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया था। मुलाकात के बाद राम चरण ने अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की थीं और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया था।

राम चरण बोले थे – मूवी का कॉन्सेप्ट विकसित भारत जैसा है

प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात को याद किया। राम चरण ने बताया, 'पिछली बार जब मैं दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी से मिला था, तो उन्होंने मुझसे पूछा था कि 'पेड्डी' किस बारे में है। मैंने उन्हें बताया कि यह एक विकसित भारत और हमारे गांवों को सशक्त बनाने के बारे में है। राम चरण ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पश्चिम बंगाल से जुड़ा एक किस्सा बताया था। एक्टर ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि दशकों पहले एक छोटे से गांव के

रहा। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में 55.0 रहा, जो अप्रैल के 54.7 से अधिक है। यह पिछले तीन महीनों में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। उत्पाद बनाने वाली कंपनियों ने फरवरी के बाद सबसे तेज गति से नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि दर्ज की। इसके पीछे मांग में मजबूती, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और नए कारोबार मुख्य वजह रहे। पश्चिम एशिया में संघर्ष के न सुलझने के कारण एहतियाती तौर पर भंडारण बढ़ाने का संकेत मिल रहा है। उत्पादन वृद्धि तेज हुई है जबकि खरीद गतिविधि एवं तैयार माल के भंडार में भी तेजी आई। आंकड़ों से पता चला कि घरेलू बाजार ने वृद्धि को गति दी, जबकि निर्यात ऑर्डर में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही। कीमतों के मोर्चे पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर लागत पर बना रहा जहां ऊर्जा, ईंधन, कच्चे माल और परिवहन पर खर्च बढ़ा। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि थोड़ी कम हुई लेकिन उत्पादन कीमतों में वृद्धि और ज्यादा धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। उच्च लागत के बावजूद कंपनियों ने मई में अधिक कच्चा माल खरीदा और खरीद का स्तर तीन महीने के उच्च स्तर पर रहा। इसके पीछे भंडार बढ़ाने की कोशिशें प्रमुख रहीं। उत्पादन की बढ़ती जरूरतों से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन भी जारी रहा, हालांकि इसकी गति अप्रैल की तुलना में थोड़ी धीमी रही।

रणवीर ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, नहीं बनी बात

मुंबई। रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर शुरू हुआ विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म से बाहर होने के बाद रणवीर ने फरहान के साथ रिश्ते सुधारने और भविष्य में किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने की इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हुई। रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर और उनके प्रोडक्शन पार्टनर रितेश सिधवानी को किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे दोनों पक्ष मिलकर चुनते। हालांकि, सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव तुरंत ठुकरा दिया गया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि फरहान अख्तर और उनकी बहन जोया अख्तर फिलहाल रणवीर के साथ दोबारा काम करने के इच्छुक नहीं हैं।

जैकलीन पर पीएमएलए केस में आरोप होंगे तय

मुंबई। 200 करोड़ रुपए की कथित उगाही और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा कि आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है। कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर, लीना मारिया पॉल, जैकलीन फर्नांडिस समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में चार्ज फ्रेम करने का आदेश दिया है। एएनआई के मुताबिक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत संदेह बनता है। इसलिए उनके खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत आरोप तय किए जाने चाहिए, जिसकी सजा धारा 4 में निर्धारित है।

कोर्ट – पर्याप्त सबूत, सुकेश-लीना समेत 17 लोगों पर चार्ज फ्रेम होंगे

कोर्ट ने आरोपों पर औपचारिक हस्ताक्षर के लिए मामले को 3 जून को सूचीबद्ध किया है। सभी आरोपियों को दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला व्यवसायी अदिति सिंह से कथित 200 करोड़ रुपए की उगाही से जुड़ा है।

ऐश्वर्या 20 साल से देश का नाम कर रहीं रोशन : माधुरी

मुंबई। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग और बॉडी शेमिंग पर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने आपत्ति जताई है। न्यूज एजेंसी ढळक से बातचीत में माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या एक ग्लोबल स्टार हैं और उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड के रूप में देश का नाम रोशन किया है।

किसी भी महिला की कामयाबी को उसके वजन, ड्रेस साइज या उम्र से नहीं आंका जा सकता। इस मौके पर माधुरी के साथ मौजूद एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने भी ऐश्वर्या राय और अनन्या पांडे का सपोर्ट किया है। माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय फिल्म 'देवदास' में साथ काम कर चुकी हैं। माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने सुपरहिट फिल्म

'देवदास' में साथ काम किया था। माधुरी ने महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के बजाय सिर्फ बाहरी लुक के आधार पर जज करने की संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'जब आप इस तरह के कमेंट करते हैं, तो आज के युवाओं को क्या मैसेज दे रहे हैं? यही कि आपकी वैल्यू इस बात पर है कि आप कैसे दिखते हैं, न कि आपकी अचीवमेंट्स पर। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से गलत मैसेज है।' माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या

कांस में ऐश्वर्या की बॉडी शेमिंग पर बोलीं माधुरी दीक्षित: वजन बढ़ने से कामयाबी कम नहीं होती

अंदर से भी उतनी ही खूबसूरत हैं जितनी बाहर से दिखती हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय के लुक को लेकर उन्हें ट्रोल किया गया था। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय के लुक को लेकर उन्हें ट्रोल किया गया था। माधुरी की आने वाली फिल्म 'मां बहन' की को-स्टार तृप्ति डिमरी ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com